दैनिक
लखनऊ से प्रकाशित एवं उ.प्र., बिहार, झारखण्ड, मध्यप्रदेश, राजस्थान, दिल्ली में प्रसारित
RNI-UPHIN/2014/58471



# अमन लेखनी



हिप-हिप हुर्रे... | ये वर्ड गेम्स पजल एक्टिविटीज

वर्ष : 12 | अंक : 169 | लखनऊ, 13 जून, शनिवार 2026 | पृष्ठ : 08 | मूल्य : 2.00 रुपए

पीएम बोले- 12 वर्षों में महिला विकास को दिया बढ़ावा

# विज्ञान, अंतरिक्ष और नवाचार में बढ़ रही महिलाओं की भागीदारी

पीएम मोदी ने कहा कि वित्तीय समावेशन, उद्यमिता, शिक्षा, स्वास्थ्य सेवा, स्वच्छता, आवास, खेल, विज्ञान और शासन जैसे क्षेत्रों में महिलाएं महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही हैं। पीएम मोदी ने कहा कि भारत की नारी शक्ति राष्ट्र निर्माण की आधारशिला है। अपनी प्रतिभा, परिश्रम और कौशल से हर क्षेत्र में भारत का गौरव बढ़ा रही हैं

अमन लेखनी समाचार/ नई दिल्ली,

पीएम नरेंद्र मोदी ने कहा है कि पिछले 12 वर्षों में केंद्र सरकार द्वारा महिला नेतृत्व वाले विकास को बढ़ावा देने के लिए किए गए प्रयासों का प्रभाव विभिन्न क्षेत्रों में स्पष्ट रूप से दिखाई दे रहा है। उन्होंने कहा कि वित्तीय समावेशन, उद्यमिता, शिक्षा, स्वास्थ्य सेवा, स्वच्छता, आवास, खेल, विज्ञान और शासन जैसे क्षेत्रों में महिलाएं महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही हैं। पीएम मोदी ने कहा कि भारत की नारी शक्ति राष्ट्र निर्माण की आधारशिला है। उन्होंने कहा कि देश की माताएं, बहनें और बेटियां अपनी प्रतिभा, परिश्रम और कौशल से हर क्षेत्र में भारत का गौरव बढ़ा रही हैं।

ड्रोन प्रौद्योगिकी जैसे उभरते क्षेत्रों में महिलाओं के लिए नए अवसर

नारी शक्ति राष्ट्र निर्माण की आधारशिला



## महिला स्वयं सहायता समूहों को मिल रहा सक्रिय समर्थन

### महिला सशक्तिकरण सरकार की प्राथमिकता

पीएम मोदी ने कहा कि सरकार के सभी प्रयास गरिमा, अवसर और सशक्तिकरण के सिद्धांतों पर आधारित हैं। इन पहलों ने ऐसा वातावरण तैयार करने में मदद की है, जहां महिलाएं अपनी पूरी क्षमता का उपयोग कर सकें और राष्ट्र निर्माण में अधिक प्रभावी योगदान दे सकें। उन्होंने 12 वर्षों में नारी शक्ति का उल्लेख करते हुए महिला सशक्तिकरण को सरकार की प्राथमिकता बताया।

### नए क्षेत्रों में बढ़ी भागीदारी

पीएम ने विज्ञान, अंतरिक्ष और नवाचार जैसे क्षेत्रों में महिलाओं की बढ़ती उपलब्धियों पर प्रसन्नता व्यक्त की। उन्होंने कहा कि ड्रोन प्रौद्योगिकी जैसे उभरते क्षेत्रों में महिलाओं की बढ़ती भागीदारी नए अवसरों के द्वार खोल रही है और देश के विकास परिदृश्य को नई दिशा दे रही है। सरकार स्वयं सहायता समूहों को सक्रिय रूप से समर्थन दे रही है। ये समूह महिलाओं को आर्थिक रूप से आत्मनिर्भर बना रहे।

### महिलाओं को सम्मान दिया

केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने कहा कि मोदी सरकार का 'विमेन-लेड डेवलपमेंट' मॉडल नारी



शक्ति के सम्मान, सुरक्षा और सशक्तिकरण का नया अध्याय लिख रहा है। 'बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ' अभियान से लेकर उज्ज्वला योजना के तहत 10 करोड़ से अधिक गैस कनेक्शन और 12 करोड़ से अधिक शौचालयों के निर्माण तक महिलाओं के सम्मान और सुविधा को सर्वोच्च प्राथमिकता दी गई है।

### रक्षा क्षेत्र में आगे आईं महिलाएंः राजनाथ सिंह

राजनाथ सिंह ने रक्षा क्षेत्र में महिलाओं के बढ़ते योगदान का उल्लेख करते हुए कहा कि



महिलाएं परिचालन, रणनीतिक और नेतृत्वकारी भूमिकाओं में महत्वपूर्ण योगदान दे रही हैं, जिससे सशस्त्र बलों और देश की सुरक्षा को मजबूती मिल रही है। वर्ष 2014 में सेना में महिलाओं की संख्या लगभग 3,000 थी, जो 2025 तक बढ़कर 11,000 हो गई है।

## खबर संक्षेप

### तमिलनाडु में किसानों को 134.83 करोड़ दिए

**चेन्नई।** तमिलनाडु के सीएम सी. जोसेफ विजय ने राज्य में धान की खेती को बढ़ावा देने के लिए



'कुरुवई विशेष पैकेज योजना 2026' की घोषणा की है। इस योजना पर 134.83 करोड़ रुपए खर्च किए जाएंगे। इसका लाभ कावेरी डेल्टा और गैर-डेल्टा दोनों क्षेत्रों के किसानों को मिलेगा। राज्य में बड़े पैमाने पर धान की खेती होती है।

### खड़े ट्रक से टकराई कार, 4 लोगों की मौत

**उन्नाव।** उन्नाव जिले में गंगा एक्सप्रेसवे पर एक कार के खड़े ट्रक से टकरा जाने के कारण चार



लोगों की मौत हो गई। पुलिस के अनुसार, यह हादसा आसीवन थाना क्षेत्र में हुआ, जब तेज रफ्तार कार सड़क किनारे खड़े ट्रक से जा टकराई। कार में सवार दो लोगों की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि दो अन्य गंभीर रूप से घायल हो गए।

### दिल्ली में आग से परिवार के 3 लोगों की मौत

**नई दिल्ली।** दक्षिण-पूर्वी दिल्ली के गोविंदपुरी इलाके में पांच मंजिला आवासीय इमारत में आग लगने से



बोलने में अक्षम एक महिला समेत एक परिवार के तीन लोगों की मौत हो गई जबकि 70 वर्षीय महिला समेत दो अन्य गंभीर रूप से घायल हो गए। पुलिस ने बताया कि आशंका है कि आग शॉर्ट सर्किट के कारण लगी है।

### कोलकाता में खुला भारत का पहला एआई डेटा लैब

**कोलकाता।** टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज (टीसीएस) ने एआई की दुनिया में एक बड़ा कदम उठाया है।



टीसीएस ने टेक दिग्गज ओरेकल के साथ साझेदारी करते हुए कोलकाता के 'डेल्टा पार्क लॉड्र्स' में भारत का पहला ओरेकल एआई डेटा प्लेटफॉर्म लैब और सेंटर ऑफ एक्सीलेंस लॉन्च किया।

टीएमसी में असली-नकली की लड़ाई: बागी सांसद संसदीय समूह की मान्यता चाह रहे

# सोमवार को लोकसभा स्पीकर से मिलेंगे, डबल इंजन सरकार के साथ काम करने को तैयार

बागी सांसद बसुनिया ने बताया कि हम स्पीकर से हमारे दावे को मान्यता देने का आग्रह करेंगे। उन्होंने दावा किया कि 19 सांसदों ने ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए हैं। हस्ताक्षर इकट्ठा करने की प्रक्रिया 8 जून को शुरू हुई थी

राजकुमार सिंह चौहान ब्यूरो प्रमुख/ नई दिल्ली,

तृणमूल कांग्रेस (टीएमसी) में ममता बेनर्जी के लिए स्थिति काफी मुश्किल हो गई है, क्योंकि ममता बेनर्जी के बागी सांसदें ने लोकसभा स्पीकर ओम बिरला से मिलकर पार्टी के 'असली टीएमसी' संसदीय समूह के तौर पर मान्यता की मांग पाने की तैयारी शुरू कर दी है। कूचबिहार से सांसद जगदीश चंद्र बर्मा बसुनिया ने सोमवार को लोकसभा स्पीकर से मिलने की बात कही है और बागी सांसदों के समूह को असली टीएमसी होने का दावा किया है। बागी सांसद बसुनिया ने बताया कि हमने लोकसभा स्पीकर को पत्र सौंप दिया है। सोमवार को हम स्पीकर के पास जाएंगे और असली टीएमसी संसदीय समूह बनाने का अपना दावा पेश करेंगे। हम स्पीकर से हमारे दावे को मान्यता देने का आग्रह करेंगे। उन्होंने दावा किया कि 19 सांसदों ने ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए हैं। हस्ताक्षर इकट्ठा करने की प्रक्रिया 8 जून को शुरू हुई थी। उन्होंने कहा कि हम लोकसभा में एनडीए का समर्थन करेंगे। हालांकि, सूत्रों का कहना है कि स्पीकर के साथ प्रस्तावित बैठक का समय अभी तय नहीं हुआ है। 19 टीएमसी लोकसभा सांसदों के नाम और हस्ताक्षर वाली लिस्ट सामने आ चुकी है, हालांकि स्पीकर ओम बिरला को लिखा गया पत्र सार्वजनिक रूप से उपलब्ध नहीं कराया गया है और इसकी स्वतंत्र रूप

**19** सांसदों ने 'असली टीएमसी' दावे के ज्ञापन पर 18 मई को ही कर दिए थे हस्ताक्षर



जगदीश बसुनिया



ओम बिरला

### लोकसभा अध्यक्ष के पास जमा कराए नाम

वरिष्ठ नेताओं काकोली घोष दस्तिदार और शताब्दी रॉय सहित 19 अलग हुए सांसदों ने 18 मई को लोकसभा अध्यक्ष के कार्यालय में अपने नाम जमा कराए थे। इस सूची में शामिल हैं- बापी हलदार, डॉ. शर्मिला सरकार, प्रसून बंद्योपाध्याय, जगदीश बर्मा बसुनिया, असित कुमार माल, अरूप चक्रवर्ती, रचना बेनर्जी, सायोनी घोष, खलीलुर रहमान, अबू ताहेर खान, यूसुफ पठान, मिताली बाग, माला रॉय, कालिपदा सोरेन, दीपक अधिकारी, जून मालिया और पार्थ भौमिक।

### पार्टी को नए सिरे से खड़ा करेंगे

टीएमसी के बागी सांसद अरूप चक्रवर्ती ने दावा किया कि करीब 20



सांसद उनके गुट का समर्थन कर रहे हैं। उनका गुट टीएमसी को नए रूप में फिर से खड़ा करना चाहता है और राज्य तथा केंद्र के बीच 'डबल इंजन सरकार' के साथ काम करना चाहता है। हम टीएमसी को बचाना चाहते हैं। हमारे चुने हुए प्रतिनिधि टीएमसी के साथ मिलकर एक नई पार्टी बनाएंगे। हम अपनी 20 सीटों के साथ अलग बैठना चाहते हैं। हम किसी की चापलूसी करने नहीं जा रहे हैं।

### अलग गुट बनाने का प्रावधान नहींः मोइत्रा



टीएमसी की सांसद महुआ मोइत्रा ने एक पोस्ट में लिखा कि गद्दार टीएमसी सांसदों को कानून का ज्ञान नहीं है। संविधान के 91वें संशोधन 2003 ने विभाजन/अलग गुट बनाने के प्रावधान को हटा दिया है। सांसदों की संख्या मायने नहीं रखती।

### दुश्मनी निभाओ, लेकिन मर्यादा मत लांघोः आजाद



टीएमसी सांसद कीर्ति आजाद ने एक्स पर लिखा कि आपको (निशिकांत दुबे) मेरा आशीर्वाद है। मेरा सिर्फ एक सुझाव है कि दुश्मनी उतनी ही निभाओ जिससे आपसी मतभेद व्यक्तिगत रंजिश में न बदलें। उन्होंने भाजपा की तरफ से चलाए जा रहे 'ऑपरेशन लोटस' की पुष्टि करने का दावा भी किया।

### ममता बेनर्जी के खिलाफ शिकायत दर्ज

#### चुनाव से पहले कथित सांप्रदायिक बयान देने का आरोप

पश्चिम बंगाल की पूर्व मुख्यमंत्री और तृणमूल कांग्रेस (टीएमसी) प्रमुख ममता बेनर्जी के खिलाफ शिकायत दर्ज की गई है। उन पर विधानसभा चुनाव से पहले कोलकाता में धरना मंच से कथित तौर पर सांप्रदायिक टिप्पणी करने का आरोप है। ममता बेनर्जी के खिलाफ नेताजी नगर थाने में शिकायत दर्ज की गई है। मामले में पुलिस ने जांच शुरू कर दी है। फिलहाल प्रकरण की जांच जारी है। शिकायतकर्ता तुषार कांति दास ने आरोप लगाया कि ये बयान भड़काऊ थे और इनसे सांप्रदायिक सौहार्द बिगड़ने का खतरा पैदा हो गया था। ममता बेनर्जी के खिलाफ यह दूसरी शिकायत है। इससे पहले वकील रिंकी चट्टोपाध्याय सिंह की शिकायत पर सिलीगुड़ी साइबर क्राइम पुलिस स्टेशन में ममता बेनर्जी के खिलाफ मई में एक एफआईआर दर्ज की थी।

ओडिशा सरकार का बड़ा फैसला



सीएम मोहन मांझी दो साल पूरे होने पर उपलब्धियों की जानकारी देते हुए

# केजी से लेकर पीजी तक की पढ़ाई पूरी तरह 'मुफ्त'

आर्थिक रूप से कमजोर परिवार को मिलेगा सहारा

अमन लेखनी समाचार/ नई दिल्ली,

ओडिशा सरकार ने शिक्षा के क्षेत्र में एक ऐसा फैसला लिया है, जो तमाम राज्यों के लिए भी एक उदाहरण बन सकता है।

ओडिशा के सीएम मोहन चरण माझी ने ऐलान किया है कि अब राज्य के सरकारी स्कूलों और कॉलेजों में किंडरगार्टन (केजी) से लेकर पोस्टग्रेजुएट (पीजी) स्तर तक की पढ़ाई बिल्कुल मुफ्त होगी। इस फैसले से राज्य के तमाम छात्रों को फायदा होगा और शिक्षा को लेकर जागरुकता भी आएगी। सबसे ज्यादा उन परिवारों को इसका लाभ मिलेगा, जिनके बच्चे पैसों की तंगी के चलते स्कूल या फिर कॉलेज नहीं जा पाते हैं।

### युवाओं का भविष्य मजबूत होगा

सीएम ने कहा कि इस योजना का मुख्य उद्देश्य शिक्षा को हर वर्ग तक पहुंचाना और आर्थिक कारणों से पढ़ाई छोड़ने की समस्या को कम करना है। फैसले से राज्य के सभी छात्रों को फायदा होगा, खासतौर पर उन लड़कियों और आर्थिक रूप से कमजोर परिवार के बच्चों को, जो स्कूल नहीं जा पाते हैं। शिक्षा पर होने वाले खर्च को कम करके अधिक से अधिक छात्रों को उच्च शिक्षा तक पहुंचने का अवसर मिलेगा। शिक्षा को पूरी तरह से मुफ्त बनाने और सभी के लिए आसान करने के लिए सरकार की तरफ से ये फैसला लिया गया है।

### केरलम में महिलाओं के लिए बस सफर मुफ्त

केरलम सरकार ने महिलाओं के लिए बस सफर मुफ्त करने का बड़ा फैसला लिया है। यह सुविधा 15 जून से पूरे राज्य में केएसआरटीसी की साधारण बसों में मिलेगी। परिवहन मंत्री सीपी जॉन ने बताया कि मुफ्त यात्रा के लिए महिलाओं को किसी विशेष कार्ड या सर्टिफिकेट की जरूरत नहीं होगी। सीएम वीडी सतीशन 15 जून को सुबह 8:30 बजे थंपानूर बस स्टेशन पर इस योजना का उद्घाटन करेंगे। उद्घाटन के समय बस को चलाने और संभालने का पूरा काम महिला कर्मचारी ही करेंगी। ग्रामीण इलाकों की 'ग्रामवंडी' सेवा में भी महिलाएं मुफ्त सफर कर सकेंगी।

कूरियर कंपनी ने गुमा दिए थे दस्तावेज

## तेलंगाना में भैंस की मौत के 10 साल बाद मिला बीमा का पैसा

अमन लेखनी समाचार/ नई दिल्ली,

तेलंगाना में एक किसान को एक दशक बाद बीमा कंपनी से भैंस की मौत के बाद बीमा की राशि मिली है। तेलंगाना राज्य उपभोक्ता विवाद निवारण आयोग ने किसान को 80,000 भुगतान करने का आदेश दिया है। यह मामला वारंगल जिले के रामावरम गांव के रहने वाले किसान जे रजनी कुमार का है, उनकी भैंस, जिनका बीमा उन्होंने करवा रखा था, वह फरवरी 2016 में मर गई। बाद में पोस्टमार्टम में मौत का कारण गंभीर हेपेटाइटिस पता चला। उसके



डाक्यूमेंट कथित तौर पर कूरियर ट्रांसपोर्टेशन के दौरान खो गए थे। आयोग ने एक पूर्व आदेश के खिलाफ ओरिएंटल इंश्योरेंस कंपनी द्वारा दायर अपील की सुनवाई की। आयोग ने कहा कि मामले में उचित प्रक्रिया का पालन किया गया और शिकायतकर्ता मुआवजे को प्राप्त करने का हकदार है।

तीन संसदीय समितियों की बैठक

## वित्त, कॉरपोरेट कानून और ऊर्जा पर हुआ गहन 'मंथन'

अमन लेखनी समाचार/ नई दिल्ली,

कॉर्पोरेट कानून (संशोधन) विधेयक, वित्त और ऊर्जा क्षेत्र पर ध्यान केंद्रित करते हुए, शुक्रवार को नई दिल्ली में तीन महत्वपूर्ण संसदीय समिति की बैठकें हुईं। तीनों समितियां अपने-अपने क्षेत्रों में नीतियों और विधायी सुधारों को आकार देने के उद्देश्य से विस्तृत चर्चाओं और विचार-विमर्श में सक्रिय रूप से लगी हुई हैं। कॉर्पोरेट कानून (संशोधन) विधेयक, 2026 पर संयुक्त समिति की बैठक हुई। बैठक में समिति के सदस्य सुधीर



गुप्ता, संजय के झा और मगुंटा एस रेड्डी ने भाग लिया। ऊर्जा संबंधी स्थायी समिति की बैठक के एजेंडे में विद्युत मंत्रालय और उत्तर पूर्वी विद्युत निगम लि. (एनईईपीको) के प्रतिनिधियों ने भाग लिया। वित्त संबंधी समिति के सत्र में प्रतिभूति बाजार संहिता, 2025 विधेयक पर आंतरिक विचार-विमर्श किया गया।

## 200 कलाकारों ने बिखरे लोकसंस्कृति के रंग



### छाया उत्तराखंड का चोलिया नृत्य

**शिमला।** हिमाचल प्रदेश की समृद्ध लोक संस्कृति और कला का अंतरराष्ट्रीय शिमला ग्रीष्मोत्सव-2026 का 12 जून को समापन हुआ। 8 जून से 12 जून 2026 तक आयोजित हुए उत्सव में प्रदेश के विभिन्न जिलों से लगभग 200 कलाकार ने अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। शिमला के ऐतिहासिक रिज मैदान और माल रोड पर हुए इस सांस्कृतिक महोत्सव में उत्तराखंड का चोलिया नृत्य पेश करते कलाकार।

## पुरानी रंजिश को लेकर दो सगे भाइयों के साथ मारपीट का आरोप, रिपोर्ट दर्ज

अमन लेखनी समाचार

लखनऊ। बंथरा थाना क्षेत्र में पुरानी रंजिश को लेकर बीते दिनों चार लोगों द्वारा दो सगे भाइयों के साथ मारपीट किए जाने का मामला सामने आया है। इस मामले में बंथरा के खाण्डेदेव स्थित लीला खेड़ा निवासी राजकुमार ने गांव के ही बाल गोविंद, प्रकाश, कमलेश और उदयभान के खिलाफ बंथरा थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई है। पीड़ित राजकुमार यादव के मुताबिक 31 मई की शाम करीब छह बजे वह नहर किनारे स्थित अपनी दुकान के पास मौजूद था। आरोप है कि तभी बाल गोविंद, प्रकाश, कमलेश और उदयभान ने पुरानी बात को लेकर उसे गालियां देते हुए उस पर लाठी-डंडों से हमला कर दिया। इसी दौरान राज कुमार के बड़े भाई विजय यादव वहां पहुंच गए तो आरोपियों ने उनके साथ भी मारपीट की। इस घटना में दोनों भाई चोटिल हो गए और उन्होंने डायल-112 पर इसकी सूचना दी। फिलहाल पीड़ित की तहरीर पर पुलिस रिपोर्ट दर्ज कर मामले की जांच कर रही है।

## सरोजनीनगर : भारत का उभरता नया लाइफस्टाइल कैपिटल - डा. राजेश्वर सिंह

### डा॰ राजेश्वर सिंह के नेतृत्व में विकास और सांस्कृतिक गतिविधियों का केंद्र बना सरोजनीनगर

अमन लेखनी समाचार

सरोजनीनगर लखनऊ। सरोजनीनगर विधानसभा क्षेत्र आज विकास, आधुनिक जीवनशैली, खेल, संस्कृति और मनोरंजन का एक सशक्त केंद्र बनकर उभर रहा है। विधायक डॉ. राजेश्वर सिंह के नेतृत्व में क्षेत्र में ऐसी अनेक पहलें और परियोजनाएं साकार हुई हैं, जिन्होंने सरोजनीनगर को केवल एक आवासीय क्षेत्र नहीं बल्कि युवाओं, परिवारों, खिलाड़ियों, कलाकारों और पर्यटकों के लिए आकर्षण का केंद्र बना दिया है। खेलों के क्षेत्र में भारत रत्न अटल बिहारी वाजपेयी इकाना क्रिकेट स्टेडियम ने सरोजनीनगर को राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय पहचान दिलाई है। आईपीएल एवं अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट मुकाबलों के आयोजन से क्षेत्र में खेल संस्कृति को नई ऊर्जा मिली है। वहीं, अवध इंडोर स्पोर्ट्स एंड रिजॉर्ट सेंटर जैसे आधुनिक खेल परिसरों ने युवाओं को बैडमिंटन, टेबल टेनिस, फिटनेस और अन्य खेल गतिविधियों के लिए उत्कृष्ट सुविधाएं उपलब्ध कराई हैं। मनोरंजन और आधुनिक जीवनशैली के क्षेत्र में फीनिक्स यूनाइटेड मॉल, फीनिक्स पलासियो, एमराल्ड मॉल, लुलु मॉल तथा अन्य आधुनिक व्यावसायिक केंद्रों ने सरोजनीनगर को प्रदेश के प्रमुख रिटेल और मनोरंजन गंतव्यों में स्थापित किया है। इन केंद्रों ने स्थानीय अर्थव्यवस्था, रोजगार और नागरिक सुविधाओं को भी नई गति प्रदान की है। युवाओं को सकारात्मक दिशा देने के उद्देश्य से आयोजित 'युवा उत्सव' ने सरोजनीनगर को सांस्कृतिक और मनोरंजन गतिविधियों का प्रमुख केंद्र बनाया है। प्रसिद्ध कलाकार यो यो हनी सिंह की प्रस्तुति वाले कार्यक्रम में 35 हजार से अधिक युवाओं ने भाग लिया। इस आयोजन के माध्यम से युवाओं को "Say No



To Drugs" का संदेश देते हुए मनोरंजन को सामाजिक जागरूकता से जोड़ा गया। धार्मिक और सांस्कृतिक चेतना को सशक्त बनाने के लिए आयोजित ह्यधर्म उत्सवह्व में सुप्रसिद्ध भजन गायक कन्हैया मित्तल की प्रस्तुति ने 15 हजार से अधिक श्रद्धालुओं को आध्यात्मिक अनुभूति प्रदान की। वहीं ह्यश्याम रथह्व पहल के माध्यम से धार्मिक पर्यटन और सांस्कृतिक आस्था को नई दिशा मिली। पर्यावरण संरक्षण और सामाजिक उत्तरदायित्व को बढ़ावा देने के लिए 'युवा उत्सव 2.0' के अंतर्गत नेट जीरो सरोजनीनगर 2040 अभियान का शुभारंभ किया गया। अभिनेता संजय दत्त की उपस्थिति में आयोजित इस कार्यक्रम में 20 हजार से अधिक लोगों ने पर्यावरण संरक्षण, जिम्मेदार मतदान और नशामुक्त समाज के निर्माण का संकल्प लिया। संस्कृति, साहित्य और राष्ट्रभक्ति को बढ़ावा देने के लिए 'तेरी मिट्टी - तिरंगायात्रा' कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसमें प्रसिद्ध कवि एवं गीतकार मनोज मुंतशिर तथा लोकगायिका मालिनी अवस्थी ने भाग लिया। इसके अतिरिक्त कवयित्री अनामिका जैन अम्बर सहित अनेक साहित्यकारों एवं कलाकारों के कार्यक्रमों ने भारतीय संस्कृति, लोक परंपराओं और विरासत को नई पहचान दी। अवध शिल्प ग्राम, स्मृति उपवन तथा अन्य सांस्कृतिक स्थलों के माध्यम से स्थानीय कला, हस्तशिल्प और सांस्कृतिक धरोहर के संरक्षण एवं संवर्धन का कार्य भी निरंतर जारी है। डॉ. राजेश्वर सिंह ने कहा कि सरोजनीनगर का विकास केवल आधारभूत संरचना तक सीमित नहीं है, बल्कि इसका उद्देश्य एक ऐसा आधुनिक, समृद्ध, सांस्कृतिक रूप से जागरूक और अवसरों से परिपूर्ण समाज निर्मित करना है, जहां खेल, संस्कृति, पर्यावरण, मनोरंजन और रोजगार के नए आयाम स्थापित हों। उन्होंने कहा कि आने वाले वर्षों में सरोजनीनगर को उत्तर प्रदेश के सबसे विकसित, जीवंत और आकर्षक क्षेत्रों में शामिल करने का संकल्प निरंतर आगे बढ़ रहा है। सरोजनीनगर आज विकास, संस्कृति, खेल, मनोरंजन और आधुनिक जीवनशैली के समन्वय का एक सफल मॉडल बनकर प्रदेश के सामने नई पहचान स्थापित कर रहा है।

## तेज रफ्तार ट्रक द्वारा कार में टक्कर मारने के साथ जान से मारने के प्रयास का आरोप

अमन लेखनी समाचार

सरोजनीनगर लखनऊ। बंथरा थाना क्षेत्र में एक तेज रफ्तार ट्रक द्वारा कार में टक्कर मारने के साथ जान से मारने के प्रयास की कार चालक ने रिपोर्ट दर्ज कराई है। डॉ. नीरज दुबे नामक कार चालक के मुताबिक वह अपनी अल्टो-800 कार से गुरुवार को लखनऊ से कानपुर जा रहे थे। आरोप है कि इसी दौरान पीछे से आ रहे ट्रक (यूपी-92-एटी-0209) ने उनकी कार में जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर लगने के बाद कार सड़क पर घूमकर ट्रक के नीचे फंस गई, लेकिन आरोप है कि इसके बावजूद ट्रक चालक वाहन को करीब 50 से 100 फीट तक घसीटता रहा। पीड़ित का आरोप है कि फुटपाथ के एक हिस्से से टकराने के बाद ट्रक रुका, जिससे कार में सवार लोगों की जान बच सकी। घटना के बाद चालक मौके से फरार हो गया। किसी तरह स्थानीय लोगों की मदद से कार को तोड़कर बच्चों और साथी अखिलेश कुमार को बाहर निकाला गया। पीड़ित ने ट्रक चालक पर नशे की हालत में वाहन चलाने, जान से मारने का प्रयास करने और दुर्घटना के बाद फरार होने का आरोप लगाया है। उसका कहना है कि बाद में ट्रक मालिक और अन्य लोगों द्वारा समझौते का दबाव बनाने के साथ जान से मारने की धमकी भी दी गई। फिलहाल पुलिस ने तहरीर के आधार पर रिपोर्ट दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है।

## लखनऊ एयरपोर्ट पर विमान में बम होने होने की सूचना से मचा हड़कंप

अमन लेखनी समाचार

सरोजनीनगर लखनऊ। चौधरी चरण सिंह अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे पर शुक्रवार सुबह उस समय हड़कंप मच गया, जब लखनऊ से दिल्ली जाने वाली इंडिगो की उड़ान (6ई-2111) में बम होने की सूचना मिली। एयरपोर्ट सूत्रों के मुताबिक यह विमान सुबह करीब 10 बजे अहमदाबाद से लखनऊ पहुंचा था और इसे यहां से दिल्ली जाना था। लखनऊ एयरपोर्ट पर रुकने के बाद यह विमान सुबह करीब 10:45 बजे चौधरी चरण सिंह एयरपोर्ट पर उड़ान भरने के लिए तैयार था और उसमें करीब 180 यात्री सवार हो चुके थे। एयरपोर्ट सूत्रों ने बताया कि इसी दौरान विमान के टॉयलेट में एक टिशू पेपर पर विमान में बम होना लिखा मिला। इसकी जानकारी मिलते ही पायलट ने आनन-फानन एयर ट्रैफिक कंट्रोल (एटीसी) को इससे अवगत कराया। वहीं इसकी जानकारी विमान में सवार यात्रियों को हुई तो उनमें दहशत फैल गई। बाद में एयरपोर्ट प्रशासन ने तुरंत बम निरोधक दस्ता, डॉग स्क्वायड, फायर ब्रिगेड, मेडिकल टीम और अन्य सुरक्षा एजेंसियों को मौके पर बुलाया। मौके पर पहुंचे सुरक्षा कर्मियों ने विमान को चारों तरफ से घेर लिया और जाँच पड़ताल शुरू कर दी। इस दौरान विमान के अंदर सघन तलाशी लेने के साथ विमान में सवार यात्रियों के बैग आदि सामान बाहर निकाल कर उनकी सघन जांच की गई। साथ ही एक-एक करके सभी यात्रियों के भी तलाशी ली गई। वहीं कई घंटों तक चली तलाशी और जांच के दौरान कोई संदिग्ध



वस्तु या विस्फोटक सामग्री नहीं मिली। जांच के बाद अधिकारियों ने इसे किसी शरारती तत्व की फर्जी हरकत बताया। तब सुरक्षा जांच पूरी होने और विमान को सुरक्षित घोषित किए जाने के बाद यात्रियों ने राहत की सांस ली। बाद में करीब चार घंटे की देरी से उड़ान को अपराहन लगभग 2:40 बजे दिल्ली के लिए रवाना कर दिया गया। फिलहाल एयरपोर्ट प्रशासन द्वारा मामले की जाँच के आदेश दिए गए हैं।

## ज्वेलरी शॉप का शटर तोड़कर चोरी करने वाले तीन आरोपी गिरफ्तार, चोरी का माल बरामद

अमन लेखनी समाचार

सरोजनीनगर सरोजनीनगर लखनऊ। बिजनौर पुलिस ने बीते दिनों एक ज्वेलर्स दुकान में हुई चोरी के मामले में तीन आरोपियों को गिरफ्तार कर घटना का खुलासा कर दिया है। जबकि घटना में शामिल एक युवक अभी फरार है। पुलिस ने पकड़े गए चोरों के कब्जे से करीब पांच लाख रुपये कीमत के चोरी गए गहने बरामद किए हैं। वहीं पुलिस फरार आरोपी की तलाश कर रही है। बताते चलें कि बिजनौर के कमलापुर निवासी मनोज कुमार की बिजनौर - बंथरा रोड स्थित सीआरपीएफ ग्रुप केंद्र गेट नंबर - 3 के सामने लक्ष्मी ज्वेलर्स नामक सोने चांदी के गहनों की दुकान का शटर तोड़कर 1 जून की रात चोरी हुई थी। जिसमें मनोज ने करीब 10 किलो चांदी का सामान और 200 ग्राम सोने के समान सहित अंदर रखे करीब डेढ़ लाख रुपए की नगदी चोरी होने की बात कही थी। इस मामले में मनोज कुमार ने 2



जून को बिजनौर थाने में अज्ञात चोरों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई थी। पुलिस का कहना है की रिपोर्ट दर्ज कर पुलिस उपायुक्त दक्षिणी के निर्देशन में तीन टीमों का गठन किया गया था। जिसमें जांच के दौरान पुलिस ने करीब 100 से 150 सीसीटीवी फुटेज और अन्य इलेक्ट्रॉनिक साक्ष्य खंगाले। इसके बाद पुलिस ने आरोपियों की पहचान कर मुखबिर की सूचना पर गुरुवार सुबह करीब 6:45 बजे किसान पथ स्थित नटकुर अंडरपास के पास सर्विस रोड से तीन युवकों को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस पूछताछ में तीनों ने अपना नाम मूल रूप से नगराम के आदमपुर व बाजार खाला के संजय नगर निवासी प्रियांशु उर्फ दीपांशु (20), मूल रूप से बहराइच के कोतवाली शहर स्थित काजीपुरा मोहल्ला व वर्तमान में पारा थाना क्षेत्र के जलालपुर फाटक के पास चक्की वाली गली में किराए पर रहने वाले अमन (22) और बाजार खाला के दरियापुर व वर्तमान में पारा स्थित जलालपुर फाटक के पास चक्की वाली गली में किराए पर रहने वाला निलोफर उर्फ गिट्टा उर्फ गीता (23) बताया। उन्होंने बताया कि उनका एक साथी बाराबंकी के गणेशपुर निवासी आकाश पांडे उर्फ सूरज भी इस घटना में शामिल था, जो फरार है। पुलिस पूछताछ में तीनों ने बताया कि वे बंद पड़ी दुकानों की रेकी करने के बाद शटर काटकर या तोड़कर चोरी की घटनाओं को अंजाम देते थे। चोरी के बाद सुनसान स्थान पर सामान का बंटवारा कर अलग-अलग हो जाते थे। पुलिस ने पकड़े गए तीनों चोरों के कब्जे से एक नाक की नथ, ओम अंकित लॉकेट, एक चूड़ी, तीन सोने की चेन, एक जोड़ी पायजेब, 10 जोड़ी घुंघरूदार पायल, तीन चांदी की चेन, 12 नगदार अंगूठियां और 19 नग बिछिया सहित काफी मात्रा में चोरी के गहने और एक स्कूटी बरामद की है। पुलिस का कहना है कि तीनों शातिर चोर हैं। इसमें से अमन के खिलाफ अलीगंज, बक्शी का तालाब, चिनहट, जानकीपुरम, हसनगंज, हजरतगंज, इटौंजा, कृष्णा नगर, मड़ियांव और दुबग्गा थानों में कई मामले दर्ज हैं। जबकि प्रियांशु के खिलाफ अलीगंज, हजरतगंज और कृष्णा नगर में, वहीं नीलोफर के खिलाफ बाजार खाला, इंदिरा नगर, कृष्णा नगर, तालकटोरा, अलीगंज, बंथरा, बक्शी का तालाब, हसनगंज, मड़ियांव, सरोजनी नगर और दुबग्गा थाने में कई मामले दर्ज हैं। फिलहाल पुलिस ने तीनों के खिलाफ कार्रवाई करते हुए गुरुवार को उन्हें जेल भेज दिया है। जबकि उनके फरार साथी की तलाश कर रही है।, गिरफ्तार करने वाली टीम बिजनौर थाना प्रभारी निरीक्षक कपिल गौतम, उप निरीक्षक प्रशान्त सिंह, उप निरीक्षक गजय सिंह, उप निरीक्षक आराधना वर्मा, के साथ साथ थाना कृष्णानगर मे तैनात उप निरीक्षक अंकित बालियान की विशेष भूमिका रही।

## बृजेश पाठक और आनंद द्विवेदी ने किया प्रबुद्ध जनों से संवाद

### गीतापल्ली कॉलोनी में भाजपा का विशेष जनसंपर्क अभियान

अमन लेखनी समाचार

**लखनऊ।** भारतीय जनता पार्टी लखनऊ महानगर द्वारा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व वाली केंद्र सरकार के सफल 12 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में चलाए जा रहे विशेष जनसंपर्क अभियान के अंतर्गत शुक्रवार को कैंट विधानसभा स्थित कैंट मंडल एक की गीतापल्ली कॉलोनी में व्यापक जनसंपर्क कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस दौरान उपमुख्यमंत्री बृजेश पाठक एवं भाजपा लखनऊ महानगर अध्यक्ष आनंद द्विवेदी ने प्रबुद्ध जनों से भेंट कर केंद्र सरकार की जनकल्याणकारी एवं विकासपरक योजनाओं की जानकारी साझा की तथा 12 वर्षों की उपलब्धियों से संबंधित पत्रक वितरित किए।



उपमुख्यमंत्री बृजेश पाठक ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देश ने विकास, सुशासन और जनकल्याण के नए आयाम स्थापित किए हैं। गरीब कल्याण, महिला सशक्तिकरण, युवाओं के लिए रोजगार के अवसर, किसानों के हितों की रक्षा तथा देश की सुरक्षा को मजबूत करने की दिशा में ऐतिहासिक कार्य किए गए हैं। उन्होंने कहा कि सरकार की योजनाओं का लाभ समाज के अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाना भाजपा कार्यकर्ताओं की प्राथमिकता है। भाजपा लखनऊ महानगर अध्यक्ष आनंद द्विवेदी ने कहा कि पिछले 12 वर्षों में केंद्र सरकार ने सेवा, सुशासन और गरीब कल्याण के संकल्प को धरातल पर उतारने का कार्य किया है। उन्होंने कहा कि जनसंपर्क अभियान के माध्यम से पार्टी कार्यकर्ता घर-घर जाकर सरकार की उपलब्धियों को जन-जन तक पहुंचा रहे हैं तथा नागरिकों से संवाद स्थापित कर उनके सुझाव भी प्राप्त कर रहे हैं।

जनसंपर्क अभियान के दौरान विद्यालय प्रबंधक केके शुक्ला, अधिवक्ता भूपेंद्र सिंह, सेवा निवृत्त इंटेलिजेंस अधिकारी अशोक कुमार तिवारी, व्यवसायी विजय, सेवा निवृत्त उपलेखाधिकारी आरएस राय एवं सेवा निवृत्त डिप्टी सेक्रेटरी सूर्य प्रसाद यादव के आवास पर पहुंचकर उन्हें केंद्र सरकार के 12 वर्षों के विकास कार्यों से संबंधित पत्रक प्रदान किए गए और विभिन्न जनहितकारी योजनाओं की विस्तृत जानकारी दी गई। भाजपा लखनऊ महानगर के मीडिया प्रभारी अनुराग साहू ने बताया कि अभियान में महानगर उपाध्यक्ष विनायक पांडेय, कैंट मंडल अध्यक्ष राजन वर्मा, पार्षद प्रतिनिधि आदर्श मिश्रा, पार्षद सुधीर मिश्रा, पीयूष दिवान, प्रदीप तिवारी, महामंत्री प्रशांत मिश्रा, उपाध्यक्ष मनोज श्रीवास्तव, मोहित कपूर, अनूप तिवारी, सुनील बाजपेई, प्रद्योत शुक्ला सहित बड़ी संख्या में भाजपा पदाधिकारी एवं कार्यकर्ताओं ने सहभागिता करते हुए प्रबुद्ध जनों से जनसंपर्क किया।

## संगठन ही शक्ति है और निरंतर संवाद ही उसकी सफलता का आधार

लखनऊ। भाजपा महानगर कार्यालय में आयोजित मासिक संगठनात्मक बैठक की अध्यक्षता भाजपा लखनऊ महानगर अध्यक्ष आनंद द्विवेदी ने की। बैठक में संगठन के आगामी कार्यक्रमों, जनसंपर्क अभियानों एवं विभिन्न संगठनात्मक गतिविधियों को लेकर विस्तृत चर्चा एवं विचार-विमर्श किया गया। भाजपा लखनऊ महानगर अध्यक्ष आनंद द्विवेदी ने बैठक में कहा कि संगठन को और अधिक सशक्त, सक्रिय एवं जनहितकारी बनाने के उद्देश्य से महत्वपूर्ण विषयों पर मंथन हुआ और आगामी कार्ययोजनाओं की रूपरेखा निर्धारित की गई। कार्यकर्ताओं के समर्पण, अनुशासन और सतत जनसंपर्क के माध्यम से संगठन को समाज के अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाने का संकल्प दोहराया गया। बैठक में भाजपा लखनऊ महानगर के पदाधिकारीगण उपस्थित रहें।

## भाजपा राज में महंगाई और भ्रष्टाचार बढ़ा

अमन लेखनी समाचार

**लखनऊ।** सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव ने शुक्रवार को सोरों गेट, कासगंज में उर्मिला गार्डेन का उद्घाटन किया तथा आयोजित सभा को सम्बोधित किया। उन्होंने कहा कि सपा ने कासगंज के विकास के लिए हमेशा काम किया है। समाजवादी सरकार में सबसे बड़ा बिजली कारखाना एटा में लगा। सड़के बनी। उन्होंने कहा कि भाजपा राज में महंगाई, भ्रष्टाचार बढ़ा है। किसान दुःखी है। इस अवसर पर पूर्व संसद कुंवर देवेंद्र सिंह उपस्थित थे।



उन्होंने कहा कि भाजपा राज में मिलावटी पेट्रोल मिल रहा है। विशेषज्ञों की राय एंथेनाल मिले पेट्रोल के पक्ष में नही है। भाजपाई महंगाई की वजह के पीछे वैश्विक कारण बताते हैं। भाजपा सरकार 12 साल से सरकार में है। उनकी विदेश नीति भी फेल हो चुकी है। बड़े देशों का दबाव है। अर्थव्यवस्था डांवाडोल है। भाजपा सरकार में प्राइमरी स्कूल बंद हो रहे हैं। शराब की दुकानें खुल रही है। अखिलेश यादव ने कहा कि भाजपाई गाय के नाम पर वोट लेना चाहते है। हम गाय की सेवा को प्राथमिकता देते है। डिवाइडर पर सांड बैठे मिलते हैं। अन्ना पशुओं से फसल चौपट हो रही है। उन्होंने कहा बंगाल के चुनाव में खुली बेईमानी हुई है। भाजपा बाबा साहब के संविधान को नहीं मानती है। उसकी चली तो देश में चुनाव ही नहीं होंगे। भाजपा ने महिलाओं के आरक्षण में भी खेल किया है। वह लोकसभा अपने हिसाब से बनाना चाहती है। उन्होंने कहा कि पंचायत और विधानसभा की मतदाता सूची देखने से भाजपा की पोल पट्टी खुल जाएगी। भाजपाई वोट कटवाने चले थे, उन्हीं के वोट कट गए। उन्होंने कहा कि कासगंज में उर्मिला गार्डेन के उद्घाटन से दो फायदे हुए है। एक तो अगले सम्मेलन के लिए गेस्ट हाउस फ्री मिल जाएगा। इतने बड़े स्थान के लिए पैसा नहीं देना होगा। दूसरा यहां युवा सम्मेलन करूंगा। जिससे अच्छे और नये कार्यकर्ताओं से भी मुलाकात होगी। कार्यक्रम में सलीम शेरवानी पूर्व केन्द्रीय मंत्री, विजेन्द्र सिंह पूर्व सांसद, मानपाल सिंह पूर्व मंत्री, नादिरा सुल्तान विधायक, जीनत खान पूर्व पूर्व विधायक, वीरेंदर सिंह सोलंकी पूर्व विधायक, विक्रय यादव जिलाध्यक्ष, अविनाश, चाहत मियां, सोनू भंडारी, सोबरन सिंह बघेल, ब्लाक प्रमुख कासगंज, हफीज गांधी, फारूख राज, जाहिदा सुल्तान, परवेन्द्र आदि की उपस्थित उल्लेखनीय रही।

## दो बाइकों की आमने-सामने टक्कर, एक युवक ट्रॉमा सेंटर रेफर

अमन लेखनी समाचार

लखनऊ। रहीमाबाद थाना क्षेत्र में शुक्रवार रात दो बाइकों की आमने-सामने हुई टक्कर में दोनों चालक गंभीर रूप से घायल हो गए। सूचना पर पहुंची पुलिस ने घायलों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र मलिहाबाद पहुंचाया, जहां एक की हालत गंभीर होने पर उसे ट्रॉमा सेंटर रेफर कर दिया गया।

जानकारी के अनुसार, ग्राम बंजारन खेड़ा निवासी आरिफ उर्फ शकील (25) शुक्रवार शाम करीब साढ़े आठ बजे रहीमाबाद की साप्ताहिक बाजार से सब्जी खरीदकर अपने घर लौट रहे थे। इसी दौरान शेरनगर गांव के पास उनकी बाइक की दूसरी बाइक से जोरदार भिड़ंत हो गई।



घायल अवस्था में युवक

हादसे में आरिफ उर्फ शकील के साथ दूसरी बाइक सवार विमल, निवासी ग्राम नरसा, थाना औरास, जनपद उन्नाव, भी गंभीर रूप से घायल हो गए। दुर्घटना के बाद मौके पर लोगों की भीड़ जुट गई। राहगीरों की सूचना पर पहुंची रहीमाबाद पुलिस ने दोनों घायलों को तत्काल मलिहाबाद सीएचसी भेजा।

चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार के बाद आरिफ की हालत गंभीर देखते हुए उन्हें ट्रॉमा सेंटर रेफर कर दिया, जबकि विमल का उपचार सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में जारी है।

स्थानीय लोगों के अनुसार, हादसे के समय दोनों बाइक चालकों ने हेलमेट नहीं पहन रखा था, जिसके कारण उन्हें गंभीर चोटें आईं। इस संबंध में रहीमाबाद इंस्पेक्टर अरुण कुमार त्रिगुणायक ने बताया कि दुर्घटना में घायल दोनों युवकों को उपचार के लिए अस्पताल भेजा गया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है

## दिल्ली का खराब मौसम होने के कारण अंतरराष्ट्रीय सहित तीन विमान लखनऊ एयरपोर्ट डायवर्ट

अमन लेखनी समाचार

सरोजनीनगर लखनऊ। बीती रात दिल्ली का मौसम अचानक खराब हो गया। जिसके कारण वहां विमान संचालन में दिक्कत पैदा हो गई। इसकी वजह से कई विमान दिल्ली एयरपोर्ट पर नहीं उतर सके। बल्कि उन्हें आसपास अन्य एयरपोर्ट के लिए डायवर्ट कर दिया गया। इसमें से दिल्ली के एक अंतरराष्ट्रीय सहित तीन विमान लखनऊ एयरपोर्ट डायवर्ट कर चौधरी चरण सिंह एयरपोर्ट पर उतारे गए। बाद में मौसम सही होने पर तीनों को गंतव्य रवाना कर दिया गया। एयरपोर्ट सूत्रों ने बताया कि मौसम खराब होने के कारण बैंकॉक से दिल्ली जा रही इंडिगो की उड़ान (6ई 1054) को रात में 12:18 बजे लखनऊ एयरपोर्ट पर उतारा गया। यह विमान दिल्ली का मौसम सही होने पर शुक्रवार सुबह 7:56 बजे लखनऊ से दिल्ली के लिए रवाना कर दिया गया। इसी तरह गुवाहाटी से दिल्ली जाने वाली इंडिगो की उड़ान( 6ई 6317) रात 12:25 बजे लखनऊ पहुंची। यह भी शुक्रवार तड़के 3:21 बजे लखनऊ से दिल्ली के लिए रवाना की गई। वहीं नागपुर से दिल्ली जा रही इंडिगो की उड़ान (6ई 6573) रात 12:42 पर लखनऊ पहुंची। इसे तड़के 3:12 बजे लखनऊ से दिल्ली के लिए रवाना किया गया। विमानों के डायवर्ट होने के कारण इनमें सवार यात्रियों को दिक्कत हुई और वह लेट लतीफ अपने गंतव्य पहुंच सके।

## विद्युत विभाग की मनमानी के कारण नहीं लग पा रहे सोलर पॉवर प्लांट

अमन लेखनी समाचार

लखनऊ। लखनऊ जनपद के नादरगंज पॉवर हाउस से संचालित केन्द्रों पर कर्मचारियों और अधिकारियों की मनमानी के चलते सोलर पॉवर प्लांट नहीं लग पा रहे हैं। जहां सरकार एक ओर पावर प्लांट लगाने के लिए सब्सिडी (छूट) प्रदान करती है जिससे ज्यादा से ज्यादा पॉवर प्लांट स्थापित हो सकें, वहीं अधिकारियों, कर्मचारियों की अकर्मण्यता के चलते सोलर पॉवर प्लांट लगाने वाले उपभोक्ता परेशान हैं, बनी पावर हाउस के अंतर्गत स्थापित हो रहे पॉवर प्लांट में 17 दिन पहले एन ओ सी प्रदान की गई थी लेकिन अभी तक मीटर नहीं लग पाया है। उपभोक्ता ने बताया कि अधिशाषी अभियंता, सहायक अभियंता तथा अवर अभियंता फोन तक नहीं उठाते हैं, बताया जाता है कि सरकार द्वारा तो आम नागरिकों को योजना का लाभ उठाने के लिए ये योजना चलाई जा रही है जिससे विद्युत केंद्रों का भार कम किया जा सके, लेकिन अधिकारियों की मनमानी के चलते इस योजना को पलीता लगाने का काम किया जा रहा है। एक तो विद्युत विभाग उपभोक्ताओं को ठीक से विजली नहीं उपलब्ध करा रहा है, वहीं जब उपभोक्ता सोलर पॉवर प्लांट स्थापित कर रहा है तो उसमें सहयोग करने की बजाय अवरोध उत्पन्न किया जा रहा है। उपभोक्ताओं का आरोप है कि सुविधा शुल्क लेने के बाद भी महीनों विद्युत मीटर लगाने के लिए टालते रहते हैं, जब सरकार की नाक के नीचे लखनऊ राजधानी का ये हाल है तो प्रदेश के अन्य जनपदों की क्या स्थिति होगी इसका सहज ही अंदाजा लगाया जा सकता है।

## प्रभारी मंत्री हंसराज विश्वकर्मा 13 एवं 14 जून को जनपद सोनभद्र के दौरे पर रहेंगे

सोनभद्र। उत्तर प्रदेश सरकार के लघु एवं सूक्ष्म उद्योग मंत्री एवं जनपद सोनभद्र के प्रभारी मंत्री हंसराज विश्वकर्मा 13 एवं 14 जून 2026 को जनपद सोनभद्र के दो दिवसीय भ्रमण पर रहेंगे। अपने प्रवास के दौरान वे विभिन्न जनकल्याणकारी कार्यक्रमों, जनचौपाल, स्वास्थ्य मेला, स्वच्छता अभियान तथा जनसंपर्क कार्यक्रमों में प्रतिभाग करेंगे। प्रभारी मंत्री दिनांक 13 जून को वाराणसी से प्रस्थान कर ग्राम पंचायत बहुअरा स्थित अमृत सरोवर तालाब के निकट रामलीला मंच मैदान में आयोजित जनचौपाल कार्यक्रम में भाग लेंगे तथा आमजन की समस्याओं को सुनकर उनके समाधान हेतु संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश देंगे।

## संक्षेप

### खड़ी डीसीएम में पीछे से घुसी दूसरी डीसीएम परिचालक की मौत, चालक घायल

औरास, उन्नाव। थाना क्षेत्र के दिपवल गांव के पास आगरा लखनऊ एक्सप्रेस-वे पर लखनऊ से मैनपुरी जा रही डीसीएम आगे खड़ी डीसीएम से जा टकराई हादसे में चालक परिचालक गंभीर रूप से घायल हो गये। घायलों को एम्बुलेंश से सीएचसी औरास लाया गया । जहाँ डॉक्टर ने परिचालक शुभम को मृत घोषित कर दिया जब कि चालक बाल बाल बच गया। जनपद मैनपुरी के थाना एलाउ के इलमाश निवासी गौरव सिंह पुत्र मुन्नू सिंह अपने साथी परिचालक शुभम के साथ शुक्रवार सुबह लखनऊ से अपनी डीसीएम लेकर मैनपुरी वापस जा रहे थे। जैसे ही वह औरास थाना क्षेत्र के दिपवल गाँव के पास पहुँचे कि वहाँ आगे खड़ी डीसीएम से इनकी डीसीएम टकरा गई । हादसे में चालक व परिचालक दोनो गंभीर रूप से घायल हो गए। सूचना पर पहुँची एम्बुलेंश ने दोनों घायलों को सीएचसी औरास लेकर पहुँची जहाँ डॉक्टर ने परिचालक शुभम को मृत घोषित कर दिया। सूचना पर पहुँची पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए जिला अस्पताल भेज दिया।

### ऑटो व कार की टक्कर पांच घायल तीन की हालत गंभीर

सुमेरपुर, उन्नाव। बिहार थाना क्षेत्र अंतर्गत सुमेरपुर तिराहे पर हुए भीषण सड़क दुर्घटना में ऑटो सवार पाँच लोग घायल हो गए। गंभीर रूप से तीन घायलों को जिला अस्तपताल रिफर कर दिया गया।थाना क्षेत्र के सुमेरपुर तिराहे पर शुक्रवार साय 5 बजे अर्टिगा कार व ऑटो में जोरदार भिड़ंत हो गयी। पाटन की तरफ से आ रही अर्टिगा सुमेरपुर मोड़ पर भगवंतनगर के लिए जैसे ही मुड़ी बिहार की तरफ से आ रहे ऑटो की जबरदस्त टक्कर हो गयी जिसमे रोहित पुत्र श्यामसुंदर निवासी जालौन,रामू पुत्र सियाहरण निवासी जालौन,रामस्वरूप पुत्र मंगली निवासी ओसियां,फूला देवी पत्नी देवतादीन निवासी ओसियां,व सौरभ पुत्र प्रेमशंकर निवासी वीरपुर बारासगवर घायल हो गए। एम्बुलेंस की मदद से सभी घायलों को सुमेरपुर स्वास्थ्य केंद्र लाया गया जहा गंभीर रूप से घायल रामू, रामस्वरूप व फूला देवी को जिला अस्तपताल रिफर कर दिया गया । जिसमे रामस्वरूप की हालत गम्भीर बताई जा रही है। थाना प्रभारी राहुल सिंह ने बताया अर्टिगा कार को गिरफ्त में ले लिया गया है। आवश्यक कार्यवाही की जा रही है।

### चोरों ने समरसेबल पैनल सहित अन्य सामान कर ले गए चोरी

बीघापुर, उन्नाव। थाना क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम जंगली खेड़ा मजरा पाही हरदो निवासी जमुना सिंह पुत्र महिपाल सिंह कृषि कार्य हेतु प्रधानमंत्री कुसुम योजना अंतर्गत के अंतर्गत सोलर पैनल लगवाया जिससे कृषि करते थे चोरों के द्वारा कृषि भूमि पर लगे सोलर पैनल पाइप झटका मशीन बैटरी फावड़ा कुल्हाड़ी सहित कृषि के जितने भी यंत्र थे सारे अज्ञात चोर उठा ले गए पता लगाने पर कहीं नहीं पता चल सका तब कोतवाली थाने में लिखित तहरीर दिया तहरीर के अंतर्गत पुलिस ने मुकदमा पंजीकृत कर लिया लेकिन अभी तक पुलिस के हाथ चोरों तक नहीं पहुंच पाए इसके पहले भी कई चोरियां हो चुकी लेकिन पुलिस उन चोरियों का अभी तक खुलासा नहीं हो सको

## गंगा एक्सप्रेसवे पर भीषण हादसा, खड़े ट्रक में टकराई टाटा पंच कार, चार लोगों की मौत

अमन लेखनी समाचार



उन्नाव। थाना आसीवन क्षेत्र में गंगा एक्सप्रेसवे पर शुक्रवार दोपहर हुए भीषण सड़क हादसे में चार लोगों की दर्दनाक मौत हो गई। तेज रफ्तार टाटा पंच कार सड़क किनारे खड़े ट्रक से जा टकराई। हादसे में कार सवार दो लोगों ने मौके पर ही दम तोड़ दिया, जबकि दो गंभीर घायलों की इलाज के दौरान मौत हो गई। घटना के बाद एक्सप्रेसवे पर हड़कंप मच गया।

पुलिस के अनुसार, शुक्रवार दोपहर करीब 3:20 बजे थाना आसीवन पुलिस को सूचना मिली कि गंगा एक्सप्रेसवे के किलोमीटर संख्या 387.6 के पास एक हादसा हो गया है। बताया गया कि एक ट्रक में खराबी आने के कारण चालक ने उसे सड़क किनारे खड़ा कर दिया था। इसी दौरान पीछे से आ रही तेज रफ्तार टाटा पंच कार ने ट्रक में जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर इतनी भीषण थी कि कार के आगे का हिस्सा पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया। हादसे में कार सवार दो लोगों की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि दो अन्य गंभीर रूप से घायल हो गए। सूचना मिलते ही थाना आसीवन पुलिस तत्काल मौके पर पहुंची और राहत एवं बचाव कार्य शुरू कराया। पुलिस ने दोनों गंभीर घायलों को उपचार के लिए सीएचसी बांगरमऊ भेजा, जहां चिकित्सकों ने दोनों को मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने सभी मृतकों के शवों को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम की कार्रवाई शुरू कर दी है। मृतकों की पहचान उदय सिंह 26 वर्ष पुत्र राम सिंह अनुपम गुप्ता 32 वर्ष अजय निवासीगण जाफरपुर फूलपुर जनपद प्रयागराज विजय 25 वर्ष पुत्र मकसूदन लाल निवासी बाबूगंज फूलपुर जनपद प्रयागराज अमन 28 वर्ष पुत्र अज्ञात निवासी बाबूगंज फूलपुर जनपद प्रयागराज के रूप में हुई है प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, हादसे के समय कार की रफ्तार काफी अधिक थी। प्रारंभिक जानकारी में कार की गति 100 किलोमीटर प्रति घंटे से अधिक बताई जा रही है। तेज रफ्तार के कारण चालक वाहन पर नियंत्रण नहीं रख सका और सड़क किनारे खड़े ट्रक में पीछे से जा भिड़ा। घटना की जानकारी मिलते ही थाना प्रभारी प्रदीप कुमार सिंह पुलिस बल के साथ घटनास्थल पर पहुंचे और पूरे मामले की जांच पड़ताल की। उन्होंने मौके पर मौजूद लोगों से जानकारी ली और दुर्घटना के कारणों का पता लगाने के लिए आवश्यक कार्रवाई शुरू कराई। पुलिस अधिकारियों का कहना है कि हादसे की सभी पहलुओं से जांच की जा रही है वहीं दुर्घटनाग्रस्त वाहनों को हटवाकर एक्सप्रेसवे पर यातायात व्यवस्था को सामान्य कराया गया।

## संत हत्याकांड में एक और आरोपी को पुलिस ने किया गिरफ्तार

अमन लेखनी समाचार



बांगरमऊ, उन्नाव। संत मिलन दास हत्याकांड की विवेचना के दौरान प्रकाश में आए एक और युवक को पुलिस ने गिरफ्तार कर अदालत में पेश किया है । जहां से उसे न्यायिक अभिरक्षा में जेल भेज दिया गया। पुलिस का कहना है कि जांच के दौरान आरोपी की घटना में संलिप्तता सामने आई थी। गौरतलब है कि बीते मंगलवार को नगर के मोहल्ला घूरे टोला निवासी संत मिलन दास की चाकू मारकर निर्मम हत्या कर दी गई थी। घटना के बाद मृतक पक्ष की तहरीर पर इसराइल समेत पांच नामजद तथा दो तीन अज्ञात आरोपियों के विरुद्ध मुकदमा दर्ज किया गया था। हत्याकांड को लेकर नगर में काफी आक्रोश व्याप्त रहा था और पुलिस पर शीघ्र कार्रवाई का दबाव था। घटना के बाद पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए अजय उर्फ लल्ली, शफी तथा यामीन को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया था। जहां से उन्हें जेल भेज दिया गया था। मामले की विवेचना लगातार जारी है और पुलिस अन्य आरोपियों की भूमिका की भी जांच कर रही है।

कोतवाली प्रभारी निरीक्षक अखिलेश चंद्र पांडे ने बताया कि विवेचना के दौरान मोहल्ला पुरबिया टोला निवासी अली मोहम्मद उर्फ मम्मद पुत्र अलीबक्श की हत्या की घटना में संलिप्तता प्रकाश में आई। इसके बाद पुलिस टीम ने उसे नगर के बाईपास के निकट से गिरफ्तार कर लिया। आवश्यक विधिक कार्रवाई पूरी करने के बाद आरोपी को न्यायालय में पेश किया गया है। जहां से उसे जेल भेज दिया गया।

पुलिस के अनुसार मामले में अभी भी कुछ अन्य आरोपियों की तलाश जारी है। उनकी गिरफ्तारी के लिए संभावित ठिकानों पर दबिश दी जा रही है। कोतवाल का कहना है कि विवेचना के आधार पर जो भी व्यक्ति घटना में शामिल पाया जाएगा उसके विरुद्ध सख्त कानूनी कार्रवाई की जाएगी। हत्याकांड की निष्पक्ष जांच जारी है और जल्द ही शेष आरोपियों को भी गिरफ्तार किए जाने की संभावना है।

## डंपर ने ऑटो में मारी टक्कर महिला की मौत चार घायल

अमन लेखनी समाचार

उन्नाव। पुरवा कोतवाली क्षेत्र में गुरुवार रात एक सड़क हादसे में एक महिला मजदूर की मौत हो गई। मंगतखेड़ा के पास एक तेज रफ्तार डंपर ने सीएनजी ऑटो को टक्कर मार दी, जिससे ऑटो पलट गया। इस घटना में चार अन्य लोग घायल भी हुए हैं। यह हादसा उस समय हुआ जब इन्डार्गो फैक्ट्री से काम खत्म कर पांच महिला मजदूर सीएनजी ऑटो से अपने घर लौट रही थीं। मंगतखेड़ा के निकट ऑटो किसी कारणवश अनियंत्रित हो गया। इसी दौरान पीछे से आ रहे एक तेज रफ्तार डंपर ने ऑटो को जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर इतनी भीषण थी कि ऑटो क्षतिग्रस्त होकर पलट गया और उसमें सवार महिलाएं सड़क पर गिर गईं। घटना के बाद डंपर चालक ऑटो छोड़कर मौके से फरार हो गया। हादसे में मोहल्ला शीतलगंज निवासी शकीला (38) पत्नी स्वर्गीय रहीस गंभीर रूप से घायल हो गईं। स्थानीय लोगों और पुलिस की मदद से उन्हें तुरंत अस्पताल भेजा गया, जहां चिकित्सकों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। ऑटो में सवार अन्य घायलों में नाजों, वहीदन और कमर जहां शामिल हैं, जिन्हें उपचार के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र भेजा गया है। घटना की सूचना मिलते ही कोतवाली प्रभारी भवन सिंह मौर्य पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पंचनामा भरने के बाद पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। साथ ही, घायलों को तत्काल अस्पताल पहुंचाकर उनके उपचार की व्यवस्था सुनिश्चित की गई। मृतका शकीला की सबसे छोटी बेटी शबनूर भी ऑटो में सवार थी, जिसे मामूली चोटें आईं। प्राथमिक उपचार के बाद उसे घर भेज दिया गया। परिजनों के अनुसार, शकीला के पति रहीस की लगभग दो वर्ष पहले मृत्यु हो चुकी थी। पति की मौत के बाद शकीला मजदूरी करके अपने तीन बच्चों - बेटी रोजी, बेटी शबनूर और बेटा समीर का पालन-पोषण कर रही थीं। उनकी मौत से परिवार पर दुखों का पहाड़ टूट पड़ा है।

## रात्रि चौपाल में स्थानीय ग्रामीणों का दिखा असंतोष

अमन लेखनी समाचार



नवाबगंज, उन्नाव। कस्बा अजगैन में आयोजित रात्रि चौपाल में स्थानीय समस्याओं को लेकर ग्रामीणों का असंतोष खुलकर सामने आया। चौपाल में जिलाधिकारी के नहीं पहुंचने पर लोगों ने नाराजगी जताई, जबकि क्षेत्रीय विधायक, ब्रजेश रावत बीडीओ शशांक चौधरी समेत अन्य विभागीय अधिकारी मौजूद रहे। ग्रामीणों का कहना था कि चौपाल का उद्देश्य जनसमस्याओं का समाधान होना चाहिए था, लेकिन मंच से अधिकतर समय सरकार की योजनाओं और उपलब्धियों का बखान किया गया। ग्रामीणों ने बताया कि चौपाल स्थल तक पहुंचने वाली मुख्य सड़क बदहाल स्थिति में है। लोगों ने सवाल उठाते हुए कहा कि जिस मार्ग से जनप्रतिनिधि और अधिकारी चौपाल में पहुंचे, उसी सड़क पर जगह-जगह गड्ढे हैं और डामर उखड़ चुका है, लेकिन इस ओर किसी का ध्यान नहीं गया। चौपाल के दौरान अजगैन फाटक पर ओवरब्रिज निर्माण का मुद्दा भी प्रमुखता से उठा। स्थानीय व्यापारियों ने कहा कि फाटक पर पुल न बनने से कस्बे का व्यापार प्रभावित हो रहा है। लंबे समय से इस समस्या के समाधान की मांग की जा रही है, लेकिन अभी तक कोई ठोस पहल नहीं हुई है। ग्रामीणों ने चौपाल में तीन प्रमुख सवाल उठाए। पहला, खराब सड़क की मरम्मत के लिए तत्काल निर्देश क्यों नहीं दिए गए। दूसरा, अजगैन फाटक पुल के मुद्दे पर रेलवे और सेतु निगम के अधिकारियों की संयुक्त बैठक क्यों नहीं बुलाई गई। तीसरा, रात्रि चौपाल जिलाधिकारी के नाम पर आयोजित थी तो उनके अनुपस्थित रहने पर कार्यक्रम की सार्थकता पर प्रश्नचिह्न लग गया। ग्रामीणों का कहना था कि उन्हें केवल भाषण और आश्वासन नहीं, बल्कि सड़क और पुल जैसी मूलभूत समस्याओं का समाधान चाहिए। लोगों ने कहा कि वर्षों से विकास के दावे सुनने को मिल रहे हैं, लेकिन जमीनी स्तर पर समस्याएं जस की तस बनी हुई हैं। चौपाल के दौरान अधिकारियों ने लोगों की समस्याएं सुनने और संबंधित विभागों को आवश्यक कार्रवाई के निर्देश देने का आश्वासन दिया। इस दौरान भाजपा जिला महामंत्री नूतन सिंह मंडल अध्यक्ष शशिकांत राजपूत राजेन्द्र द्विवेदी रेशु तिवारी सहित बड़ी संख्या में लोग मौजूद रहे।

## डिवाइडर से टकराई कार, पांच घायल

अमन लेखनी समाचार

बांगरमऊ, उन्नाव। धार्मिक स्थल से लौटते समय श्रद्धालुओं की एक कार बांगरमऊ क्षेत्र में एक्सप्रेसवे मार्ग पर दुर्घनाग्रस्त हो गई इस घटना में घायल पांच लोगों को बांगरमऊ अस्पताल में भर्ती कराया गया। चालक रजनीश पुत्र उमाकांत निवासी गोडवा थाना सफदरगंज जनपद बाराबंकी कार सवार अंकित पुत्र रामतीर्थ, बलराम पुत्र बनवारी, अन्नपूर्णा पुत्री रामतीर्थ व विनीत पुत्र कमलेश को लेकर कार द्वारा खाटूश्याम से बाराबंकी लौट रहा था तभी शुक्रवार को अलसुबह करीब 5 बजे बांगरमऊ क्षेत्र में आगरा लखनऊ एक्सप्रेसवे पर गांव बहलोलपुर के निकट चालक को झपकी लगने से कार अनियंत्रित होकर मध्य डिवाइडर से टकराकर दुर्घटना का शिकार हो गई इस हादसे के बाद यूपीडा टीम द्वारा पांचों घायलों को बांगरमऊ अस्पताल में भर्ती कराया गया। तथा कार का रेस्क्यू कर सुरक्षित स्थान पर खड़ी कराया गया।

## दिव्यांग युवक के साथ की मारपीट जांच पड़ताल में जुटी पुलिस

अमन लेखनी समाचार

बांगरमऊ, उन्नाव। कोतवाली क्षेत्र स्थित मिश्रखेड़ा गांव में एक दिव्यांग युवक से मारपीट का मामला सामने आया है। पीड़ित दीपक के पिता ने गांव के पांच लोगों पर मारपीट का आरोप लगाते हुए पुलिस में शिकायत दर्ज कराई है। आरोप है कि दीपक जब दुकान से घर लौट रहा था, तभी आरोपी उसे कार में बैठाकर अपने साथ ले गए और उसके साथ मारपीट की। परिजनों के अनुसार, मारपीट के बाद युवक को जंगल में नग्न और घायल अवस्था में छोड़ दिया गया। शुक्रवार सुबह 11 बजे ग्रामीणों की सूचना पर उसे गांव के तालाब के पास से बरामद किया गया। पीड़ित के शरीर पर चोटों के कई निशान मिले हैं। घटना की जानकारी मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और मामले की जांच शुरू कर दी है। पुलिस ने बताया कि परिजनों द्वारा लगाए गए आरोपों की जांच की जा रही है तथा सभी तथ्यों के आधार पर आगे की कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

## पैदल जा रहे युवक को अज्ञात वाहन ने मारी टक्कर हुई मौत

अमन लेखनी समाचार



उन्नाव। आगरा-लखनऊ एक्सप्रेसवे पर सड़क हादसे में मजदूर की मौत हो गई। वह देर शाम पैदल घर लौट रहे थे, तभी किसी अज्ञात वाहन ने उन्हें टक्कर मार दी। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजकर मामले की जांच शुरू कर दी है। औरास थाना क्षेत्र में आगरा-लखनऊ एक्सप्रेसवे पर अज्ञात वाहन की टक्कर से एक अधेड़ की मौत हो गई। हादसे के बाद परिवार में कोहराम मच गया। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है और अज्ञात वाहन की तलाश शुरू कर दी है। मृतक की पहचान जमालनगर गांव निवासी रामचंद्र (55) पुत्र स्वर्गीय श्रीराम के रूप में हुई है। वह मजदूरी कर परिवार का भरण-पोषण करते थे। परिजनों के अनुसार, गुरुवार देर शाम वह किसी काम से बाहर गए थे और पैदल ही घर वापस लौट रहे थे।

इसी दौरान आगरा-लखनऊ एक्सप्रेसवे पर किसी अज्ञात वाहन ने उन्हें जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर इतनी भीषण थी कि रामचंद्र गंभीर रूप से घायल होकर सड़क पर गिर पड़े। राहगीरों ने घटना की सूचना पुलिस को दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने उन्हें अस्पताल पहुंचाने का प्रयास किया, लेकिन तब तक उनकी मौत हो चुकी थी। घटना की खबर मिलते ही परिवार में मातम छा गया। परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है। ग्रामीणों ने बताया कि रामचंद्र मेहनती और सरल स्वभाव के व्यक्ति थे। उनके परिवार में पत्नी, दो बेटे और दो बेटियां हैं। परिवार की आर्थिक स्थिति पहले से ही सामान्य थी और अब कमाने वाले सदस्य की मौत से परिवार पर आर्थिक संकट गहरा गया है।

पुलिस अधिकारियों ने बताया कि शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। मामले की जांच की जा रही है और आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज भी खंगाली जा रही है। तहरीर और जांच के आधार पर आगे की विधिक कार्रवाई की जाएगी। घटना के बाद गांव में शोक का माहौल है।

## यातायात सुरक्षा के प्रति जागरूकता बढ़ाने को लेकर गोष्ठी का आयोजन

अमन लेखनी समाचार




उन्नाव। सड़क दुर्घटनाओं को कम करने और यातायात सुरक्षा के प्रति जागरूकता बढ़ाने के उद्देश्य से शुक्रवार को रिजर्व पुलिस लाइन में एक गोष्ठी आयोजित की गई। इसकी अध्यक्षता अपर पुलिस अधीक्षक उत्तरी अखिलेश सिंह और क्षेत्राधिकारी यातायात अजय कुमार सिंह ने की। गोष्ठी में पुलिस क्रिटिकल केयर (सीसी टीम) के सदस्यों के साथ जिले के होटल और ढाबा संचालक शामिल हुए। गोष्ठी को संबोधित करते हुए अपर पुलिस अधीक्षक उत्तरी अखिलेश सिंह ने कहा कि सड़क दुर्घटनाओं की रोकथाम केवल पुलिस की नहीं, बल्कि समाज के हर वर्ग की जिम्मेदारी है। उन्होंने होटल और ढाबा संचालकों से अपील की कि वे अपने प्रतिष्ठानों पर आने वाले वाहन चालकों, खासकर ट्रक और भारी वाहनों के चालकों को सुरक्षित और जिम्मेदार ड्राइविंग के लिए प्रेरित करें। सिंह ने बताया कि लंबे समय तक वाहन चलाने से चालक अक्सर थकान का शिकार हो जाते हैं, जो गंभीर दुर्घटनाओं का एक प्रमुख कारण है। उन्होंने चालकों को पर्याप्त विश्राम करने और थकान होने पर वाहन न चलाने के लिए जागरूक करने पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि सड़क सुरक्षा के प्रति जागरूकता बढ़ाकर कई दुर्घटनाओं को टाला जा सकता है। क्षेत्राधिकारी यातायात अजय कुमार सिंह ने दुर्घटनाओं के प्रमुख कारणों, यातायात नियमों के पालन और दुर्घटना होने पर त्वरित सहायता प्रदान करने की प्रक्रिया के बारे में जानकारी दी। उन्होंने होटल और ढाबा संचालकों से अपने प्रतिष्ठानों पर सड़क सुरक्षा संदेश, पोस्टर और जागरूकता सामग्री प्रदर्शित करने का आग्रह किया। साथ ही, किसी भी दुर्घटना या आपात स्थिति की सूचना तत्काल पुलिस और आपातकालीन सेवाओं को देने पर जोर दिया। गोष्ठी में पुलिस क्रिटिकल केयर (सीसी टीम) के सदस्यों को भी विशेष निर्देश दिए गए। उन्हें सड़क दुर्घटनाओं में घायलों को त्वरित सहायता प्रदान करने, 'गोल्डन ऑवर' के महत्व को समझने और आपातकालीन स्थितियों में प्रभावी कार्रवाई करने के लिए प्रशिक्षित किया गया। अधिकारियों ने दुर्घटना पीड़ितों को शीघ्र चिकित्सा सहायता उपलब्ध कराकर उनकी जान बचाने के लिए संवेदनशील एवं सक्रिय कार्यशैली अपनाने पर बल दिया। कार्यक्रम में सड़क दुर्घटनाओं की रोकथाम, यातायात नियमों के पालन को बढ़ावा देने तथा पुलिस और समाज के विभिन्न वर्गों के बीच बेहतर समन्वय स्थापित करने पर भी विस्तृत चर्चा हुई। अंत में उपस्थित सभी प्रतिभागियों ने सड़क सुरक्षा के प्रति जनजागरूकता फैलाने और दुर्घटनाओं को कम करने के लिए पुलिस प्रशासन का पूर्ण सहयोग करने का आश्वासन दिया।

## सड़क दुर्घटना में मृतक युवक के शव को मार्ग पर रखकर लगाया जाम

अमन लेखनी समाचार



उन्नाव। गंगाघाट कोतवाली क्षेत्र में डंपर की टक्कर से एक ई-रिक्शा चालक की मौत के बाद शुक्रवार को तनावपूर्ण स्थिति बन गई। मृतक के परिजनों और ग्रामीणों ने शव सड़क पर रखकर जाम लगा दिया और डंपर चालक के खिलाफ कड़ी कार्रवाई तथा आर्थिक सहायता की मांग की।

यह घटना गुरुवार सुबह करीब साढ़े छह बजे देवारा इलाके में हुई। देवारा क्षेत्र निवासी 25 वर्षीय आकाश पुत्र पुषु अपने ई-रिक्शा पर लकड़ी लादकर सहजनी की ओर जा रहे थे। पिंडोखा-शंकरपुर मार्ग पर सामने से आ रहे एक तेज रफ्तार डंपर ने उनके ई-रिक्शा में जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर इतनी भीषण थी कि आकाश की मौके पर ही मौत हो गई। हादसे के बाद आसपास के लोग घटनास्थल पर एकत्र हो गए और डंपर चालक को पकड़ लिया। ग्रामीणों और परिजनों में भारी आक्रोश फैल गया, जिसके बाद पुलिस ने मौके पर पहुंचकर चालक को हिरासत में लिया और स्थिति को शांत कराया। शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया।

गुरुवार शाम पोस्टमार्टम की कार्रवाई पूरी होने के बाद पुलिस ने शव परिजनों को सौंप दिया था। हालांकि, शुक्रवार सुबह परिजनों ने अंतिम संस्कार करने के बजाय शव को देवारा कला मार्ग पर रखकर प्रदर्शन शुरू कर दिया। देखते ही देखते बड़ी संख्या में ग्रामीण वहां एकत्र हो गए और सड़क जाम कर दी । प्रदर्शनकारियों का कहना था कि मृतक आकाश परिवार का एकमात्र कमाने वाला सदस्य था और उसकी मौत से परिवार पर दुखों का पहाड़ टूट पड़ा है। उन्होंने डंपर चालक पर सख्त कानूनी कार्रवाई और पीड़ित परिवार को उचित मुआवजा देने की मांग की। जाम की सूचना मिलते ही सीओ बीघापुर मधुपनाथ मिश्र और गंगाघाट इंस्पेक्टर अजय सिंह भारी पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे। इसके अलावा अन्य थानों की पुलिस फोर्स भी एहतियातन बुलाई गई। पुलिस अधिकारियों ने परिजनों और ग्रामीणों से वार्ता कर उन्हें समझाने का प्रयास किया।

## तीन शातिर अपराधियों को किया गया जिला बदर

अमन लेखनी समाचार

उन्नाव। जनपद में अपराधों पर अंकुश लगाने के लिए जिला प्रशासन की कार्रवाई जारी है। जिलाधिकारी घनश्याम मीणा ने उत्तर प्रदेश गुंडा नियंत्रण अधिनियम के तहत तीन और शातिर अपराधियों को जिला बदर कर दिया है। इस कार्रवाई से अपराधियों में हड़कंप मच गया है।

जिला प्रशासन द्वारा जारी आदेश के अनुसार, गंगाघाट थाना क्षेत्र के विकास उर्फ शेरू, अचलगंज थाना क्षेत्र के अनुज उर्फ अरुण और सोहरामऊ थाना क्षेत्र के प्रदीप मौर्य को जनपद की सीमा से बाहर रहने के निर्देश दिए गए हैं। इन तीनों के खिलाफ विभिन्न थानों में गंभीर आपराधिक मुकदमे दर्ज हैं, जिनमें पॉक्सो एक्ट के मामले भी शामिल हैं।

जिलाधिकारी घनश्याम मीणा ने बताया कि जनपद में कानून व्यवस्था को सुदृढ़ बनाने और अपराध पर प्रभावी नियंत्रण के लिए लगातार कार्रवाई की जा रही है। उन्होंने जानकारी दी कि हाल ही में इन तीन अपराधियों को जिला बदर किया गया है। इससे एक सप्ताह पहले भी पांच अपराधियों को जनपद से तड़ीपार किया गया था।

जिससे अब तक कुल आठ अपराधियों के खिलाफ जिला बदर की कार्रवाई की जा चुकी है। डीएम ने स्पष्ट किया कि प्रशासन की प्राथमिकता आम नागरिकों को सुरक्षित वातावरण उपलब्ध कराना है। उन्होंने कहा कि जो भी व्यक्ति अपराध में संलिप्त पाया जाएगा, उसके खिलाफ कठोर कार्रवाई की जाएगी।

पुलिस और प्रशासन ने ऐसे कई अन्य मामलों को भी चिन्हित किया है, जिन पर जल्द ही कार्रवाई की जाएगी। जिलाधिकारी ने दोहराया कि अपराध और अपराधियों के प्रति प्रशासन की नीति पूरी तरह 'जीरो टॉलरेंस' की है। उन्होंने कहा कि जनपद में शांति व्यवस्था बनाए रखने तथा अपराध पर अंकुश लगाने के लिए यह सख्त अभियान आगे भी जारी रहेगा और किसी भी कुख्यात अपराधी को बख्शा नहीं जाएगा।

## डीएम की अध्यक्षता में जिला स्तरीय आधार अनुश्रवण की बैठक आयोजित

अमन लेखनी समाचार




उन्नाव। जिलाधिकारी घनश्याम मीना की अध्यक्षता में शुक्रवार को जिला स्तरीय आधार अनुश्रवण समिति की बैठक हुई। कलेक्ट्रेट स्थित पन्नालाल सभागार में आयोजित इस बैठक में जिले में आधार कार्ड बनाने की प्रगति, लंबित मामलों और संबंधित समस्याओं की समीक्षा की गई। जिलाधिकारी ने अधिकारियों को आधार पंजीकरण की गति बढ़ाने और सभी पात्र लोगों तक यह सुविधा सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। बैठक में जिलाधिकारी ने कहा कि आधार कार्ड अब नागरिकों की पहचान और विभिन्न सरकारी योजनाओं का लाभ प्राप्त करने के लिए एक महत्वपूर्ण दस्तावेज बन गया है। उन्होंने जोर दिया कि सभी आयु वर्ग के लोगों के आधार कार्ड त्रुटिरहित और समय पर बनाए जाएं। विशेष रूप से, शून्य से पांच वर्ष तक के बच्चों के आधार पंजीकरण में तेजी लाने के निर्देश दिए गए। डीएम ने आंगनबाड़ी केंद्रों, प्राथमिक विद्यालयों और अस्पतालों में जन्म लेने वाले नवजात शिशुओं का आधार प्राथमिकता के आधार पर बनाने को कहा। इसका उद्देश्य जिले में आधार पंजीकरण की प्रगति को और बेहतर करना है। उन्होंने अधिकारियों को उन स्थानों को चिन्हित करने का भी निर्देश दिया जहां आधार बनाने की प्रक्रिया अभी पूरी नहीं हुई है, ताकि वहां विशेष अभियान चलाए जा सकें। समीक्षा के दौरान, जिलाधिकारी ने पाया कि जनपद में कई स्थानों पर आधार बनाने की प्रगति संतोषजनक है, लेकिन कुछ आयु वर्गों में अभी भी अपेक्षित सुधार की आवश्यकता है। उन्होंने सरकारी और निजी विद्यालयों में अध्ययनरत बच्चों के आधार कार्ड की जांच कर उनमें मौजूद त्रुटियों को दूर कराने के निर्देश दिए। डीएम ने आधार से संबंधित जानकारी आम लोगों तक पहुंचाने के लिए एक व्यापक जन जागरूकता अभियान चलाने पर बल दिया। उन्होंने प्रत्येक विकासखंड स्तर पर आधार संबंधी जानकारियों वाले बैनर लगाने के निर्देश दिए, जिससे लोगों को आधार बनवाने, संशोधन कराने और अन्य सुविधाओं की जानकारी आसानी से मिल सके। उन्होंने यह भी कहा कि नवजात शिशुओं के साथ-साथ अनाथालयों और अन्य विशेष स्थानों पर रहने वाले लोगों को भी चिन्हित कर उनका आधार कार्ड बनवाया जाए। इससे वे सरकारी योजनाओं और आवश्यक सेवाओं से जुड़ सकेंगे।

## सम्पादकीय

# एच-1 बी वीजा पर भारतीय पेशेवरों को मिली बड़ी राहत

अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने अमेरिका फर्स्ट के नाम पर व्यापार, आव्रजन और रोजगार से जुड़ी कई नीतियां लागू की हैं, जिनका उद्देश्य विदेशी पेशेवरों और कंपनियों पर अंकुश लगाना था, लेकिन अमेरिकी फेडरल कोर्ट द्वारा एच-1बी वीजा पर 1 लाख डॉलर की अतिरिक्त फीस लगाने वाली नीति को रद्द किया जाना केवल एक प्रशासनिक फैसला नहीं है, बल्कि यह लोकतांत्रिक संस्थाओं की ताकत और संवैधानिक मर्यादाओं की जीत भी है। कोर्ट द्वारा पहले ट्रंप के टैरिफ को रद्द करना और अब एच-1बी वीजा पर 1 लाख डॉलर (करीब 95 लाख) फीस वसूलने वाली नीति को रद्द करना न्यायपालिका की मजबूती दिखाता है। इस फैसले से भारतीय पेशेवरों को बड़ी राहत मिलेगी और अवसरों के नए द्वार खुलेंगे। वहीं, अमेरिकी कंपनियों को वैश्विक प्रतिभाओं तक पहुंच बनाए रखने में मदद मिलेगी। दरअसल, ट्रम्प प्रशासन ने सितंबर 2025 में घोषणा की थी कि जो अमेरिकी कंपनियां एच-1बी वीजा पर विदेशी पेशेवरों को नौकरी देंगी, उन्हें प्रति वीजा 1 लाख डॉलर की अतिरिक्त फीस देनी होगी। यह रकम इतनी अधिक थी कि अधिकांश कंपनियों के लिए विदेशी प्रतिभाओं को नियुक्त करना आर्थिक रूप से कठिन हो जाता। नतीजा यह होता कि हजारों कुशल पेशेवरों के लिए अमेरिका के रोजगार बाजार के दरवाजे लगभग बंद हो जाते। सबसे अधिक असर भारतीयों पर पड़ता, क्योंकि एच-1बी वीजा का सबसे बड़ा लाभार्थी भारत है। आंकड़ों के अनुसार, इस वीजा के लगभग 70 प्रतिशत धारक भारतीय हैं। इनमें बड़ी संख्या आईटी इंजीनियरों, सॉफ्टवेयर डेवलपर्स, डेटा वैज्ञानिकों और तकनीकी विशेषज्ञों की है। अमेरिका की डिजिटल अर्थव्यवस्था में भारतीय प्रतिभा की भूमिका किसी से छिपी नहीं है। यही कारण है कि अदालत का यह फैसला भारतीय युवाओं और पेशेवरों के लिए राहत की खबर बनकर आया है। इससे न केवल रोजगार के अवसर सुरक्षित रहेंगे, बल्कि उन कंपनियों को भी फायदा होगा, जो वैश्विक प्रतिभाओं के दम पर नवाचार और विकास को आगे बढ़ाती हैं। आज की दुनिया में प्रतिस्पर्धा केवल देशों के बीच नहीं, बल्कि प्रतिभाओं को आकर्षित करने की भी है। जो देश कुशल लोगों के लिए दरवाजे बंद करेगा, वह अंततः अपनी आर्थिक क्षमता को भी सीमित करेगा। ट्रम्प की नीति का मूल आधार यह तर्क था कि विदेशी कर्मचारियों के कारण अमेरिकी नागरिकों के रोजगार प्रभावित होते हैं, लेकिन वास्तविकता कहीं अधिक जटिल है। विदेशी पेशेवर न केवल कंपनियों की जरूरत पूरी करते हैं, बल्कि नए रोजगार और आर्थिक गतिविधियां भी पैदा करते हैं। यही वजह है कि अमेरिका की कई बड़ी कंपनियों ने भी एच-1बी कार्यक्रम को अपनी प्रतिस्पर्धात्मक क्षमता के लिए आवश्यक बताया है। इस पूरे प्रकरण का दूसरा महत्वपूर्ण पहलू न्यायपालिका की भूमिका है। हाल के वर्षों में अमेरिकी अदालतों ने कई बार कार्यपालिका के निर्णयों की समीक्षा करते हुए उन्हें संवैधानिक कसौटी पर परखा है। अदालतों ने यह संदेश दिया है कि लोकतंत्र में कानून सर्वोपरि है। कोई भी सरकार, चाहे वह कितनी ही शक्तिशाली क्यों न हो, संवैधानिक सीमाओं से ऊपर नहीं हो सकती। भारत के संदर्भ में भी यह फैसला एक महत्वपूर्ण संदेश देता है। वैश्विक अर्थव्यवस्था में प्रतिभा का मुक्त प्रवाह आधुनिक विकास का आधार बन चुका है। भारतीय युवाओं की तकनीकी दक्षता और वैश्विक मांग देश की सबसे बड़ी ताकतों में से एक है। ऐसे में एच-1बी व्यवस्था पर अनावश्यक प्रतिबंध न केवल भारतीयों, बल्कि अमेरिकी उद्योगों के हितों के भी खिलाफ होते।

# प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के विश्वास, विकास व वैश्विक नेतृत्व के 12 वर्ष



विचार

डॉ. रमन सिंह

10 जून 2026 भारतीय लोकतंत्र के लिए एक ऐतिहासिक अवसर है। प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी देश के सबसे लंबे समय तक लगातार निर्वाचित प्रधानमंत्री के रूप में एक नया कीर्तिमान स्थापित कर रहे हैं। यह केवल एक राजनीतिक उपलब्धि नहीं, बल्कि 140 करोड़ भारतीयों के विश्वास, आशाओं और आकांक्षाओं की विजय है।

मुझे आज भी वर्ष 1980 में भारतीय जनता पार्टी की स्थापना और श्रद्धेय अटल बिहारी वाजपेयी जी का वह उद्घोष याद है जब उन्होंने कहा कि अंधेरा छटेगा, सूरज निकलेगा, कमल खिलेगा। 1984 में जब भाजपा केवल दो सीटों पर सिमट गई, तब विरोधियों ने उपहास किया, लेकिन हम कार्यकर्ताओं का विश्वास अडिग था। हमें भरोसा था कि यह संघर्ष एक दिन राष्ट्रव्यापी जनआंदोलन बनेगा और फिर वर्ष 2014 में श्री नरेंद्र मोदी जी के नेतृत्व में 282 सीटों के ऐतिहासिक जनादेश ने उस विश्वास को साकार कर दिया। 26 मई 2014 को जब श्री मोदी जी ने प्रधानमंत्री पद की शपथ ली, तब स्पष्ट हो गया था कि यह केवल सरकार का नहीं, बल्किराष्ट्र के विचार का परिवर्तन है। यह राजनीति को सत्ता से सेवा की ओर ले जाने का संकल्प था। प्रधानमंत्री के रूप में श्री मोदी जी द्वारा प्रारंभिक फैसलों में एक संकल्प था "स्वच्छ भारत अभियान"जिसे मैं मोदी जी की सबसे दूरदर्शी निर्णयों में से एक मानता हूँ।

15 वर्षों तक छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री के रूप में कार्य करते हुए मुझे नरेंद्र भाई मोदी के साथ अनेक अवसरों पर काम करने और संवाद करने का अवसर मिला। मैंने उन्हें बहुत निकट से देखा है, एक साधारण परिवार से निकलकर देश के सर्वोच्च लोकतांत्रिक पद तक पहुँचे मोदी जी आज भी गांव, गरीब, किसान और वंचित वर्ग की पीड़ा को उसी संवेदनशीलता से समझते हैं। यही कारण है कि वे केवल एक राजनीतिक नेता नहीं, बल्कि करोड़ों भारतीयों की आशा के प्रतीक बन चुके हैं।

मुझे वह अवसर भी याद है जब छत्तीसगढ़ में खाद्य सुरक्षा से जुड़े कार्यक्रम में गुजरात के तत्कालीन मुख्यमंत्री के रूप में नरेंद्र भाई स्वयं उपस्थित हुए थे। उन्होंने तब भी कहा था कि गरीब का सम्मान और उसकी बुनियादी आवश्यकताओं की पूर्ति ही सुशासन का सबसे बड़ा आधार है। आज जब श्री मोदी जी के नेतृत्व में81 करोड़ से अधिक देशवासियों को निःशुल्क राशन मिल रहा है, तब उनकी वही संवेदनशील सोच राष्ट्रीय नीति का रूप ले चुकी है।

पिछले 12 वर्षों में प्रधानमंत्री मोदी जी के नेतृत्व में विकास का लाभ सीधे अंतिम व्यक्ति तक पहुँचा है। आयुष्मान भारत योजना के माध्यम से देश के 60 करोड़परिवारों को 5 लाख तक की स्वास्थ्य सुरक्षा मिली है, प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत 4 करोड़ से अधिक परिवारों को पक्के घर प्राप्त हुए हैं और प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि के जरिए 9.32 करोड़ से अधिक किसानों के खातों में 4 लाख करोड़ रुपये से अधिक की राशि सीधे पहुँची है। वर्ष 2014 में जब प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी ने देश की बागडोर संभाली, तब भारत विश्व की 10वीं सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था था। आज, मात्र एक दशक के भीतर, भारत जापान को पीछे छोड़कर दुनिया की चौथी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बन चुका है। यह परिवर्तन किसी संयोग का परिणाम नहीं, बल्कि प्रधानमंत्री मोदी जी के दूरदर्शी नेतृत्व, साहसिक आर्थिक सुधारों और राष्ट्रहित को सर्वोपरि रखने वाली नीतियों का प्रतिफल है। आज भारत लगभग 4 ट्रिलियन डॉलर की अर्थव्यवस्था के रूप में विश्व मंच पर आत्मविश्वास के साथ खड़ा है और तेजी से 5 ट्रिलियन डॉलर की अर्थव्यवस्था बनने की ओर अग्रसर है। वैश्विक आर्थिक चुनौतियों और अनिश्चितताओं के बीच भी भारत दुनिया की सबसे तेज गति से बढ़ती प्रमुख अर्थव्यवस्थाओं में बना हुआ है। यह केवल विकास दर का विषय नहीं, बल्कि विश्व समुदाय द्वारा भारत और उसके नेतृत्व पर व्यक्त किए जा रहे बढ़ते विश्वास का प्रमाण है।



प्रधानमंत्री मोदी जी की एक बड़ी विशेषता यह रही है कि उन्होंने आर्थिक विकास को केवल आंकड़ों तक सीमित नहीं रहने दिया। उनके नेतृत्व में विकास का लाभ समाज के अंतिम व्यक्ति तक पहुंचा है। विभिन्न राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय आंकलनों के अनुसार पिछले वर्षों में 25 करोड़ से अधिक लोग गरीबी से बाहर निकले हैं। यह उपलब्धि करोड़ों परिवारों के जीवन में आए उस सकारात्मक परिवर्तन की कहानी है, जहाँ सरकारी योजनाएँ कागजों से निकलकर लोगों के जीवन का हिस्सा बनीं।

प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी ने भारत के विकास को केवल आर्थिक प्रगति तक सीमित नहीं रखा, बल्कि उसे हमारी सांस्कृतिक और आध्यात्मिक विरासत से भी जोड़ा है। अयोध्या में भव्य श्रीराम जन्मभूमि मंदिर का निर्माण, काशी विश्वनाथ धाम का पुनर्विकास, उज्जैन में महाकाल लोक का सृजन और चारधाम परियोजना जैसे कार्य केवल अधोसंरचना विकास नहीं, बल्कि भारत की सांस्कृतिक चेतना के पुनर्जागरण के प्रतीक हैं।

वर्ष 2014 से पहले जब देश पर आतंकवादी हमले होते थे, तब देशवासी केंद्र सरकार की ओर उम्मीद भरी निगाहों से देखते थे, लेकिन अक्सर उन्हें निराशा ही हाथ लगती थी। आतंकवाद के खिलाफ भारत का रुख सीमित प्रतिक्रियाओं तक ही दिखाई देता था लेकिन 2014 के बाद यह तस्वीर बदली तो इसका कारण सिर्फ मोदी जी की नीतियां हैं। कश्मीर को धारा 370 के जाल से निकालकर भारतीय संविधान की मर्यादा में शामिल करने का ऐतिहासिक निर्णय श्री मोदी जी द्वारा असंभव को संभव करने का एक अद्भुत उदाहरण है। इसके साथ ही सर्जिकल स्ट्राइक, बालाकोट एयर स्ट्राइक और ऑपरेशन सिन्दूर से आतंकवाद के विरुद्ध निर्णायक नीति ने दुनिया को यह संदेश दिया कि नया भारत अपनी सुरक्षा से कोई समझौता नहीं करेगा। वहीं दशकों से भारत माता की पीड़ा बने नक्सलवाद को समूल नाश करने के लिए श्री मोदी जी के प्रभावी अभियानों ने 'नक्सल मुक्त भारत'के लक्ष्य को न सिर्फ साकार किया है बल्कि कभी नक्सल प्रभावित रहे क्षेत्रों को विकास की मुख्यधारा से जोड़ने का काम भी किया है प्रधानमंत्री मोदी जी ने न केवल देश की सुरक्षा को सर्वोच्च प्राथमिकता दी है, बल्कि वे देश के पहले ऐसे प्रधानमंत्री हैं जिन्होंने सैनिकों के त्याग और समर्पण का सम्मान करते हुए सीमा पर जवानों के साथ दीपावली मनाकर यह संदेश दिया है कि देश की सुरक्षा में जुटा प्रत्येक जवान केवल सीमा का प्रहरी नहीं, बल्कि 140 करोड़ भारतीयों के विश्वास और सम्मान का प्रतीक है।

श्री मोदी जी ने अपने वादों को पूरा करते हुए देश का विश्वास जीता है, इसलिए प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी के नेतृत्व में भारतीय जनता पार्टी ने केवल चुनावी सफलताएँ ही प्राप्त नहीं की हैं, बल्कि देश के राजनीतिक भूगोल को भी नई दिशा दी है। पिछले एक दशक में भाजपा का संगठनात्मक विस्तार अभूतपूर्व रहा है। आज देश के 22 राज्यों में भाजपा एवं उसके सहयोगी दलों की सरकारें हैं,1700 से अधिक विधायक, लोकसभा में 240 सांसद और राज्यसभा में 113 सांसद करोड़ों देशवासियों के उस विश्वास का प्रतिनिधित्व करते हैं, जो प्रधानमंत्री मोदी जी के नेतृत्व और भाजपा की विकासोन्मुखी राजनीति के प्रति निरंतर मजबूत हुआ है।

वास्तव में राजनीतिक सफलता का यह विस्तार प्रधानमंत्री मोदी जी के प्रति जनता के बढ़ते विश्वास का ही प्रतिबिंब है। यही विश्वास उन्हें आज भारतीय लोकतंत्र के इतिहास में एक विशिष्ट स्थान प्रदान करता है। 10 जून 2026 को प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी अपने लगातार निर्वाचित कार्यकाल के 4399 दिन पूर्ण कर देश के प्रथम प्रधानमंत्री पंडित जवाहरलाल नेहरू के 4398 दिनों के रिकॉर्ड को पीछे छोड़ चुके हैं। यह उपलब्धि केवल किसी व्यक्ति या दल की विजय नहीं, बल्कि लोकतांत्रिक भारत में जनता द्वारा बार-बार व्यक्त किए गए विश्वास की ऐतिहासिक अभिव्यक्ति है।

जब मैं प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी के 12 वर्षों के कार्यकाल को देखता हूँ, तो मुझे यह केवल एक सरकार का कार्यकाल नहीं, बल्कि भारत के आत्मविश्वास, विकास और वैश्विक प्रतिष्ठा के पुनर्जागरण का कालखंड दिखाई देता है। गरीब कल्याण से लेकर आर्थिक प्रगति तक, अधोसंरचना निर्माण से लेकर राष्ट्रीय सुरक्षा तक, सांस्कृतिक पुनर्जागरण से लेकर वैश्विक नेतृत्व तकहर क्षेत्र में भारत ने नई ऊँचाइयों को स्पर्श किया है।

एक भारतीय जनता पार्टी के कार्यकर्ता के रूप में मुझे पूर्ण विश्वास है कि प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी के नेतृत्व में चौथे कार्यकाल के दौरान भारत विकसित राष्ट्र बनने की अपनी यात्रा को और अधिक गति देगा। देश की जनता ने पिछले वर्षों में जिस नेतृत्व, नीयत और परिणामों को देखा है, वह विश्वास आने वाले वर्षों में और अधिक मजबूत होगा। मुझे विश्वास है कि प्रधानमंत्री मोदी जी के नेतृत्व में भारत न केवल विश्व की अग्रणी आर्थिक शक्तियों में शामिल होगा, बल्कि 21वीं सदी में मानवता को दिशा देने वाले राष्ट्र के रूप में भी अपनी पहचान स्थापित करेगा।

## केंद्र के 12 वर्ष

नायब सिंह सैनी



# सेवा, सुशासन व संकल्प का स्वर्णिम अध्याय

कुछ कालखंड राष्ट्र की दिशा और दशा बदलने वाले युग बन जाते हैं। उन्हें इतिहास में अलग ही अध्याय के रूप में लिखा जाता है। ऐसा ही एक अध्याय पिछले 12 सालों से भारत के लोकतांत्रिक इतिहास में लिखा जा रहा है। यह काल राष्ट्र की चेतना के जागरण, वैश्विक पटल पर भारत की एक शक्तिशाली राष्ट्र के रूप में पहचान और हमारी समृद्ध सांस्कृतिक विरासत के पुन उत्थान का युग है। इस युग का नेतृत्व एक ऐसे राष्ट्र पुरुष ने किया है, जिनमें 140 करोड़ भारतीयों के अटूट विश्वास, आकांक्षाओं और सपनों का प्रतिबिंब दिखता है। यह आजादी के बाद दूसरी बार हुआ है कि भारत की जनता ने लगातार तीन बार किसी नेता में अपनी आशाओं और आकांक्षाओं को पूरा करने के लिए विश्वास व्यक्त किया है। जनता ने बार-बार ऐसे नेतृत्व पर भरोसा जताया, जिसने हर निर्णय और हर नीति के केंद्र में 'राष्ट्र प्रथम' को रखा। इस महान नेतृत्व को कोटि-कोटि नमन। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की सरकार के 12 वर्ष पूरे होना भारत के आत्मविश्वास, आत्मनिर्भरता और वैश्विक प्रतिष्ठा के पुनर्जागरण की गाथा है। एक समय था जब भारत को 'संभावनाओं का देश' कहा जाता था, लेकिन आज भारत 'उपलब्धियों का देश' बनकर दुनिया के सामने खड़ा है। यह परिवर्तन किसी एक योजना, किसी एक निर्णय या किसी एक क्षेत्र तक सीमित नहीं है, बल्कि यह समग्र राष्ट्र निर्माण की एक व्यापक प्रक्रिया का परिणाम है। भारत हजारों वर्षों पुरानी सभ्यता है। यह वह भूमि है जिसने दुनिया को योग, आयुर्वेद, ध्यान, दर्शन और मानव कल्याण का मार्ग दिखाया। लंबे समय तक हमने अपनी इसी अमूल्य धरोहर को केवल इतिहास की पुस्तकों तक सीमित कर दिया था। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भारत ने अपनी सांस्कृतिक चेतना को पुनः जागृत किया। उन्होंने यह संदेश दिया कि आधुनिकता और परंपरा विरोधी नहीं, बल्कि एक-दूसरे के पूरक हैं। आज अंतरराष्ट्रीय योग दिवस दुनिया के 190 से अधिक देशों में मनाया जाता है। काशी विश्वनाथ धाम का पुनर्विकास, महाकाल लोक, केदारनाथ पुनर्निर्माण और अयोध्या में भव्य श्रीराम मंदिर का निर्माण केवल धार्मिक परियोजनाएं नहीं हैं, बल्कि भारत की सांस्कृतिक अस्मिता के पुनर्जागरण के प्रतीक हैं। इन पहलों ने करोड़ों भारतीयों के मन में अपनी सभ्यता और संस्कृति के प्रति नया गर्व पैदा किया है। सांस्कृतिक पुनर्जागरण के साथ-साथ आर्थिक क्षेत्र में भी भारत ने अभूतपूर्व उपलब्धियां हासिल की हैं। वर्ष 2014 में भारत विश्व की 11वीं सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था था। आज भारत विश्व की चौथी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनने की ओर अग्रसर है। यह उपलब्धि करोड़ों भारतीयों के जीवन स्तर में सुधार का संकेत है। वैश्विक महामारी, युद्ध, आर्थिक मंदी और आपूर्ति श्रृंखला संकट जैसी चुनौतियों के बावजूद भारत दुनिया की सबसे तेजी से बढ़ती प्रमुख अर्थव्यवस्थाओं में बना रहा। वस्तु एवं सेवा कर, उत्पादन आधारित प्रोत्साहन योजना और व्यापार के लिए ईज ऑफ डुइंग बिजनेस जैसीपहलों ने भारत को निवेश और विनिर्माण का प्रमुख केंद्र बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। इन 12 वर्षों की सबसे बड़ी उपलब्धियों में यदि किसी एक परिवर्तन को विशेष रूप से रेखांकित किया जाए, तो वह भारत की डिजिटल क्रांति है। एक समय था जब सरकारी योजनाओं का लाभ पात्र व्यक्ति तक पहुंचने से पहले ही व्यवस्था की खामियों में खो जाता था। भ्रष्टाचार और बिचौलियों की भूमिका आम चर्चा का विषय थी। आज जनधन और तकनीक की शक्ति ने इस स्थिति को पूरी तरह बदल दिया है। 53 करोड़ से अधिक जनधन खाते, दुनिया के सबसे अधिक यूपीआई हस्तांतरणों ने भारत को डिजिटल शासन का वैश्विक मॉडल बना दिया है। डीबीटी के माध्यम से 51 लाख करोड़ रुपये से अधिक की राशि सीधे लाभार्थियों के खातों में पहुंचाई जा चुकी है। इससे पारदर्शिता बढ़ी हैऔर गरीबों को उनका अधिकार मिला है। मोदी सरकार के 12 वर्षों की सबसे महत्वपूर्ण सफलता गरीब कल्याण रहा है। पंडित दीनदयाल उपाध्याय के 'अंत्योदय' के सिद्धांत को व्यवहार में उतारते हुए उन्होंने विकास की धारा को समाज के अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाया है। प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत 4 करोड़ परिवारों को पक्के घर दिए। उज्ज्वला योजना ने लगभग 11 करोड़ गरीब माताओं को चूल्हे के धुएं से मुक्ति दिलाई। स्वच्छ भारत मिशन में 12 करोड़ से अधिक शौचालयों का निर्माण कर महिलाओं के सम्मान और स्वास्थ्य की रक्षा की। जल जीवन मिशन ने गांव-गांव तक नल से जल पहुंचाने का कार्य किया। आयुष्मान भारत योजना में 60 करोड़ गरीब परिवारों को स्वास्थ्य सुरक्षा प्रदान की। इन योजनाओं से करोड़ों लोगों के जीवन में सम्मान, सुरक्षा और आत्मविश्वास का संचार हुआ है। वर्ष 2020 में जब पूरी दुनिया कोविड-19 महामारी की चपेट में थी, तब भारत के सामने भी विकट हालात थे। लेकिन, प्रधानमंत्री के कुशल नेतृत्व में भारत ने आपदा को अवसर में बदलते हुए अपनी क्षमता और नेतृत्व का परिचय दिया। एक समय जो देश वैक्सीन आयात करता था

# संपूर्ण ब्रह्मांड है शिव जी का रूप



संकलित

**दर्शन**

जिस क्षण आपका तन अस्तित्व में आया, यह मात्र एक कोशिका के रूप में था। एक कोशिका आपका पूरा शरीर बन गई। उस कोशिका को ठीक-ठीक ज्ञात था कि आंखें कहां बनानी हैं, कान कहां बनाने हैं, गुर्दे कहां होने चाहिए, हृदय कहां होना चाहिए और एक कोशिका ने स्वयं को कई अलग-अलग ढंग से गुणित किया, जैसे कि नाखून, केश, जिह्वा, मांसपेशियां, अस्थियां और शरीर के अन्य सभी अंग। क्या कभी आपने इस बारे में सोचा है? एक कोशिका ने बहुगुणित होकर मानव शरीर के इतने सारे अंग बनाए। मानव शरीर एक है, फिर भी यह अपनी प्रकृति और बनावट में बहुत विविधता पूर्ण है। विविधता में यह एकता संपूर्ण सृष्टि में भी नजर आती है। संपूर्ण सृष्टि में सूर्य, चंद्रमा, तारे, वायु, बादल, जल, पृथ्वी एक ही पदार्थ से बने हैं। हर वस्तु एक तत्व से बनी है। उस एक तत्व को शिव कहा जाता है, जिसकी हम श्रावण के इस शुभ महीने में पूजा करते हैं। शिव तत्व के बारे में बात करना बहुत कठिन है क्योंकि इसे केवल महसूस किया जा सकता है। शब्द बहुत निकट जाते हैं लेकिन वापस लौट आते हैं। क्या शिव कोई सत्ता है? क्या उसका कोई रूप है? क्या वह किसी स्थान पर विराजमान कोई व्यक्ति है? नहीं, शिव संपूर्ण ब्रह्मांड हैं। शिव तत्व वह है जहां से सब कुछ आया है, सब कुछ स्थित है और जिसमें सब कुछ विलीन हो जाता है। ऐसा कोई मार्ग नहीं है कि आप किसी भी समय शिव तत्व से बाहर निकल सकें क्योंकि शिव ही संपूर्ण सृष्टि हैं।

# जमींदार और मजदूर के कर्म का फल



संकलित

**प्रेरणा**

एक गांव में जमींदार और उसके एक मजदूर की साथ ही मौत हुई। दोनों यमलोक पहुंचे। धर्मराज ने जमींदार से कहा- आज से तुम मजदूर की सेवा करोगे। मजदूर से कहा- अब तुम कोई काम नहीं करोगे, आराम से यहां रहोगे। जमींदार परेशान हो गया। पृथ्वी पर तो मजदूर जमींदार की सेवा करता था, पर अब उल्टा होने वाला था। जमींदार ने कहा- भगवन, आप ने मुझे यह सजा क्यों दी? मैं तो भगवान का परम भक्त हूं। प्रतिदिन मंदिर जाता था। देसी घी से भगवान की आरती करता था और बहुमूल्य चीजें दान करता था। धर्म के अन्य आयोजन भी मैं करता ही रहता था। धर्मराज ने मजदूर से पूछा- तुम क्या करते थे पृथ्वी पर? मजदूर ने कहाः भगवन, मैं गरीब मजदूर था। दिन भर जमींदार के खेत में मेहनत मजदूरी करता था। मजदूरी में उनके यहां से जितना मिलता था, उसी में परिवार के साथ गुजारा करता था। मोह माया से दूर जब समय मिलता था तब भगवान को याद कर लेता था। भगवान से कभी कुछ मांगा नहीं। गरीबी के कारण प्रतिदिन मंदिर में आरती तो नहीं कर पाता था, लेकिन जब घर में तेल होता तब मंदिर में आरती करता था और आरती के बाद दीपक को अंधेरी गली में रख देता था ताकि अंधेरे में आने-जाने वाले लोगों को प्रकाश मिले। धर्मराज ने जमींदार से कहा- आपने सुन ली न मजदूर की बात? भगवान धन-दौलत और अहंकार से खुश नहीं होते। भगवान मेहनत और ईमानदारी से कमाने वाले व्यक्ति से प्रसन्न रहते हैं। यह मजदूर तुम्हारे खेतों में काम करके खुश रहता था और सच्चे मन से भगवान की आराधना करता था।

## किंगफिशर



असम के नागांव जिले में मंगलवार को एक पेड़ की टहनी पर दो भूरे गले वाले किंगफिशर बैठे दिखे।

## आज की पाती

### बढ़ती रसोई गैस कीमतों से निपटना जरूरी

पश्चिमी एशिया के तनाव के कारण हमारे देश में पिछले तीन महीनों में रसोई गैस की कीमतों में दो बार वृद्धि हो चुकी है और अभी भी यह कहा जा रहा है कि अभी भी घाटा हो रहा है, क्योंकि अमरीका और ईरान युद्ध के कारण अंतरराष्ट्रीय बाजार में कच्चे तेल और गैस की कीमतों में तेजी है। अब कुछ राज्यों में रसोई गैस सिलेंडर की कीमत 1000 रुपए के करीब या इससे ऊपर हो चुकी है। सरकारों और समृद्ध लोगों के लिए यह वृद्धि मामूली रकम हो सकती है, लेकिन एक दिहाड़ीदार से पूछो कि रसोई गैस सिलेंडर की कीमत में इस बढ़ोतरी से उसे कितनी परेशानी हुई। एक तरफ सरकार गरीबों को मुफ्त का राशन बांट रही है, वहीं रसोई गैस सिलेंडर की कीमतों में बढ़ोतरी से आम लोग परेशान हैं। *- मेघनाथ साहू, बलौदाबाजार*

## करंट अफेयर

### भारत बना दुनिया का पांचवां सबसे बड़ा सैन्य व्ययकर्ता

भारत वर्ष 2025 में 92.1 अरब अमेरिकी डॉलर के रक्षा व्यय के साथ दुनिया का पांचवां सबसे बड़ा सैन्य व्ययकर्ता रहा है। अंतरराष्ट्रीय थिंक-टैंक 'स्टॉकहोम इंटरनेशनल पीस रिसर्च इन्स्टीट्यूट' (सिपरी) की ताजा रिपोर्ट में यह जानकारी दी गई है, जिसमें पिछले वर्ष भारत और पाकिस्तान के बीच रहे 'असामान्य गंभीर सैन्य संकट' का भी उल्लेख किया गया है। सोमवार को जारी इस वार्षिक आकलन रिपोर्ट में कहा गया है कि भारत के पास जनवरी 2026 तक लगभग 190 परमाणु हथियार हैं, जबकि पाकिस्तान के पास अनुमानित रूप से 170 हथियार हैं। सिपरी के अनुसार, समझा जाता है



## ऑफ बीट

### तंत्रिका तंत्र को प्रभावित करती है विटामिन बी6

ऑस्ट्रेलिया के औषधि नियामक ने दावा किया है कि विटामिन बी6 की अत्यधिक मात्रा तंत्रिकाओं को क्षति पहुंचाने सहित ऐसे कई घातक दुष्प्रभाव उत्पन्न कर सकती है जो हमारी सोच से कहीं अधिक होंगे। ऑस्ट्रेलिया की दवा नियामक संस्था 'थेरेप्यूटिक गुड्स एडमिनिस्ट्रेशन' (टीजीए) ने यह दावा किया है। इस सप्ताह के शुरु में एबीसी की एक रिपोर्ट में बताया गया कि टीजीए के एक प्रवक्ता के मुताबिक, विटामिन बी6 के दुष्प्रभावों की गंभीरता का अब तक शायद कमतर ही आकलन किया गया था। बहरहाल, सुरक्षा संबंधी चिंताओं के मद्देनजर, विटामिन बी6 की उच्च मात्रा वाले सप्लीमेंट की बिक्री पर प्रतिबंध लगाने के प्रस्ताव पर विचार किया जा




## X ट्रेंड f

### दयनीय स्थिति

बारह वर्षों की गरीब-विरोधी आर्थिक नीतियों और समझौतावादी विदेश नीति ने आज देश को ऐसी दयनीय स्थिति में धकेल दिया है जहाँ लाखों गरीब परिवार लकड़ी के चूल्हों के जहरीले धुएं की ओर विवश है।

- **राहुल गांधी**, सांसद, कांग्रेस



### हिंदू व्यापारियों पर रेड

आज पंजाब में ईडी एक बार फिर हिंदू व्यापारियों पर छापेमारी कर रही है। ईडी पंजाब के छोटे हिंदू व्यापारियों को परेशान कर रही है। मैं सभी व्यापारियों से अपील करता हूं - घबराने की कोई जरूरत नहीं है, पूरा पंजाब और सरकार आपके साथ है, हम सब मिलकर ईडी का सामना करेंगे।

-**अरविंद केजरीवाल**, पूर्व सीएम, नई दिल्ली



### दोषियों को संरक्षण

रांची की जेल में हेमंत सरकार महिला कैदी के साथ जेल अधीक्षक द्वारा किए शारीरिक दुर्व्यवहार को अफवाह बताकर व मेडिकल रिपोर्ट को छुपाकर दोषियों को संरक्षण दे रही है। मामला सामने आते ही महिला को जमानत देना भी संदिग्ध लगता है।

- **बाबूलाल मरांडी**, पूर्व सीएम, झारखंड



### गैर-जरूरी मुद्दे

एनडीए सरकार जनता की ज्वलंत समस्याओं और अपनी नीतिगत विफलताओं से ध्यान हटाने, गुमराह करने के लिए आवास और सुरक्षा जैसे गैर-जरूरी मुद्दों को प्राथमिकता दे रही है। आखिर इन मुद्दों से जनता को क्या लाभ होगा?

- **तेजस्वी यादव**, पूर्व डिप्टी सीएम, बिहार



## संक्षेप

### फांसी के फंदे पर लटकता मिला किशोरी का शव

अमन लेखनी समाचार

उन्नाव। माखी थाना क्षेत्र के मेथी टिकुर गांव में गुरुवार शाम एक 16 वर्षीय किशोरी का शव घर के अंदर संदिग्ध परिस्थितियों में मिला। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है। काजल 16 वर्ष पुत्री रामरतन, निवासी मेथी टिकुर गांव के रूप में हुई है। परिजनों के अनुसार, काजल का शव घर के अंदर संदिग्ध हालत में पड़ा मिला। जब परिजनों ने उसे देखा तो घर में लोगों की भीड़ जमा हो गई।माखी थाना पुलिस ने घटनास्थल का निरीक्षण किया और आसपास के लोगों से पूछताछ कर जानकारी जुटाई।प्रथम दृष्टया मौत के कारणों का पता नहीं चल सका है।पुलिस सभी संभावित पहलुओं को ध्यान में रखकर जांच कर रही है।परिजनों ने बताया कि काजल अपने माता-पिता की लाड़ली बेटी थी और उसका एक भाई भी है।किशोरी की अचानक मौत से परिवार सदमे में है।थानाध्यक्ष योगेश सिंह ने बताया कि किशोरी का शव संदिग्ध परिस्थितियों में मिला है। शव को पोस्टमार्टम के लिए जिला अस्पताल भेजा गया है। उन्होंने कहा कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही मौत के वास्तविक कारणों की पुष्टि हो सकेगी और जांच में सामने आए तथ्यों के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

### सड़क दुर्घटना में घायल युवक का सही उपचार न करने आरोप

अमन लेखनी समाचार

सुमेरपुर, उन्नाव। बिहार थाना क्षेत्र के बिहार बक्सर मार्ग पर कपुरपुर के पास शराब के नशे मे बाइक सवार के गिरने पर गम्भीर रुप से घायल हो गया ।राहगीरों की मदत से उसे प्राथमिक स्वास्थ केन्द्र सुमेरपुर ले जाया गया । जहां से उसे जिला अस्पताल के लिए रेफर कर दिया गया ।स्वास्थ केन्द्र पहुंचे परिजनों ने बिहार बक्सर मार्ग पर घायल को बैठाकर जाम लगा दिया ।बारासगवर थाना क्षेत्र के ठिठुमा निवासी सौरभ पटेल पुत्र रामशंकर सुमेरपुर की तरफ जा रहा था अत्यधिक नशे में होने के कारण उसकी बाइक कपुरपुर गाँव के पास असुंतलित हो गयी जिससे वह घायल हो गया।एम्बुलेंस की मदद से उसे सुमेरपुर स्वास्थ्य केंद्र लाया गया। डॉक्टरो द्वारा उचित ईलाज उपरान्त जिला अस्पताल रिफर कर दिया। कुछ ही देर में उसके परिजन सुमेरपुर अस्तपताल पहुँच गए व ईलाज न करने का आरोप लगा हंगामा करने लगे। अस्तपताल का स्ट्रेचर सहित अन्य सामानों की तोड़फोड़ कर रोड जाम करने का प्रयास करने लगे।सूचना पर पहुँचे थाना प्रभारी राहुल सिंह ने समझा बुझा परिजनों को शान्त करा घायल को जिला अस्पताल भिजवा दिया।

## मानव तस्करी का प्रयास किया विफल, नेपाली नाबालिग बालक को बचाया

अमन लेखनी समाचार



रुपईडीहा, बहराइच। भारत-नेपाल सीमा पर मानव तस्करी एवं बाल श्रम की रोकथाम के लिए सतत रूप से कार्यरत 42वीं वाहिनी सशस्त्र सीमा बल (एसएसबी), बहराइच को एक महत्वपूर्ण सफलता प्राप्त हुई है। विशेष आसूचना के आधार पर वाहिनी के जवानों ने सीमा चौकी रुपैडीहा स्थित बीआईटी चेकपोस्ट पर एक नेपाली नाबालिग बालक को संदिग्ध मानव तस्करी के मामले में सुरक्षित रेस्क्यू किया तथा एक नेपाली महिला को हिरासत में लेकर नेपाल पुलिस को सौंप दिया।प्राप्त जानकारी के अनुसार दिनांक 11 जून 2026 को शाम लगभग 1810 बजे 42वीं वाहिनी को विशेष सूचना प्राप्त हुई कि नेपाल के जाजरकोट जिले की एक महिला नाबालिग बच्चों को रोजगार का प्रलोभन देकर भारत ले जाने का प्रयास कर रही है और वह रुपैडीहा चेकपोस्ट के रास्ते भारत में प्रवेश कर सकती है। सूचना के आधार पर चेकपोस्ट पर निगरानी एवं जांच को और अधिक सुदृढ़ किया गया। जांच एवं काउंसलिंग के दौरान नेपाल के जिला जाजरकोट निवासी 23 वर्षीय सरिता सुनार तथा 14 वर्षीय जीवन नेपाली को रोका गया। प्रारंभिक पूछताछ में महिला ने बालक को जानने अथवा उसके साथ यात्रा करने से इनकार कर दिया।इसके बाद एंटी ह्यूमन ट्रैफिकिंग यूनिट (अलळव), देहात इंडिया (एनजीओ) तथा एसएसबी अधिकारियों की उपस्थिति में दोनों से विस्तृत पूछताछ की गई। पूछताछ के दौरान नाबालिग बालक ने बताया कि वह घर से भागकर नेपालगंज पहुंचा था, जहां उसकी मुलाकात सरिता सुनार से हुई। बालक के अनुसार महिला ने उसे भारत के कारगिल (लद्दाख) क्षेत्र में निर्माण कार्य में रोजगार दिलाने का आश्वासन दिया था और उसे अपने साथ भारत ले जा रही थी। बालक ने यह भी बताया कि उक्त महिला नियमित रूप से मजदूरों को भारत ले जाने का कार्य करती है। एसएसबी द्वारा बालक की माता से संपर्क किया गया, जिन्होंने पुष्टि की कि उनका पुत्र घर से बिना बताए चला गया था तथा वे सरिता सुनार को नहीं जानती हैं।उन्होंने अपने पुत्र को भारत जाने से रोकने का अनुरोध किया। बालक के लगातार एक जैसे बयान तथा महिला द्वारा संबंध से इनकार किए जाने के कारण मामला बाल श्रम एवं श्रम शोषण के उद्देश्य से संभावित मानव तस्करी का प्रतीत हुआ। आवश्यक कानूनी औपचारिकताएं एवं काउंसलिंग पूर्ण करने के उपरांत रेस्क्यू किए गए बालक को एएचटीयू एवं नेपाल पुलिस की उपस्थिति में नेपाल स्थित संस्था ह्रशांतिपूर्ण स्थापना गृहह्र को देखभाल एवं पुनर्वास हेतु सुपुर्द कर दिया गया, जबकि सरिता सुनार को सत्यापन एवं अग्रिम कानूनी कार्रवाई के लिए नेपाल पुलिस को सौंप दिया गया।इस अवसर पर गिरीश चन्द्र पाण्डेय, कमांडेंट, 42वीं वाहिनी सशस्त्र सीमा बल, बहराइच ने कहा कि मानव तस्करी और बाल श्रम समाज के लिए गंभीर चुनौती हैं। उन्होंने कहा कि सीमा क्षेत्र में बच्चों एवं महिलाओं की सुरक्षा सुनिश्चित करना एसएसबी की सर्वोच्च प्राथमिकताओं में से एक है तथा मानव तस्करी के विरुद्ध वाहिनी द्वारा स्थानीय प्रशासन, एएचटीयू एवं सामाजिक संगठनों के साथ समन्वय स्थापित कर निरंतर प्रभावी कार्रवाई की जा रही है।42वीं वाहिनी की इस कार्रवाई को मानव तस्करी के विरुद्ध चलाए जा रहे अभियान की एक महत्वपूर्ण उपलब्धि माना जा रहा है तथा इससे सीमा क्षेत्र में सक्रिय तस्करों को कड़ा संदेश गया है।

## सफलता: तीन तस्करों से 1.876 किलोग्राम चरस व 16 ग्राम स्मैक बरामद

अमन लेखनी समाचार



रुपईडीहा, बहराइच। भारत-नेपाल सीमा पर मादक पदार्थों की तस्करी के विरुद्ध चलाए जा रहे अभियान के तहत थाना रुपईडीहा पुलिस और एसएसबी की संयुक्त टीम ने अलग-अलग कार्रवाई करते हुए तीन तस्करों को गिरफ्तार कर उनके कब्जे से 1.876 किलोग्राम चरस तथा 16 ग्राम स्मैक बरामद की है।पुलिस ने आरोपियों के विरुद्ध एनडीपीएस एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज कर उन्हें न्यायालय भेज दिया है।रूपईडीहा थाना प्रभारी रमेश सिंह रावत ने जानकारी देते हुए बताया कि पुलिस अधीक्षक बहराइच विश्वजीत श्रीवास्तव के निर्देशन, अपर पुलिस अधीक्षक ग्रामीण दुर्गा प्रसाद तिवारी तथा क्षेत्राधिकारी नानपारा पहुंप सिंह के पर्यवेक्षण में तथा मेरे नेतृत्व में यह कार्रवाई की गई।उन्होंने बताया कि पुलिस व एसएसबी की संयुक्त टीम ने 11 जून की रात करीब 9:48 बजे कस्बा रुपईडीहा स्थित सीमांत डिग्री कॉलेज के पास से दो युवकों सादिक पुत्र सलीम तथा सद्दाम पुत्र समीम, निवासी साकेत नगर वार्ड नंबर 8, थाना रुपईडीहा को गिरफ्तार किया। तलाशी के दौरान उनके कब्जे से 1.876 किलोग्राम चरस बरामद हुई। इस संबंध में थाना रुपईडीहा पर एनडीपीएस एक्ट के तहत मामला दर्ज किया गया।इसके अतिरिक्त उसी रात करीब 10:45 बजे नेपालगंज रोड रेलवे स्टेशन के पास से मेहंदी हसन पुत्र अब्दुल हक, निवासी दीनदयाल नगर , रुपईडीहा को गिरफ्तार किया गया।उसके कब्जे से 16 ग्राम स्मैक बरामद हुई।इस मामले में भी थाना रुपईडीहा पर एनडीपीएस एक्ट के तहत अभियोग पंजीकृत किया गया।पुलिस ने तीनों आरोपियों के विरुद्ध आवश्यक विधिक कार्रवाई पूरी कर उन्हें न्यायालय बहराइच के समक्ष पेश कर दिया। सीमा क्षेत्र में मादक पदार्थों की तस्करी रोकने के लिए पुलिस और एसएसबी द्वारा संयुक्त अभियान लगातार चलाया जा रहा है।

## विश्व बालश्रम निषेध दिवस पर मानव सेवा संस्थान ने चलाया जागरूकता अभियान

अमन लेखनी समाचार




रुपईडीहा, बहराइच। विश्व बालश्रम निषेध दिवस के अवसर पर मानव सेवा संस्थान शाखा रुपईडीहा द्वारा ग्राम सभा खैरनिया में जनजागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य बालश्रम, बाल मजदूरी, बाल विवाह, बाल अधिकार, डिजिटल सुरक्षा तथा बाल तस्करी की रोकथाम के प्रति लोगों को जागरूक करना था। मानव सेवा संस्थान शाखा रुपईडीहा के प्रबंधक एवं क्लस्टर हेड अर्जुन कुमार ने बताया कि बच्चों के सुरक्षित और उज्ज्वल भविष्य के लिए समाज के सभी वर्गों को मिलकर बालश्रम और बाल तस्करी जैसी कुप्रथाओं के विरुद्ध जागरूक होना आवश्यक है। इसी उद्देश्य से विश्व बालश्रम निषेध दिवस के अवसर पर यह विशेष जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया।कार्यक्रम में रुपईडीहा पुलिस की मिशन शक्ति टीम के उपनिरीक्षक अजय कुमार एवं उनकी टीम ने उपस्थित लोगों को बाल संरक्षण से संबंधित कानूनों और सुरक्षा उपायों की जानकारी दी।वहीं, सशस्त्र सीमा बल (एसएसबी) के निरीक्षक चुन्नीलाल एवं उनकी टीम ने मानव तस्करी की रोकथाम तथा सीमावर्ती क्षेत्रों में सतर्कता बनाए रखने के संबंध में महत्वपूर्ण जानकारी साझा की।इस अवसर पर ग्राम प्रधान खैरनिया राकेश चौधरी, अध्यापिका अनीता आर्य, काउंसलर संध्या मिश्रा सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण एवं बच्चे उपस्थित रहे।कार्यक्रम के माध्यम से लोगों को बच्चों के अधिकारों की रक्षा करने तथा उन्हें शिक्षा और सुरक्षित वातावरण उपलब्ध कराने का संदेश दिया गया।

## यातायात सुरक्षा के प्रति जागरूकता बढ़ाने को लेकर गोष्ठी का आयोजन

अमन लेखनी समाचार



उन्नाव। सड़क दुर्घटनाओं को कम करने और यातायात सुरक्षा के प्रति जागरूकता बढ़ाने के उद्देश्य से शुक्रवार को रिजर्व पुलिस लाइन में एक गोष्ठी आयोजित की गई। इसकी अध्यक्षता अपर पुलिस अधीक्षक उत्तरी अखिलेश सिंह और क्षेत्राधिकारी यातायात अजय कुमार सिंह ने की।गोष्ठी में पुलिस क्रिटिकल केयर (सीसी टीम) के सदस्यों के साथ जिले के होटल और ढाबा संचालक शामिल हुए।गोष्ठी को संबोधित करते हुए अपर पुलिस अधीक्षक उत्तरी अखिलेश सिंह ने कहा कि सड़क दुर्घटनाओं की रोकथाम केवल पुलिस की नहीं, बल्कि समाज के हर वर्ग की जिम्मेदारी है।उन्होंने होटल और ढाबा संचालकों से अपील की कि वे अपने प्रतिष्ठानों पर आने वाले वाहन चालकों, खासकर ट्रक और भारी वाहनों के चालकों को सुरक्षित और जिम्मेदार ड्राइविंग के लिए प्रेरित करें।सिंह ने बताया कि लंबे समय तक वाहन चलाने से चालक अक्सर थकान का शिकार हो जाते हैं, जो गंभीर दुर्घटनाओं का एक प्रमुख कारण है।उन्होंने चालकों को पर्याप्त विश्राम करने और थकान होने पर वाहन न चलाने के लिए जागरूक करने पर जोर दिया।उन्होंने कहा कि सड़क सुरक्षा के प्रति जागरूकता बढ़ाकर कई दुर्घटनाओं को टाला जा सकता है।क्षेत्राधिकारी यातायात अजय कुमार सिंह ने दुर्घटनाओं के प्रमुख कारणों, यातायात नियमों के पालन और दुर्घटना होने पर त्वरित सहायता प्रदान करने की प्रक्रिया के बारे में जानकारी दी। उन्होंने होटल और ढाबा संचालकों से अपने प्रतिष्ठानों पर सड़क सुरक्षा संदेश, पोस्टर और जागरूकता सामग्री प्रदर्शित करने का आग्रह किया।साथ ही, किसी भी दुर्घटना या आपात स्थिति की सूचना तत्काल पुलिस और आपातकालीन सेवाओं को देने पर जोर दिया।गोष्ठी में पुलिस क्रिटिकल केयर (सीसी टीम) के सदस्यों को भी विशेष निर्देश दिए गए। उन्हें सड़क दुर्घटनाओं में घायलों को त्वरित सहायता प्रदान करने, 'गोल्डन ऑवर' के महत्व को समझने और आपातकालीन स्थितियों में प्रभावी कार्रवाई करने के लिए प्रशिक्षित किया गया।अधिकारियों ने दुर्घटना पीड़ितों को शीघ्र चिकित्सा सहायता उपलब्ध कराकर उनकी जान बचाने के लिए संवेदनशील एवं सक्रिय कार्यशैली अपनाने पर बल दिया। कार्यक्रम में सड़क दुर्घटनाओं की रोकथाम, यातायात नियमों के पालन को बढ़ावा देने तथा पुलिस और समाज के विभिन्न वर्गों के बीच बेहतर समन्वय स्थापित करने पर भी विस्तृत चर्चा हुई।अंत में उपस्थित सभी प्रतिभागियों ने सड़क सुरक्षा के प्रति जनजागरूकता फैलाने और दुर्घटनाओं को कम करने के लिए पुलिस प्रशासन का पूर्ण सहयोग करने का आश्वासन दिया।

## 12 वर्ष के सफल सुशासन पर सांसद ने पार्टी कार्यकर्ताओं को किया सम्मानित

अमन लेखनी समाचार

शिवपुर, बहराइच। बहराइच सांसद आनंद गोंड ने नानपारा विधानसभा के इमामगंज बाजार पहुंचकर कार्यकर्त्ताओं को किया सम्मानित।वे भारतीय जनता पार्टी की सरकार के 12 वर्ष के सफल सुशासन के अवसर पर आयोजित कार्यकर्त्ता सम्मान कार्यक्रम में शामिल हुए। दीक्षित किराना स्टोर पर भाजपा कार्यकताओं ने उनका स्वागत किया।कार्यकताओं ने सांसद का माल्यार्पण कर स्वागत किया।इसके बाद सांसद गोंड ने उन्हें संबोधित किया। उन्होंने कहा कि यशस्वी प्रधानमंत्री के नेतृत्व में सरकार के सफल सुशासन के 12 वर्ष पूरे हो गए हैं। इसमें कार्यकताओं का बहुमूल्य योगदान रहा है।पार्टी के वरिष्ठ कार्यकर्ता घनश्याम सिंह ने अपने संबोधन में कहा कि कार्यकर्ता डबल इंजन सरकार की नीतियों को घर-घर पहुंचा रहे हैं। वे पात्र व्यक्तियों को योजनाओं का लाभ दिलाने का काम कर रहे हैं।उन्होंने



जोर दिया कि कार्यकर्ता ही पार्टी की मजबूती हैं।कार्यक्रम के दौरान सांसद ने वरिष्ठ और कनिष्ठ कार्यकताओं को सम्मानित किया। इस अवसर पर भाजपा मंडल इकाई रामपुर के मंडल अध्यक्ष सालिकराम लोधी, प्रभात कुमार जायसवाल, राजेश लोधी, शहनाज अली सहित कई वरिष्ठ और कनिष्ठ भाजपा कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## तालाब में पलटी ट्रैक्टर-ट्रॉली, चालक की दबकर मौत

### परिजनों में मचा कोहराम, संवैधानिक कार्यवाही में जुटी पुलिस

अमन लेखनी समाचार



शिवपुर, बहराइच। जिले के खैरीघाट थाना क्षेत्र में देर रात एक दर्दनाक सड़क हादसे में ट्रैक्टर-ट्रॉली तालाब में पलट गई, जिससे चालक की मौके पर ही मौत हो गई।घटना के बाद परिजनों में कोहराम मच गया, वहीं पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

प्राप्त जानकारी के अनुसार खैरीघाट थाना क्षेत्र के ग्राम पंचायत चौकसाहार के मजरा पहलवानपुरवा निवासी मयंकर यादव (28 वर्ष) पुत्र राधेश्याम यादव अपने ट्रैक्टर आईसर 551 में ट्रॉली लगाकर अरनवा स्थित अपनी सीमेंट-मौरंग की दुकान से घर वापस लौट रहे थे।बताया जाता है कि तेलियनपुरवा के पास सड़क किनारे स्थित तालाब के समीप अचानक ट्रैक्टर अनियंत्रित होकर फिसल गया और ट्रॉली सहित तालाब में पलट गया।

हादसा इतना भीषण था कि ट्रैक्टर के नीचे दब जाने से चालक मयंकर यादव की मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई। घटना की सूचना मिलते ही परिजन और ग्रामीण मौके पर पहुंच गए।युवक की मौत से परिवार में शोक की लहर दौड़ गई।

सूचना पर पहुंची खैरीघाट पुलिस ने स्थानीय लोगों की मदद से शव को बाहर निकलवाया तथा आवश्यक जांच-पड़ताल शुरू की।इस संबंध में प्रभारी निरीक्षक खैरीघाट प्रदीप कुमार सिंह ने बताया कि मृतक के भाई संजय यादव द्वारा सूचना दी गई थी।पुलिस टीम ने मौके पर पहुंचकर शव को कब्जे में लेकर पंचायतनामा की कार्यवाही पूरी की है और पोस्टमार्टम हेतु भेज दिया है।मामले में आवश्यक वैधानिक कार्यवाही की जा रही है।

## बाइक लोहे के डिवाइडर से टकराई, एक की मौत, पांच घायल

अमन लेखनी समाचार



शिवपुर, बहराइच। जिले के खैरीघाट थाना क्षेत्र अंतर्गत तकिया दाखिला रखौना गांव के छह लोग दो बाइकों से बेहड़ा से इमामगंज अपने रिश्तेदार के यहां जा रहे थे। रास्ते में बाइक की तेज रफ्तार के कारण वाहन अनियंत्रित होकर सड़क किनारे लगे लोहे के डिवाइडर से टकरा गए।हादसे में एक युवक की मौत हो गई, जबकि पांच लोग घायल हो गए।थाना खैरीघाट के तकिया निवासी आजाद पुत्र साबिर (18), हाशिम पुत्र साबिर(30), बेगम पत्नी साबिर(60), किस्मत जहाँ (25), शबनम पत्नी हाशिम (24) तथा नूर हसन पुत्र आशिफ (10) निवासी तकिया दाखिला रखौना दो बाइकों (स्प्लेंडर प्लस संख्या यूपी 40 बीएन 9072 एवं एचएफ डीलक्स संख्या यूपी 40 एवाई 8364) से इमामगंज की तरफ जा रहे थे कि पुसुपुरवा मोड़ के पास दुर्घटना हो गई।सूचना मिलते ही खैरीघाट पुलिस मौके पर पहुंची और सभी घायलों को निजी वाहन से सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र शिवपुर भेजा।वहां चिकित्सकों ने हाशिम पुत्र साबिर अली (30) को मृत घोषित कर दिया। प्रभारी चिकित्सक डॉ सी बी राम ने बताया कि हाशिम पुत्र साबिर अली की मौत हो गई है और आशिया,शबनम तथा नूर हसन का प्राथमिक उपचार कर जिला चिकित्सालय रेफर कर दिया गया है। थाना खैरीघाट के प्रभारी निरीक्षक ने बताया कि आवश्यक विधिक कार्यवाही की जा रही है।

## शांति समिति की बैठक सम्पन्न, सौहार्द और भाईचारे के साथ मनाएं त्योहार

अमन लेखनी समाचार / मोहम्मद कौसर

रुपईडीहा, बहराइच। आगामी मोहर्रम पर्व को शांतिपूर्ण एवं सौहार्दपूर्ण वातावरण में संपन्न कराने के उद्देश्य से थाना रूपईडीहा परिसर में शुक्रवार को क्षेत्राधिकारी नानपारा पहुंप सिंह की अध्यक्षता में शांति समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक में क्षेत्र के गणमान्य नागरिकों, ताजियादारों तथा मोहर्रम-चेहल्लुम कमेटी के पदाधिकारियों ने भाग लिया।बैठक को संबोधित करते हुए थाना प्रभारी रूपईडीहा रमेश सिंह रावत ने कहा कि शासन की मंशा के अनुरूप सभी त्योहार प्रेम, सद्भाव और भाईचारे के साथ मनाए जाएं। उन्होंने



बताया कि शासन की नई गाइडलाइन के अनुसार ताजियों की अधिकतम ऊंचाई 10 फीट निर्धारित की गई है तथा इससे अधिक ऊंचाई की ताजिया की अनुमति नहीं होगी।उन्होंने कहा कि यदि किसी गांव में रास्ते, करबला या अन्य किसी प्रकार की समस्या उत्पन्न होती है तो संबंधित लोग तत्काल पुलिस को अवगत कराएं, ताकि उसका समय रहते समाधान कराया जा सके।क्षेत्राधिकारी नानपारा पहुंप सिंह ने भी उपस्थित लोगों को शासन के निर्देशों से अवगत कराते हुए मोहर्रम का पर्व आपसी प्रेम और भाईचारे के साथ मनाने की अपील की।उन्होंने कहा कि किसी भी प्रकार की समस्या अथवा विवाद की स्थिति में पुलिस प्रशासन को तत्काल सूचना देंइस अवसर पर मोहर्रम कमेटी के सदस्यों सहित कस्बे के गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

## मोहर्रम पर्व को लेकर थाना जरवल रोड में पीस कमेटी की बैठक सम्पन्न

अमन लेखनी समाचार



कैसरगंज, बहराइच। आगामी मोहर्रम पर्व को सकुशल, शांतिपूर्ण एवं सौहार्दपूर्ण वातावरण में सम्पन्न कराने के उद्देश्य से थाना जरवल रोड परिसर में पीस कमेटी की बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता उपजिलाधिकारी कैसरगंज अखिलेश कुमार सिंह ने की। इस दौरान पुलिस क्षेत्राधिकारी कैसरगंज डीके श्रीवास्तव, प्रभारी निरीक्षक जरवल रोड सहित थाना क्षेत्र के विभिन्न गांवों के संभ्रांत नागरिक, ताजियादार एवं गणमान्य लोग भारी संख्या में उपस्थित रहे।बैठक में प्रशासनिक अधिकारियों द्वारा मोहर्रम पर्व को लेकर शासन एवं प्रशासन द्वारा जारी दिशा-निर्देशों और गाइडलाइन की जानकारी दी गई। अधिकारियों ने सभी ताजियादारों से अपील की कि ताजिया निर्माण एवं जुलूस के दौरान परंपरागत व्यवस्था का पालन करें तथा किसी भी प्रकार की नई परंपरा शुरू न की जाए।पुलिस क्षेत्राधिकारी डीके श्रीवास्तव ने कहा कि मोहर्रम का पर्व आपसी भाईचारे, शांति और सौहार्द का प्रतीक है।सभी लोग प्रशासन द्वारा निर्धारित नियमों का पालन करते हुए पर्व को शांतिपूर्ण ढंग से सम्पन्न कराएं। उन्होंने ताजिया जुलूस मार्ग, सुरक्षा व्यवस्था, साफ-सफाई एवं विद्युत सुरक्षा को लेकर भी आवश्यक निर्देश दिए।उपजिलाधिकारी अखिलेश कुमार सिंह ने उपस्थित लोगों से प्रशासन का सहयोग करने की अपील करते हुए कहा कि किसी भी प्रकार की अफवाह पर ध्यान न दें तथा किसी भी समस्या की सूचना तत्काल पुलिस एवं प्रशासन को दें। बैठक का उद्देश्य क्षेत्र में शांति व्यवस्था बनाए रखना एवं मोहर्रम पर्व को सौहार्दपूर्ण वातावरण में सम्पन्न कराना रहा।

## अलीपुर कला में पुलिस ने कसे पेंच, शांति से मनाएं मोहर्रम त्यौहार

अमन लेखनी समाचार

शिवपुर, बहराइच। जिले के खैरीघाट थाना क्षेत्र के ग्राम अलीपुर कला में आगामी मुहर्रम त्योहार के दृष्टिगत शांति व्यवस्था बनाए रखने के उद्देश्य से पीस कमेटी की बैठक आज शुक्रवार को की गई। बैठक में शासन प्रशासन द्वारा जारी आदेश निर्देश से धर्मावलंबियों का ग्रामीणों को अवगत कराया गया तथा लोगों से आपसी भाईचारे के साथ त्योहार को सकुशल संपन्न कराये जाने की अपील की गई। प्रभारी निरीक्षक खैरीघाट प्रदीप कुमार सिंह ने बताया कि थाना क्षेत्र में पूर्व से ही चिन्हित यथावत बनाए रखने के निर्देश दिए



गए हैं, कोई नया कार्य, नया जुलूस नहीं होगा, ताजिया लंबाई का भी ध्यान रखें, डीजे पर तेज आवाज, भड़काऊ तथा अश्लील गाने नहीं बजेंगे, शांति माहौल में त्यौहार मनाने की अपील की गई है माहौल खराब करने वालों पर निगरानी की जा रही है, दंगाइयों व उन्मादियों पर कठोर कार्यवाही सुनिश्चित की जाएगी।

## सुरक्षा व्यवस्था देख लोगों ने की खुलकर सराहना

### रानीपुर पुलिस ने किया पीस कमेटी बैठक का आयोजन

अमन लेखनी समाचार



बहराइच। आगामी मोहर्रम पर्व को शांतिपूर्ण, सौहार्दपूर्ण एवं भाईचारे के वातावरण में संपन्न कराने के उद्देश्य से थाना रानीपुर परिसर में आयोजित पीस कमेटी की बैठक क्षेत्र में चर्चा का विषय बनी रही। थाना प्रभारी हरेंद्र कुमार मिश्रा के नेतृत्व में आयोजित इस महत्वपूर्ण बैठक में क्षेत्र के सम्मानित नागरिकों, ग्राम प्रधानों, धर्मगुरुओं, जनप्रतिनिधियों, समाजसेवियों, पत्रकारों तथा भारी संख्या में ग्रामीणों ने भाग लियाबैठक के दौरान थाना प्रभारी हरेंद्र कुमार मिश्रा ने स्पष्ट शब्दों में कहा कि मोहर्रम केवल एक पर्व नहीं बल्कि त्याग, बलिदान, सब्र, इंसानियत और भाईचारे का संदेश देने वाला पवित्र महीना है। उन्होंने कहा कि किसी भी व्यक्ति को कानून व्यवस्था से खिलवाड़ करने की अनुमति नहीं दी जाएगी और माहौल बिगाड़ने वालों के विरुद्ध कठोरतम कार्रवाई की जाएगी थाना प्रभारी ने कहा कि बरसात के मौसम को देखते हुए ताजियों की ऊंचाई निर्धारित मानकों के अनुरूप रखी जाए। रास्तों में बिजली के तार, पेड़ और अन्य बाधाएं मौजूद हैं, इसलिए सुरक्षा को सर्वोच्च प्राथमिकता दी जानी चाहिए। बैठक में यह भी बताया गया कि थाना क्षेत्र रानीपुर के अंतर्गत पड़ने वाले सभी कर्बलाओं, जुलूस मार्गों और संवेदनशील स्थलों पर पुलिस की विशेष नजर रहेगी। ड्रोन कैमरों, वीडियो रिकॉर्डिंग और अतिरिक्त पुलिस बल की मदद से हर गतिविधि पर निगरानी रखी जाएगी। पुलिस प्रशासन ने साफ कर दिया कि किसी भी प्रकार की अफवाह, अराजकता या उपद्रव फैलाने की कोशिश करने वालों को किसी भी कीमत पर बख्शा नहीं जाएगा क्षेत्र के लोगों ने थाना प्रभारी हरेंद्र कुमार मिश्रा की कार्यशैली की खुलकर प्रशंसा करते हुए कहा कि उनकी सक्रियता, सजगता और जनहित के प्रति समर्पण के कारण थाना रानीपुर क्षेत्र में कानून व्यवस्था मजबूत हुई है। लोगों का कहना था कि पुलिस और जनता के बीच बेहतर संवाद स्थापित करने की दिशा में यह बैठक एक सराहनीय पहल है, जिससे क्षेत्र में विश्वास और भाईचारे का वातावरण और मजबूत होगा बैठक में ग्राम प्रधान अजय सिंह, अभय सिंह, दयाशंकर सिंह, गुड्डू पाठक, शाकिर प्रधान, पप्पू प्रधान, जितेंद्र त्रिपाठी, पत्रकार एवं समाजसेवी आसिफ सिद्दीकी, समाजसेवी आनंद कुमार गुप्ता, भारतीय जनता पार्टी युवा मोर्चा अध्यक्ष सुनील कुमार, पिछड़ा मोर्चा अध्यक्ष आशीष कुमार मौर्य, इस्तिकार, रमजान फूलजार, मस्जिद के इमाम एवं अन्य सम्मानित नागरिकों ने अपने विचार व्यक्त करते हुए शांति और सौहार्द बनाए रखने का संकल्प लिया।इस अवसर पर वरिष्ठ निरीक्षक शैलेन्द्र यादव, उप निरीक्षक मन्तराम, उप निरीक्षक विनोद कुमार पाण्डेय, उप निरीक्षक योगेन्द्र यादव, उप निरीक्षक विनोद राव, उप निरीक्षक सौरभ कुमार मिश्रा, हेड मोहर्रिर दिनेश कुमार यादव तथा थाना रानीपुर का समस्त पुलिस बल मौजूद रहा

# संक्षेप

## दिव्यांग ने लगाई सुरक्षा की गुहार

### डीएम कार्यालय पहुंचा पीड़ित, बोला – दहशत में है परिवार

बागपत ,जनपद में एक दिव्यांग युवक ने पड़ोसी पर लगातार उत्पीड़न और जान से मारने की धमकी देने का गंभीर आरोप लगाया है। भयभीत युवक ने डीएम कार्यालय पहुंचकर शिकायत पत्र सौंपा और अपनी व परिवार की सुरक्षा सुनिश्चित करने की मांग की है। मामले के सामने आने के बाद गांव में चर्चा का माहौल बना हुआ है।गांव के युवक पर लगाए गंभीर आरोप मामला बागपत क्षेत्र के हनकपुर उर्फ आनंदपुर गांव का है। पीड़ित अमित चौधरी ने आरोप लगाया कि गांव का ही राहुल नामक व्यक्ति उन्हें लगातार परेशान कर रहा है।शिकायत के अनुसार आरोपी ने उनके साथ अभद्र व्यवहार किया और गंभीर परिणाम भुगतने की धमकी भी दी कभी भी हो सकती है अप्रिय घटनए दिव्यांग युवक का कहना है कि लगातार मिल रही धमकियों के कारण वह मानसिक तनाव में है। उन्होंने आशंका जताई कि यदि समय रहते कार्रवाई नहीं हुई तो कोई भी अप्रिय घटना घट सकती है।इसी डर के चलते उन्होंने प्रशासन से तत्काल हस्तक्षेप की मांग की है।परिवार में बढ़ी चिंता, सुरक्षा की मांगअमित चौधरी ने अपने शिकायत पत्र में कहा है कि आरोपी के व्यवहार और धमकियों से पूरा परिवार भय के माहौल में जी रहा है। उन्होंने पुलिस से अनुरोध किया है कि उन्हें सुरक्षा प्रदान की जाए ताकि परिवार सामान्य जीवन जी सके। निष्पक्ष जांच और कार्रवाई की मांगपीड़ित ने प्रशासन से मामले की निष्पक्ष जांच कर आरोपी के खिलाफ सख्त कानूनी कार्रवाई करने की मांग की है। साथ ही भविष्य में किसी भी संभावित विवाद या घटना को रोकने के लिए आवश्यक कदम उठाने का आग्रह किया है।जांच के बाद तय होगी आगे की कार्रवाईफिलहाल शिकायत प्रशासन और पुलिस के संज्ञान में है। अधिकारियों का कहना है कि मामले की जांच कर तथ्यों के आधार पर आवश्यक कार्रवाई की जाएगी। जांच पूरी होने के बाद ही आरोपों की पुष्टि और आगे की कानूनी प्रक्रिया तय होगी।

## भंडारे से बुलाकर ले गए, फिर बरसाए लात-घूंसे

### 55 हजार की लूट का आरोप, एसपी से लगाई गुहार

बागपत ,जिले के बंदपुर गांव में मारपीट और लूटपाट का सनसनीखेज मामला सामने आया है। पीड़ित पक्ष का आरोप है कि भंडारे में शामिल होने गए युवक को कुछ लोग बहाने से अपने साथ ले गए और उसके साथ मारपीट कर हजारों रुपये लूट लिए। मामले को लेकर परिवार ने पुलिस अधीक्षक कार्यालय पहुंचकर न्याय की गुहार लगाई है।गांव के बाहर ले जाकर शुरू की गाली-गलौज बंदपुर निवासी मनोज ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि उनका भांजा बादल गांव में आयोजित भंडारे में गया हुआ था।इसी दौरान कुछ युवक वहां पहुंचे और उसे किसी बहाने से गांव के बाहर ले गए। आरोप है कि बाहर पहुंचते ही युवकों ने उसके साथ अभद्रता और गाली-गलौज शुरू कर दी। विरोध करने पर बेरहमी से की पिटाई शिकायत के अनुसार, जब बादल ने विरोध किया तो आरोपियों ने उस पर हमला बोल दिया। उसे लात-घूंसों से जमकर पीटा गया। काफी देर तक हुई मारपीट में युवक को चोटें आईं और वह बदहवास हो गया। मारपीट के बीच 55 हजार रुपये छीनने का आरोपपीड़ित पक्ष का आरोप है कि हमलावरों ने मारपीट के दौरान बादल की जेब में रखे 55 हजार रुपये भी छीन लिए। घटना के बाद आरोपी मौके से फरार हो गए।

# हाईवे किनारे बोरी में पैक मिला अज्ञात महिला का शव मचा हड़कंप

अमन लेखनी समाचार



फतेहपुर। जनपद के खागा कोतवाली थाना क्षेत्र अंतर्गत कल दोपहर समय इस्कूरी गांव के पास से निकले राजमार्ग के समीप एक बोरी में खून से लथपथ अज्ञात महिला का शव मिला आसपास मौजूद लोगों ने देखकर स्थानीय पुलिस प्रशासन को सूचना दी तथा प्रशासन ने जाकर देखा तो एक लगभग 35 वर्षीय महिला का शव रक्त रंजित अवस्था में बोरी के अंदर मिला घटनास्थल पर पहुंचे पुलिस अधीक्षक अभिमन्यु मांगलिक अपर पुलिस अधीक्षक क्षेत्राधिकारी दुर्गेशदीप तथा कोतवाली प्रभारी संजय पाण्डेय ने घटनास्थल का निरीक्षण किया वही अज्ञात महिला की शिनाख्त का पूर्ण प्रयास किया प्रशासन ने बताया कि महिला की आयु लगभग 35 वर्ष होगी जहां महिला हाथों में चूड़ी कंगन तथा शरीर पर बैंगनी रंग का सलवार सूट धारण किए हैं परंतु काफी प्रयास के बाद भी देर शाम तक शव की शिनाख्त नहीं हो पाई वहीं पुलिस अधीक्षक ने बताया कि पहचान के लिए जनपद से जुड़े आसपास के सभी जनपदों को हुलिया तथा फोटो भेज दी गई है सभी जनपदों के थाना प्रशासन से संपर्क बनाया गया है वहीं मामले की तह तक पहुंचने के लिए मुख्य मार्ग पर लगे सीसीटीवी कैमरे भी देखे जा रहे हैं वहीं देर शाम तक पहचान ना होने पाने के कारण अज्ञात महिला के शव को पोस्टमार्टम के लिए जिला मुख्यालय भेजा गया

# जिलाधिकारी की अध्यक्षता में बेसिक शिक्षा विभाग के बैठक हुई संपन्न

अमन लेखनी समाचार

फतेहपुर।जनपद के महात्मा गांधी कलेक्ट सभागार परिसर में बेसिक शिक्षा विभाग की बैठक संपन्न हुई बैठक की अध्यक्षता जिलाधिकारी निधि गुप्ता वत्स ने किया वहीं जिलाधिकारी ने अध्यक्षता करते हुए जनपद के परिषदीय विद्यालयों में ऑपरेशन कायाकल्प तथा अन्य बिंदुओं पर बृहद रूप से चर्चा की वहीं जिलाधिकारी ने ऐसे विद्यालय जिन विद्यालयों के पैरामीटरों का कार्य शेष है उन्हें जल्द ही पूर्ण करने का भी आवश्यक दिशा निर्देश दिया वहीं कार्यक्रम के चलते जनपद के परिषदीय विद्यालय जिनकी इमारत जर्जर है उनकी जल्द नीलामी प्रक्रिया पूरी की जाए जिसके लिए भी जिलाधिकारी ने विभागीय अधिकारियों को निर्देशित किया कार्यक्रम में उपस्थित बेसिक शिक्षा अधिकारी को जिलाधिकारी ने दिशा निर्देश देते हुए बताया कि स्कूल चलो अभियान के तहत लक्ष्य के सापेक्ष स्कूलों में नामांकन कराया जाए वही सभी शिक्षक इस पर विशेष ध्यान दें कि कोई भी बच्चा ड्रॉप आउट ना हो विद्यालय की शिक्षा को मजबूत बनाने के लिए गुणवत्ता का विशेष ध्यान दें तथा स्मार्ट क्लास के अंतर्गत डिजिटल शिक्षा का प्रचार प्रसार किया जाए जिन विद्यालयों में शौचालय इत्यादि की व्यवस्थाएं अभी तक नहीं हो पाई वहां मानक के अनुरूप तत्काल व्यवस्थाएं भी सुनिश्चित की जाए इस मौके पर जिलाधिकारी के साथ मुख्य विकास अधिकारी पवन कुमार मीना जिला विद्यालय निरीक्षक जनपद के जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी जिला समाज कल्याण अधिकारी समेत सभी विकास खंडों के खंड शिक्षा अधिकारी तथा कर्मचारी मौजूद रहे

# क्षेत्राधिकारी ने थाना परिसर में सुनी जन समस्याएं

अमनलेखनी समाचार




जहानाबाद, फतेहपुर। जनपद के बिंदकी पुलिस क्षेत्राधिकारी गौरव शर्मा ने जनपद के जहानाबाद थाना परिसर में जनसुनवाई अंतर्गत क्षेत्र वासियों की समस्याओं को सुना थाना प्रभारी मनीष कुमार सिंह द्वारा आयोजित जनसुनवाई कार्यक्रम में पहुंचे सभी क्षेत्रवासियों के साथ 6 शिकायतकताओं ने अरदास लगाई जहां क्षेत्राधिकारी ने चार शिकायतें जो राजस्व विभाग से संबंधित थी तथा दो शिकायतें जो पुलिस प्रशासन से संबंधित थी सभी को निस्तारण के लिए संबंधित अधिकारी के पास तत्काल भेज दिया तथा त्वरित निस्तारण करने का दिशा निर्देश दिया वहीं क्षेत्रीय गांव चिल्ली का एक घरेलू विवाद सामने आया जिसे देखते हुए थाना प्रभारी मनीष कुमार सिंह ने तत्काल समाधान करने का आश्वासन दिया क्षेत्रीय लोगों को पूर्व काल में सूचना मिली थी कि कल शुक्रवार को थाना दिवस कार्यक्रम में पुलिस अधीक्षक अभिमन्यु मांगलिक का आगमन होगा परंतु किसी कारणवश वह उपस्थित नहीं हो सके इस मौके पर पुलिस उपाधीक्षक बिंदकी गौरव शर्मा थाना प्रभारी मनीष कुमार सिंह क्षेत्रीय मयंक सचान आशुतोष सिंह संदीप उत्तम सुरेश उत्तम उजमान सिंपू शिवहरे समेत भारी संख्या में नागरिक मौजूद रहे

# अनियंत्रित ट्रक ने वार्ड बॉय को कुचला हुई मौत

अमन लेखनी समाचार



फतेहपुर।जनपद के कल्यानपुर थाना क्षेत्र अंतर्गत कानपुर से प्रयागराज की ओर जा रहे एक तेज रफ्तार अनियंत्रित ट्रक ने चौडगरा कस्बे के गुप्ता होटल के ठीक सामने एक वार्ड बॉय को कुचल दिया जिससे वार्ड बॉय की दर्दनाक मौत हो गई मिली जानकारी के अनुसार 52 वर्षीय वार्ड बॉय मोहम्मद अंसार अंसारी जनपद के चौडगरा कस्बे में स्थापित राजकीय बीमा औषधालय में कार्यरत था कल शुक्रवार शाम लगभग 4:30 बजे ड्यूटी के उपरांत वह अस्पताल से प्रतिदिन की तरह अपने घर फतेहपुर रवाना होने के लिए ओवर ब्रिज के पास खड़ा होकर साधन का इंतजार कर रहा था ठीक उसी समय कानपुर की तरफ से आ रहे एक अनियंत्रित तेज रफ्तार ट्रक ने वार्ड बॉय को जोरदार टक्कर मार दी जिससे कर्मचारी की मौके पर ही मौत हो गई घटना की सूचना स्थानीय पुलिस प्रशासन को मिली जहां सूचना पाकर पहुंचे कल्यानपुर थाना प्रभारी ने मृतक के परिजनों को सूचना दी यह जानकारी होते ही परिजनों में कोहराम मच गया वहीं थाना प्रभारी ने बताया कि शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है वहीं पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के पश्चात अग्रिम कार्रवाई की जाएगी

# पारिवारिक विवाद में खूनी संघर्ष

### 10 से 15 लोग लाठी-डंडे लेकर पहुंचे; दरवाजा तोड़कर अंदर घुसे, युवतियों को पीटा

अमन लेखनी समाचार



सरधना , मिलक गांव में एक पारिवारिक विवाद ने हिंसक रूप ले लिया। पति-पत्नी के बीच चल रहे झगड़े को लेकर दो पक्ष आमने-सामने आ गए, जिसके बाद जमकर लाठी-डंडे चले। एक पक्ष ने दूसरे पक्ष पर फायरिंग करने का भी आरोप लगाया है। इस घटना में कई लोग घायल हुए हैं ।पुलिस को दी गई तहरीर के अनुसार, मिलक गांव निवासी सोनिया पत्नी शिव कुमार ने बताया कि उनके देवर नीरज की शादी सरधना क्षेत्र के खिर्वा जलालपुर गांव की एक युवती से हुई थी। करीब दो माह पहले किसी पारिवारिक विवाद के चलते नीरज की पत्नी अपने मायके चली गई थी। हाल ही में नीरज अपनी पत्नी को वापस लाने के लिए ससुराल पहुंचा था। सोनिया का आरोप है कि वहां उसकी सास ने नीरज के साथ अभद्र व्यवहार किया और गाली-गलौज की, जिसके बाद नीरज बिना पत्नी को साथ लाए वापस लौट आया। इसी बात को लेकर दोनों परिवारों के बीच विवाद और बढ़ गया। सोनिया ने बताया कि दोपहर जब उनके पति शिव कुमार और परिवार के अन्य पुरुष सदस्य घर से बाहर गए हुए थे, तभी देवरानी के मायके पक्ष के डेढ़ दर्जन से अधिक लोग लाठी-डंडों से लैस होकर उनके घर पहुंच गए। आरोप है कि हमलावरों ने पहले घर के मुख्य गेट पर लाठी-डंडे बजाकर हंगामा किया और फिर जबरन घर में घुस आए ।पीड़िता के अनुसार, घर में घुसने के बाद आरोपितों ने गाली-गलौज शुरू कर दी। जब घर की महिलाओं ने इसका विरोध किया, तो हमलावरों ने उनके साथ मारपीट शुरू कर दी। इस दौरान दोनों पक्षों के बीच जमकर लाठी-डंडे चले, जिसमें कई लोगों को चोटें आईं ।सोनिया ने यह भी आरोप लगाया कि हमलावरों ने डर पैदा करने के उद्देश्य से फायरिंग भी की। उन्होंने दावा किया कि गोलीबारी के दौरान वह और उनका 12 वर्षीय बेटा बाल-बाल बच गए। हालांकि, फायरिंग में किसी के घायल होने की कोई सूचना नहीं है। घटना के बाद गांव में कुछ समय के लिए तनाव का माहौल बन गया था। पीड़ित पक्ष ने देर रात थाने पहुंचकर आरोपितों के खिलाफ कार्रवाई की मांग करते हुए तहरीर दी ।घटना के दौरान मची चीख-पुकार सुनकर आसपास के ग्रामीण मौके पर पहुंच गए। ग्रामीणों को अपनी ओर आता देख आरोपित वहां से फरार हो गए।

# मानव स्वास्थ्य के लिए हानिकारक हैं स्लीपवेल एवं कम्फर्ट ब्रांड की मच्छरमार अगरबत्ती

### क्रय-विक्रय अथवा भण्डारण करने पर होगी दण्डात्मक कार्रवाई

अमन लेखनी समाचार

मिथिलेश जायसवाल

बहराइच। जिला कृषि रक्षा अधिकारी प्रिया नन्दा ने बताया कि बाजारों में मच्छरों को मारने एवं नियंत्रण करने हेतु बिक रहे स्लीपवेल एवं कम्फर्ट ब्रांड की अगरबत्ती जिसमे हरबल, प्राकृतिक, आर्गेनिक तत्व होने की जानकारी दी जाती है जबकि विभिन्न राज्यो के राजकीय प्रयोगशाला तथा भारत सरकार के केन्द्रीय प्रयोगशाला के जॉच में यह तथ्य प्रकाश मे आया है। कि उक्त अगरबत्ती के निर्माण मे अपंजीकृत कीटनाशक विशेष रुप से डाइमेफ्लुथ्रिन एवं मेपरफ्लुथ्रिन का उपयोग हो रहा है।जो कि कीटनाशी अधिनियम 1968 एवं नियमावली 1971 की धारा 9 ( 3 ) का स्पष्ट रुप से उल्लंघन है। जिला कृषि रक्षा अधिकारी ने बताया कि स्वास्थ के दृष्टकोण से डाइमेफ्लुथ्रिन एवं मेपरफ्लुथ्रिन रसायन खतरनाक तथा अत्यन्त जहरीला कीटनाशक रसायन होता है।जिसके लगातार प्रयोग होने से मनुष्य मे फेफड़े, मस्तिष्क, किडनी, पेट व हृदय संबंधी गम्भीर बीमारी होने का खतरा बना रहता है। उन्होंने आमजनमानस को सुझाव दिया है कि स्लीपवेल एवं कम्फर्ट नाम की अगरबत्ती का मच्छर नियंत्रण करने हेतु उपयोग मे न लाए। मच्छरों से बचने के लिए मच्छरदानी तथा फुल आस्तीन के वस्त्र का प्रयोग करें ।प्रिया नन्दा ने कीटनाशक प्रतिष्ठानों, पेस्ट कंट्रोल आपरेटर्स एवं किराना दुकानों के प्रोपराइटर को निर्देशित किया है कि स्लीपवेल एवं कम्फर्ट ब्राण्ड की अगरबत्ती का क्रय-विक्रय अथवा भण्डारण न करें। औचक निरीक्षण करने पर किसी प्रतिष्ठान में उक्त ब्राण्ड की अगरबत्ती पाये जाने पर सम्बन्धित के विरूद्ध कीटनाशी अधिनियम 1968 एवं नियमावली 1971 के अन्तर्गत दण्डनीय अपराध मानते हुए नियमानुसार कठोर कार्यवाही की जायेगी।

# मिहींपुरवा में छुट्टा सांड के हमले ने ली युवक की जान, व्यवस्था पर उठे सवाल

### एक सप्ताह तक जिंदगी से जूझने के बाद केजीएमयू में मौत, क्षेत्र में शोक और आक्रोश

अमन लेखनी समाचार

मिथिलेश जायसवाल



मोतीपुर, बहराइच ।उत्तर प्रदेश सरकार भले ही गाय संरक्षण पर करोड़ों रुपए खर्च कर रही हो लेकिन इसकी जमीनी हकीकत कुछ और ही है मिहींपुरवा नगर पंचायत में सांड के हमले में घायल युवक की मौत के बाद सरकारी सिस्टम की पोल खुल गई है ।छुट्टा मवेशियों की समस्या ने एक और परिवार को गहरा जख्म दे दिया। नगर पंचायत मिहींपुरवा निवासी 30 वर्षीय मनीष वर्मा पुत्र ओमकार वर्मा की शुक्रवार सुबह लखनऊ के केजीएमयू ट्रामा सेंटर में उपचार के दौरान मौत हो गई। वह गुरुवार को बाजार से घर लौटते समय एक छुट्टा सांड के हमले में गंभीर रूप से घायल हो गए थे। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार सांड ने मनीष को कई बार पटककर घायल कर दिया। आसपास के लोगों ने किसी तरह उन्हें बचाया और सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र मिहींपुरवा पहुंचाया। हालत गंभीर होने पर उन्हें उच्च चिकित्सा केंद्रों के जरिए केजीएमयू लखनऊ रेफर किया गया, जहां एक सप्ताह तक इलाज चलने के बाद उन्होंने दम तोड़ दिया। युवक की मौत से परिवार में कोहराम मच गया है। वहीं क्षेत्रीय लोगों में प्रशासन के प्रति नाराजगी भी बढ़ गई है। लोगों का कहना है कि कस्बे और आसपास के क्षेत्रों में छुट्टा सांड व मवेशी लंबे समय से लोगों के लिए खतरा बने हुए हैं, लेकिन समस्या के समाधान के लिए प्रभावी कदम नहीं उठाए जा रहे हैं। स्थानीय नागरिकों का कहना है कि यह केवल एक हादसा नहीं, बल्कि व्यवस्था की लापरवाही का परिणाम है। यदि समय रहते छुट्टा मवेशियों को गौशालाओं तक पहुंचाने की प्रभावी व्यवस्था होती तो एक युवा की जान बच सकती थी। लोगों ने प्रशासन से तत्काल ठोस कार्रवाई की मांग की है ताकि भविष्य में ऐसी घटनाओं की पुनरावृत्ति न हो।

# कपसाड़ कांड का आरोपी पारस सोम बालिग घोषित

### वारदात के समय 18 वर्ष, 7 माह, 26 दिन उम्र, मुख्य जेल में होगा शिफ्ट

अमन लेखनी समाचार



मेरठ , कपसाड़ कांड के आरोपी पारस सोम को जेजे बोर्ड ने बालिग घोषित कर दिया है। मेडिकल रिपोर्ट के आंकलन के बाद पारस सोम की उम्र वारदात के वक्त 18 साल, 7 महीने और 26 दिन निकलकर आई है ।प्रतिवादी पक्ष के लिए इसे बड़ा झटका माना जा रहा है। अब पारस सोम को बाल संप्रेक्षण गृह से मुख्य जेल में शिफ्ट कर दिया जाएगा। केस की आगे की कार्रवाई भी अब जेजे बोर्ड में ना होकर मुख्य न्यायालय ( एससी/एसटी कोर्ट ) में होगी। पहले जानिए क्या है कपसाड़ कांड मामला मेरठ के सरधना थाना क्षेत्रांतर्गत स्थित ग्राम कपसाड़ से जुड़ा है। यहां खेत पर काम कर रही एक दलित युवती रूबी को अगवा कर लिया गया। आरोप इसी गांव के युवक पारस सोम पर लगे, जिसने वारदात के वक्त युवती की मां सुनीता को गंभीर रूप से घायल कर दिया। अस्पताल में सुनीता की मौत हो गई, जिसके बाद गांव में तनाव फैल गया। कई माह तक गांव में फोर्स तैनात जिस युवती को अगवा किया गया, वह अनुसूचित जाति से थी। पुलिस ने 48 घंटे के भीतर युवती को सकुशल बरामद करते हुए आरोपी को गिरफ्तार कर लिया। कोर्ट ने आरोपी को 14 दिन की न्यायिक हिरासत में सलाखों के पीछे भेज दिया जबकि युवती काउंसलिंग के बाद परिजनों के साथ घर लौट गई। हालांकि 25 मार्च को आरोपी को बाल संप्रेक्षण गृह में शिफ्ट कर दिया गया। करीब एक माह तक गांव में फोर्स तैनात रखा गया था।

### आरोपी के नाबालिग होने का किया दावा

आरोपी की गिरफ्तारी के बाद तीन अधिवक्ताओं बलराम सोम, संजीव कुमार राणा व विजय शर्मा के पैनल ने दावा किया कि आरोपी वारदात के वक्त नाबालिग था, जिस कारण इस केस की सुनवाई जेजे बोर्ड ( किशोर न्याय बोर्ड ) के समक्ष होनी चाहिए। उन्होंने 14 जनवरी को याचिका दायर की। 22 जनवरी को याचिका मंजूर करते हुए नोटिस जारी किए गए। कोर्ट ने याचिका पर सुनवाई शुरू की, जिसमें उम्र को लेकर पेच फंसता चला गया। प्रतिवादी पक्ष ने आरोपी की हाईस्कूल की मार्कशीट व पांचवीं की टीसी प्रस्तुत की, जिसमें उसकी जन्म तिथि 11 मई, 2008 रही। इसके अनुसार आरोपी लगभग साढ़े सत्रह वर्ष का था। वादी पक्ष ने आपत्ति दायर की और सर्टिफिकेट में हेरफेर का आरोप लगाया। जेजे बोर्ड में याचिका हुई ट्रांसफर तारीख पर तारीख लगती रही लेकिन उम्र पर निर्णय नहीं लिया जा सका। 9 फरवरी को कोर्ट ने यह मामला जेजे बोर्ड ट्रांसफर कर दिया। वर्तमान में जेजे बोर्ड उम्र से जुड़ी याचिका पर सुनवाई कर रहा है। 7 मई को जेजे बोर्ड ने आरोपी की उम्र निर्धारित करने के लिए चिकित्सीय परीक्षण कराये जाने के आदेश कर दिए। आदेश के विरूद्ध डाली गई याचिका जेजे बोर्ड ने 7 मई को आरोपी के चिकित्सीय परीक्षण के आदेश किए थे, जिसका प्रतिवादी पक्ष के अधिवक्ता बलराम सोम ने विरोध किया।

उन्होंने इस मामले में जिला एवं सत्र न्यायालय में क्रिमिनल अपील दायर की।

# पश्चिम यूपी की सड़कों का बदलेगा चेहरा

### मेरठ-गाजियाबाद-नोएडा-ग्रेटर नोएडा के लिए के साथ समझौता

अमन लेखनी समाचार



नोएडा , पश्चिम उत्तर प्रदेश के चार प्रमुख शहरों मेरठ, गाजियाबाद, नोएडा और ग्रेटर नोएडा में सड़क नेटवर्क को आधुनिक, सुरक्षित और प्रदूषण मुक्त बनाने की दिशा में बड़ा कदम उठाया गया है। राज्य सरकार ने दिल्ली में सेंट्रल रोड रिसर्च इंस्टीट्यूट और स्कूल ऑफ प्लानिंग एंड आर्किटेक्चर के साथ एक महत्वपूर्ण मेमोरेंडम ऑफ अंडरस्टैंडिंग पर हस्ताक्षर किए। इसके तहत इन शहरों की सड़कों के डिजाइन, मॉडिफिकेशन और इंटरकनेक्टिविटी पर संयुक्त रूप से काम किया जाएगा। नोएडा प्राधिकरण के महाप्रबंधक एसपी सिंह ने बताया कि शहर में पहले से बनी और भविष्य में बनने वाली सभी प्रमुख सड़कों का डिजाइन अब इसी मॉडल के तहत तैयार किया जाएगा। शुरूआती चरण में नोएडा की 15 सड़कों को मॉडल रोड के रूप में विकसित किया जाएगा। इनके डिजाइन और तकनीकी मानकों को अंतिम रूप देने का काम उफफक और रढअ करेंगे, जबकि नोएडा प्राधिकरण अपनी योजनाएं तैयार कर वहां भेजेगा ।जाम और प्रदूषण कम करने पर फोकसपरियोजना का मुख्य उद्देश्य चारों शहरों के बीच बेहतर कनेक्टिविटी स्थापित करना, ट्रैफिक जाम को कम करना और प्रदूषण पर प्रभावी नियंत्रण करना है।

# नोएडा में चोर जीजा-साले गिरफ्तार

### ज्वेलर को भी पकड़ा, 3 लाख कैश-जेवर और लैपटॉप बरामद

अमन लेखनी समाचार



नोयडा ,सेक्टर-126 पुलिस ने घरों में चोरी की 2 वारदातों का 24 घंटे के अंदर खुलासा करते हुए तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने मुख्य आरोपी, उसके जीजा और चोरी का माल खरीदने वाले एक सुनार को गिरफ्तार किया है। आरोपियों के कब्जे से चोरी के आभूषण, 3 लाख रुपए नकद, चार मोबाइल फोन, चार लैपटॉप, आधार-पैन कार्ड, चोरी में प्रयुक्त कार, लोहे का सरिया और एक अवैध चाकू बरामद किया ।एडीसीपी मनीषा सिंह ने बताया- एक महिला ने थाना सेक्टर-126 में शिकायत दर्ज कराई थी कि अज्ञात चोर उनके घर का ताला तोड़कर सोने-चांदी के आभूषण, 3 लाख रुपए नकद, मोबाइल फोन और लैपटॉप चोरी कर ले गए। इससे पहले मई महीने में भी इसी क्षेत्र में घर से दो लैपटॉप, अमेजन किंडल और नकदी चोरी होने का मामला दर्ज हुआ था।

### 50 से 60 सीसीटीवी कैमरों की फुटेज देखी

पुलिस टीम ने घटनास्थल और आसपास लगे 50 से 60 सीसीटीवी कैमरों की फुटेज का विश्लेषण किया। तकनीकी और मैनुअल साक्ष्यों के आधार पर पुलिस ने सेक्टर-131 स्थित गढ़ी शाहपुर पुश्ता रोड से शुभम उर्फ काकू, राहुल शर्मा और सुनार सचिन वर्मा को गिरफ्तार कर लिया। शुभम मेरठ का रहने वाला है।

### नशे का आदी करता था रेकी

पूछताछ में मुख्य आरोपी शुभम ने बताया- वह नशे का आदी है और दिन में बंद मकानों की रेकी करता था।

# चाचा बोले-परिवार ने पाश्ता खाया, 2 बच्चों की मौत कैसे?

### फूड पॉइजनिंग या कुछ और; नोएडा में 12 घंटे में मासूम भाई-बहन की मौत

अमन लेखनी समाचार




नोएडा,जिस खाने को फूड पॉइजनिंग की वजह बताया जा रहा है, वह खाना तो पूरे परिवार ने खाया था। चारों बच्चों ने खाया, पिता ने खाया, मैंने भी खाया। फिर सिर्फ दो बच्चों की तबीयत ही क्यों बिगड़ी, यह समझ नहीं आ रहा। यह कहना है चाचा विकास तोमर का। ग्रेटर नोएडा के रबूपुरा कस्बे के शांतिनगर मोहल्ले में घर में बने खाने को खाने के कुछ घंटों बाद सगे भाई-बहन की तबीयत बिगड़ी और देखते ही देखते दोनों की मौत हो गई। सबसे दर्दनाक बात यह है कि बच्चों की मां अस्पताल में भर्ती है। उन्हें अभी तक यह नहीं बताया गया है कि उनके दोनों बच्चे अब इस दुनिया में नहीं रहे। पहले सिलसिलेवार घटना पढ़ि ग्रेटर नोएडा के रबूपुरा कस्बे में रात खाना खाने के बाद एक ही परिवार के पांच सदस्यों की अचानक तबीयत बिगड़ गई। उन्हें गंभीर हालत में अस्पताल में भर्ती कराया गया। जहां इलाज के दौरान 8 साल की दीपांशी और 6 साल के प्रिंस की मौत हो गई। वहीं बच्चों की मां रूबी की हालत अभी भी गंभीर बनी हुई है और उनका अस्पताल में इलाज चल रहा है। बच्चों के चाचा विकास तोमर ने बताया कि परिवार में कुल छह सदस्य हैं। सभी ने सुबह दूध और ब्रेड खाई थी। दोपहर का खाना भी सभी ने एक साथ खाया।

# प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के ऐतिहासिक कार्यकाल पर रेणुकूट में कीर्तन एवं हवन का आयोजन

अमन लेखनी समाचार



रेणुकूट। भारत के लोकतांत्रिक इतिहास में सबसे लंबे समय तक लगातार प्रधानमंत्री के रूप में राष्ट्रसेवा का नया कीर्तिमान स्थापित करने पर प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी को बधाई एवं शुभकामनाएं देने के उद्देश्य से भारतीय जनता पार्टी रेणुकूट मंडल द्वारा विशेष कीर्तन एवं हवन कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में प्रधानमंत्री श्री मोदी के उत्तम स्वास्थ्य, दीर्घायु एवं राष्ट्रसेवा में निरंतर सफलता की कामना करते हुए वैदिक मंत्रोच्चार के बीच हवन संपन्न कराया गया। उपस्थित कार्यकर्ताओं एवं पदाधिकारियों ने सामूहिक रूप से भगवान से प्रार्थना की कि प्रधानमंत्री जी के नेतृत्व में विकसित भारत का संकल्प शीघ्र साकार हो तथा देश निरंतर प्रगति के पथ पर अग्रसर रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता मंडल अध्यक्ष हरिराम छवि शाह जी ने की जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में भारतीय जनता पार्टी सोनभद्र के जिला अध्यक्ष आदरणीय श्री नंदलाल जी उपस्थित रहे। उन्होंने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देश की उपलब्धियों एवं जनकल्याणकारी योजनाओं पर प्रकाश डालते हुए कार्यकताओं को संगठन की नीतियों एवं विचारों को जन-जन तक पहुंचाने का आह्वान किया। इस अवसर पर जिला महामंत्री शारदा खरवार, प्रदेश कार्य समिति सदस्य श्री चांद प्रकाश जैन, राकेश पाण्डेय जी, सुनील दुबे, सुनील केशरी, सूरज सिंह, मनोज त्रिपाठी, प्रदीप सिंह रानू, आशीष मिश्रा, रामभगत जी, शक्ति केंद्र पदाधिकारी, कार्यकर्ता एवं भाजपा के अनेक सदस्य उपस्थित रहे। सभी ने प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी के स्वस्थ, सफल एवं यशस्वी जीवन की मंगलकामना करते हुए उनके नेतृत्व में राष्ट्र के उज्ज्वल भविष्य का विश्वास व्यक्त किया।

# दिव्यांग छात्र की पीड़ा सुन भावुक हुए जिलाधिकारी



**जिलाधिकारी ने तत्काल उपलब्ध कराई ट्राइसाइकिल, छात्रवृत्ति भुगतान के दिए निर्देश**

**मानवीय पहल से परिजनों की आंखों में छलके खुशी के आंसू।**

अमन लेखनी समाचार

सोनभद्र। जनसुनवाई के दौरान जिलाधिकारी चर्चित गौड़ के समक्ष मानवता और संवेदनशीलता का एक प्रेरणादायक उदाहरण देखने को मिला। जनसुनवाई में प्राथमिक विद्यालय बंजरिया के छात्र रवि पटेल पुत्र कमलेश पटेल ने प्रार्थना पत्र प्रस्तुत कर बताया कि वह दोनों पैरों से दिव्यांग है तथा कक्षा-5 की छात्रवृत्ति की धनराशि अभी तक उसे प्राप्त नहीं हुई है। दिव्यांग छात्र की स्थिति को देखकर जिलाधिकारी चर्चित गौड़ ने तत्काल संबंधित अधिकारियों को आवश्यक कार्रवाई करने के निर्देश दिए। दिव्यांगजन सशक्तिकरण विभाग के अधिकारियों को छात्र को तुरंत ट्राइसाइकिल उपलब्ध कराने के निर्देश दिए, जिसके क्रम में जिलाधिकारी ने स्वयं अपने हाथों से रवि पटेल को ट्राइसाइकिल प्रदान की। इसके साथ ही जिलाधिकारी ने जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी को निर्देशित किया कि छात्र की लंबित छात्रवृत्ति की धनराशि का तत्काल सत्यापन कर उसे उसके बैंक खाते में प्रेषित कराना सुनिश्चित करें।

# सलम एवं आदिवासी बच्चों को शिक्षा की मुख्यधारा से जोड़ने हेतु इंटर्न्स ने निभाई महत्वपूर्ण भूमिका

अमन लेखनी समाचार



रेनुकट।शिक्षा समाज परिवर्तन का सबसे सशक्त माध्यम है। इसी उद्देश्य को लेकर शुभकामना फाउंडेशन द्वारा जनपद सोनभद्र के सलम एवं आदिवासी क्षेत्रों में बच्चों को शिक्षा की मुख्यधारा से जोड़ने हेतु जन-जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है। इस अभियान के अंतर्गत देश के प्रतिष्ठित उच्च शिक्षण संस्थानों – रफट कल्ल२३३४३ ड्ढा रूील्लू ल्ला ळ्रूल्लङ्ढह्लङ्ढ८ के छात्र अंशुल कुमार शर्मा तथा उँल्ल्रिँ वल्ल्र५१२३८ की छात्रा नाडेरा फरजान ने रेणुकूट के बोरा टंकी वार्ड नंबर-1 में समर ट्रेनिंग इंटर्नशिप के दौरान इंटर्न्स ने क्षेत्र के बच्चों एवं उनके अभिभावकों से सीधे संवाद स्थापित कर शिक्षा के महत्व, नियमित विद्यालय उपस्थिति, स्वच्छता, अनुशासन तथा उज्ज्वल भविष्य के निर्माण में शिक्षा की भूमिका पर विस्तार से जानकारी दे रहे है। उन्होंने बच्चों को केवल पढ़ाई के लिए प्रेरित ही नहीं किया, बल्कि उनके साथ घुल-मिलकर एक मित्रवत वातावरण तैयार किया, जिससे बच्चों में सीखने की उत्सुकता और आत्मविश्वास दोनों का विकास हुआ। एक माह तक लगातार बच्चों के बीच रहकर इंटर्न्स ने उन्हें नियमित अध्ययन की आदत विकसित करने, विद्यालय से जुड़ाव बढ़ाने लिए प्रेरित किया। इस दौरान बच्चों को शैक्षणिक सामग्री भी वितरित की गई। बच्चों के चेहरे पर दिखाई देने वाली खुशी और सीखने की ललक ने पूरे अभियान को और अधिक सार्थक बना दिया।इंटर्न अंशुल कुमार शर्मा एवं नाडेरा फरजान ने अपने अनुभव साझा करते हुए कहा कि सलम एवं आदिवासी समुदाय के बच्चों तथा उनके अभिभावकों से मिलकर उन्हें अत्यंत प्रसन्नता हुई।अभिभावकों से संवाद के दौरान बच्चों की शिक्षा को सर्वोच्च प्राथमिकता देने, स्वास्थ्य के प्रति सजग रहने, गर्मी से बचाव, पर्यावरण संरक्षण में योगदान देने तथा महिलाओं को स्वरोजगार और आत्मनिर्भरता से जोड़ने के लिए भी प्रेरित किया गया। शुभकामना। फाउंडेशन का मानना है कि आज प्रेरित किया गया एक बच्चा कल समाज का जिम्मेदार नागरिक बनकर राष्ट्र निर्माण में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा। इस अवसर पर फाउंडेशन के प्रोग्राम मैनेजर विकास शर्मा, समाजसेवी सुभाष राय एवं सुनीता चौबे सहित अन्य गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

**खास समाचार**

## ट्रांसफार्मर में लगी आग, बुसिंग ब्लास्ट होने से मची अफरा-तफरी

अमन लेखनी समाचार

गरौठा (झांसी)। कस्बा गरौठा के समीप द्वारकापुरी के ग्यापुरी मोहल्ले में तिवारी आटा चक्की के पास रखे 25 केवीए विद्युत ट्रांसफार्मर में अचानक आग लग गई। देखते ही देखते आग ने विकराल रूप धारण कर लिया और ट्रांसफार्मर की बुसिंग ब्लास्ट होने से वह फट गया।इस दौरान ट्रांसफार्मर का खौलता हुआ तेल दूर-दूर तक फैल गया, जिससे बड़ा हादसा होते-होते टल गया। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार ट्रांसफार्मर से निकल रही चिंगारियों और अंगारों के कारण नीचे मौजूद घास-फूस एवं झाड़ियों में भी आग लग गई।घटना की सूचना फायर ब्रिगेड को दी गई, लेकिन दमकल वाहन के पहुंचने से पहले ही मोहल्लेवासी मौके पर एकत्र हो गए और कड़ी मशक्कत कर आग पर काबू पा लिया। स्थानीय लोगों ने बताया कि संबंधित ट्रांसफार्मर पर क्षमता से अधिक विद्युत भार है।क्षेत्र में कनेक्शनों की संख्या बढ़ने के कारण ट्रांसफार्मर पर लगातार ओवरलोड की स्थिति बनी रहती है। मोहल्ले के उपभोक्ताओं का कहना है कि पिछले माह भी यही ट्रांसफार्मर जल चुका है, लेकिन समस्या का स्थायी समाधान नहीं किया गया। क्षेत्रवासियों ने विद्युत विभाग के उच्च अधिकारियों से मांग की है कि यहां 25 केवीए के स्थान पर अधिक क्षमता वाला ट्रांसफार्मर स्थापित कराया जाए, ताकि बार-बार होने वाली खराबी और संभावित दुर्घटनाओं से बचा जा सके।

## जल जीवन मिशन की अधूरी पाइपलाइन बनी ग्रामीणों की परेशानी, जलभराव से बढ़ी दिक्कतें

अमन लेखनी समाचार/ अभिषेक सिंह

कासिमपुर (हरदोई)।जल जीवन मिशन के तहत मजरा गुलरिया में बिछाई गई पाइपलाइन ग्रामीणों के लिए सुविधा के बजाय परेशानी का सबब बन गई है। ग्रामीणों का आरोप है कि पाइपलाइन बिछाने का कार्य तो कर दिया गया, लेकिन अब तक टोटी समेत अन्य आवश्यक उपकरण नहीं लगाए गए हैं, जिससे लोगों को योजना का लाभ नहीं मिल पा रहा है।ग्रामीणों का कहना है कि अधूरे कार्य के कारण कई स्थानों पर पानी का भराव हो रहा है, जिससे रास्ते कीचड़युक्त हो गए हैं और आवागमन में भारी कठिनाई का सामना करना पड़ रहा है। बरसात के मौसम में स्थिति और भी गंभीर हो जाती है। स्थानीय लोगों के अनुसार कई बार संबंधित अधिकारियों को समस्या से अवगत कराया गया, लेकिन अभी तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं हुई है।ग्रामीण अभय सिंह, पुष्पेंद्र कुमार सिंह, अवधेश कुमार सिंह, राघवेंद्र सिंह, शिव शंकर यादव, बुद्ध, राजेंद्र सिंह और प्रताप सिंह सहित अन्य लोगों ने प्रशासन से मामले की जांच कराकर अधूरे कार्य को जल्द पूरा कराने की मांग की है।ग्रामीणों ने कहा कि जल जीवन मिशन का उद्देश्य हर घर तक स्वच्छ पेयजल पहुंचाना है, लेकिन विभागीय लापरवाही के कारण लोगों को सुविधा मिलने के बजाय परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है।उन्होंने जलभराव की समस्या का स्थायी समाधान कराए जाने की भी मांग उठाई है।

## ओबरा पुलिस ने नाबालिग किशोरी के अपहरण एवं बहला-फुसलाकर भगा ले जाने की घटना का किया खुलासा

**अभियुक्त गिरफ्तार, अपहृता किशोरी सकुशल बरामद**

अमन लेखनी समाचार

सोनभद्र। पुलिस अधीक्षक अभिषेक वर्मा के निर्देशन में अपराध एवं अपराधियों के विरुद्ध चलाए जा रहे अभियान के क्रम में तथा अपर पुलिस अधीक्षक नगर अनिल कुमार एवं क्षेत्राधिकारी ओबरा अमित कुमार के पर्यवेक्षण में तथा प्रभारी निरीक्षक ओबरा सदानन्द राय के कुशल नेतृत्व में थाना ओबरा पुलिस को महत्वपूर्ण सफलता प्राप्त हुई है।

# यज्ञ मंडप की परिक्रमा को श्रद्धालुओं की उमड़ी भीड़

**. भजन संध्या व रासलीला का लोग ले रहे आनंद।**

**-वृंदावन से आई बाल कथा वाचिका धानी शास्त्री ने भागवत कथा का रसपान कराया।**

**-विराट रुद्र महायज्ञ के सातवें दिन शिव मंदिर में किया गया रुद्राभिषेक पूजन।**

**-प्रकृति रक्षा के लिए 251 जड़ी बूटियों से निर्मित हवन सामग्री से दी जा रही आहुति।**

**-प्रतिदिन चलने वाले विशाल भंडारा में श्रद्धालुओं ने किया प्रसाद ग्रहण।**

**-कसारी रामगढ़ स्थित भिखारी बाबा आश्रम परिसर में चल रहा है आयोजन।**

अमन लेखनी समाचार



सोनभद्र। कसारी रामगढ़ स्थित भिखारी बाबा आश्रम परिसर में वृहस्पतिवार को सातवें दिन विराट रुद्र महायज्ञ में यज्ञ मंडप की परिक्रमा को श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ पड़ी। इस दौरान जयकारे से समूचा परिसर गुंजायमान हो गया।शिव मंदिर में दूध से रुद्राभिषेक पूजन भी कराया गया। वृंदावन से आई बाल कथा वाचिका धानी शास्त्री ने भागवत कथा का रसपान कराया। वहीं भजन संध्या में वाराणसी से आए राष्ट्रीय बाल कलाकार श्री राम कृष्ण, श्री राधा कृष्ण व श्री राधे कृष्ण ने एक से बढ़कर एक भजन, गीत व गजल सुनाया। वहीं वृंदावन से आए कलाकारों की रासलीला देखने को भारी संख्या में भीड़ उमड़ पड़ी। प्रकृति रक्षा के लिए 251 जड़ी बूटियों से निर्मित हवन सामग्री से आहुति दी गई। प्रतिदिन चलने वाले विशाल भंडारा में श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण किया। कार्यक्रम के आयोजक भिक्षुक भिखारी जंगली दास दीनबंधु रमाशंकर गिरी जी महाराज ने बताया कि आचार्यगण गोपालधर द्विवेदी, राजेश कुमार पाठक, हरिओम द्विवेदी व अमरेश तिवारी द्वारा विराट रूद्र महायज्ञ एवं पूजन कार्य कराया जा रहा है।प्रतिदिन शिव मंदिर में दूध, गंगाजल से रुद्राभिषेक पूजन कराया जा रहा है। प्रकृति रक्षा के लिए 251 जड़ी बूटियों से निर्मित हवन सामग्री से आहुति दी जा रही है। प्रतिदिन चलने वाले विशाल भंडारा में श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण किया। कार्यक्रम में मुख्य यजमान दिनेश, उषा देवी, रूपा गुप्ता, देवेंद्र कुमार, चिंता मौर्य, उर्मिला देवी, विमला देवी, शशि देवी, विजय सिंह, मनीष कुमार, कृति सागर, शुभराम महाराज, परमानंद, रमेश कुमार, प्रहलाद, रामखेलावन, किरन मोदवाल, मानवी, संगीता, मुन्ना बाबा, केवलानंद महाराज, आनंद ओझा, राकेश पाठक, कालो देवी, डॉक्टर विजय, हीरा सिंह, संजय अग्रवाल, चांदनी अग्रवाल, संगीता, राजेश आदि मौजूद रहे।

# ऑपरेशन वज्रपातह्व के तहत थाना ओबरा पुलिस की बड़ी कार्रवाई

**सघन वाहन चेकिंग अभियान में 05 मोटरसाइकिलें सीज, यातायात नियमों के उल्लंघन पर कड़ी कार्यवाही**

अमन लेखनी समाचार



सोनभद्र। अपर पुलिस महानिदेशक, वाराणसी जोन, वाराणसी के आदेशानुसार तथा पुलिस उपमहानिरीक्षक, मीरजापुर परिक्षेत्र एवं पुलिस अधीक्षक सोनभद्र अभिषेक वर्मा के निर्देशन में, अपर पुलिस अधीक्षक मुख्यालय अनिल कुमार एवं क्षेत्राधिकारी ओबरा अमित कुमार के कुशल पर्यवेक्षण में थाना ओबरा पुलिस द्वारा ऑपरेशन वज्रपात के अंतर्गत सघन वाहन चेकिंग अभियान चलाया गया। अभियान के दौरान थाना ओबरा क्षेत्र के विभिन्न स्थानों पर संदिग्ध व्यक्तियों एवं वाहनों की गहन जांच की गई। चेकिंग के क्रम में यातायात नियमों का उल्लंघन करने, आवश्यक अभिलेख प्रस्तुत न कर पाने तथा संदिग्ध परिस्थितियों में संचालित पाए गए कुल 05 मोटरसाइकिल वाहनों को मोटर वाहन अधिनियम के अंतर्गत सीज किया गया। यह अभियान क्षेत्र में अपराध एवं अवैध गतिविधियों पर प्रभावी नियंत्रण स्थापित करने, कानून-व्यवस्था को और अधिक सुदृढ़ बनाने तथा आमजन में यातायात नियमों के प्रति जागरूकता बढ़ाने के उद्देश्य से संचालित किया गया।पुलिस प्रशासन द्वारा स्पष्ट किया गया है कि जनसुरक्षा एवं कानून-व्यवस्था बनाए रखने के लिए ऑपरेशन वज्रपात के अंतर्गत ऐसे विशेष चेकिंग अभियान भविष्य में भी निरंतर जारी रहेंगे। थाना ओबरा पुलिस आमजन से अपील करती है कि वाहन चलाते समय यातायात नियमों का पालन करें तथा वाहन से संबंधित सभी आवश्यक दस्तावेज सदैव अपने साथ रखें।

# अवैध संबंध के कारण हुई हत्या का किया खुलासा, 48 घंटे के भीतर अभियुक्त गिरफ्तार

**हत्या में प्रयुक्त मोटरसाइकिल एवं आला कत्ल चाकू बरामद।**

अमन लेखनी समाचार



सोनभद्र। पुलिस अधीक्षक अभिषेक वर्मा के निर्देशन में अपराध एवं अपराधियों के विरुद्ध चलाए जा रहे अभियान के क्रम में तथा अपर पुलिस अधीक्षक ऋषभ रुणवाल, अपर पुलिस अधीक्षक अनिल कुमार एवं क्षेत्राधिकारी दुद्धी राजेश कुमार राय के निकट पर्यवेक्षण में हत्या की घटना के शीघ्र अनावरण एवं अभियुक्त की गिरफ्तारी हेतु पुलिस टीमों का गठन किया गया।उक्त क्रम में प्रभारी निरीक्षक दुद्धी धर्मेन्द्र कुमार सिंह के कुशल नेतृत्व में थाना दुद्धी पुलिस को महत्वपूर्ण सफलता प्राप्त हुई है। थाना दुद्धी पुलिस द्वारा हत्या की घटना का सफल अनावरण करते हुए मात्र 48 घंटे के भीतर अभियुक्त को गिरफ्तार कर लिया गया तथा घटना में प्रयुक्त मोटरसाइकिल एवं आला कत्ल चाकू भी बरामद कर लिया गया। दिनांक 09.06.2026 को वादी जय सिंह पुत्र मोहन सिंह निवासी महुअरिया, थाना दुद्धी, जनपद सोनभद्र द्वारा अपने भाई समासिंह गोड़ की हत्या के संबंध में थाना दुद्धी पर मु0अ0सं0-169/2026, धारा 103(1) बीएनएस बनाम अज्ञात पंजीकृत कराया गया था। प्रकरण की गंभीरता को देखते हुए पुलिस अधीक्षक सोनभद्र द्वारा घटना के शीघ्र अनावरण एवं अभियुक्त की गिरफ्तारी हेतु विशेष निर्देश दिए गए थे। थाना दुद्धी पुलिस द्वारा तत्परता एवं तकनीकी साक्ष्यों के आधार पर विवेचना करते हुए घटना का सफल अनावरण किया गया। दिनांक 11.06.2026 को बघाडू-भीसूर रोड स्थित प्रथम पुलिया के पास से अभियुक्त राजेन्द्र विश्वकर्मा को गिरफ्तार किया गया। अभियुक्त की निशानदेही पर हत्या में प्रयुक्त एक मोटरसाइकिल एवं एक चाकू बरामद किया गया। पूछताछ के दौरान अभियुक्त राजेन्द्र विश्वकर्मा ने बताया कि उसकी पत्नी का मृतक समासिंह गोड़ पुत्र मोहन गोड़, निवासी महुअरिया, थाना दुद्धी, जनपद सोनभद्र के साथ अवैध संबंध था। वह कई बार मृतक को अपनी पत्नी से दूर रहने के लिए मना कर चुका था, किन्तु मृतक उसकी बात नहीं मानता था। इसी कारण वह काफी समय से मानसिक रूप से परेशान एवं आक्रोशित था। दिनांक 09.06.2026 को उसने योजनाबद्ध तरीके से मृतक को फोन कर लीलासी बुलाया। वहां दोनों ने शराब खरीदी तथा ग्राम मुरता स्थित खेमा नदी पुलिया के नीचे बैठकर शराब का सेवन किया। इसके पश्चात अभियुक्त ने अपने पास रखे चाकू एवं मौके पर पड़े पत्थर से हमला कर समासिंह गोड़ की हत्या कर दी।

# मीरजापुर में बाढ से निपटने को किया गया मॉक अभ्यास

अमन लेखनी समाचार

मीरजापुरः जिलाधिकारी श्री पवन कुमार गंगवार के निर्देशन में एवं अपर जिलाधिकारी (वि०/ रा०) श्री विनोद कुमार सिंह के मार्गदर्शन में आज जनपद कि बाढ़ के प्रति दो संवेदनशील तहसीलों (सदर एवं चुनार) में समस्त सम्बंधित विभागों द्वारा बाढ़ प्रबंधन के अंतर्गत राज्य स्तरीय मॉक अभ्यास किया गया।इस राज्य स्तरीय मॉक अभ्यास को उत्तर प्रदेश राज्य आपदा प्रबंधन प्राधिकरण द्वार उत्तर प्रदेश के बाढ़ के प्रति संवेदनशील कुल 44 जनपदों कि संबंधित 118 तहसीलों में एक समय पर किया गया है मीरजापुर में तहसील सदर में गंगा नदी में जलस्तर वृद्धि के दौरान नौका पलट जाने एवं तहसील चुनार में डूबने कि रोकथाम विषयक मॉक अभ्यास किया गया। इस मॉक अभ्यास में सर्वप्रथम अपर जिलाधिकारी (वि०/रा०) के द्वारा इमरजेंसी ऑपरेशन सेंटर के माध्यम से सूचना प्रसारित करवाते हुए मॉक अभ्यास को प्रारंभ किया गया जिसमें कि सुबह 9 बजे इमरजेंसी आपरेशन सेंटर (ईओसी) को नार घाट, तहसील सदर में गंगा नदी में नाव पलट जाने के कारण 8 लोगों के डूबने एवं तहसील चुनार में जलस्तर वृद्धि के दौरान नहाने गये 4 लोगों के डूबने कि खबर को तहसील स्तर तक प्रसारित किया जाता है। इस पर तत्काल ई०ओ०सी० से प्राप्त सूचना के क्रम में उपजिलाधिकार सदर श्री महेंद्र सिंह एवं उपजिलाधिकारी चुनार श्री राजेश कुमार वर्मा द्वारा पुलिस कन्ट्रोल रूम को वायरलेस से सूचित करवाते हुए अन्य विभाग (स्वास्थ्य विभाग, पुलिस विभाग, पशुपालन विभाग) के अधिकारियों को अलर्ट किया जाता है एवं मॉक स्थल पर उपस्थित रहते हुए सकुशल मॉक अभ्यास को पूर्ण कराया गया इसके अलावा मॉक अभ्यास स्थल पर बाढ़ प्रभावित इलाकों में दवा वितरण या कीटनाशक दवाओं का छिड़काव करने से लेकर लोगों के स्वास्थ्य व पशुओं का भी ख्याल रखने के तरीकों के बारे में बताया गया।इस मॉक अभ्यास में कुल 06 नावों के माध्यम से बचाव कार्य का प्रदर्शन दोनों तहसीलों में किया गया एवं बचाव किये गए लोगों का स्टेजिंग एरिया पर मौजूद मेडिकल टीम के द्वारा जांच कराते हुए स्थलीय मॉक अभ्यास को पूर्ण किया गया एस०डी०आर०एफ द्वारा तहसील सदर में नाव दुर्घटना से कुछ लोगों को बचाने के संबंध में मॉक अभ्यास किया गया 36 वीं वाहिनी पी०ए०सी० द्वारा चुनार में डूबे व्यक्ति की की तलाश करना, बाढ़ प्रभावितों का प्रारंभिक उपचार कराने का भी अभ्यास किया गया। इस मॉक अभ्यास में नाव दुर्घटना कि रोकथाम एवं डूबने कि जनहानि के रोकथाम का मॉक अभ्यास करने के साथ बसंत इंटरमीडिएट कॉलेज, सदर में मॉडल बाढ़ राहत शिविर को तैयार कराया गयो मॉडल बाढ़ राहत शिविर में पुरुषों तथा महिलाओं के लिए अलग-अलग हॉल की व्यवस्था के साथ महिला पुलिस कर्मी एवं राजस्व सहित अन्य विभागों की तैनाती की गयी थी, सामुदायिक किचन में राहत कैंप में रह रहे लोगों को भोजन खिलाया गया, मोबाईल टॉयलेट, स्वच्छ पेयजल एवं कूलर इत्यादि की व्यवस्था की गयी थी इस मॉक अभ्यास में उपजिलाधिकारी सदर श्री महेंद्र सिंह, उपजिलाधिकारी चुनार श्री राजेश कुमार वर्मा, स्वास्थ्य विभाग से डॉ ए०के०सिंह एवं स्वास्थ्य विभाग की टीम, एस०डी०आर०एफ० से टीम कमांडर अरुण कुमार एवं उनकी टीम, 36 वीं वाहिनी पी०ए०सी० एवं उनकी टीम, अग्निशमन अधिकारी अनिल प्रताप सरोज एवं उनकी टीम, जिला आपदा विशेषज्ञ अंकुर गुप्ता, राजस्व निरीक्षक मंगला सिंह एवं तहसील की टीम, आपदा मित्रों कि टीम, एन०सी०सी० के कैडेट कि टीम के साथ अन्य अधिकारयों तथा कर्मचारियों के साथ भारी संख्या में स्थानीय लोगों ने प्रतिभाग किया

# मिशन शक्ति 5.0 के दूसरे चरण के अंतर्गत महिला सुरक्षा, सम्मान एवं सशक्तिकरण की ओर सशक्त पहल

**महिला सुरक्षा, सशक्तिकरण एवं साइबर अपराधों के प्रति जागरूकता कार्यक्रम आयोजित**

अमन लेखनी समाचार



सोनभद्र। महिलाओं एवं बालिकाओं की सुरक्षा, सम्मान एवं सशक्तिकरण को सर्वोच्च प्राथमिकता देते हुए सोनभद्र पुलिस द्वारा मिशन शक्ति 5.0 के दूसरे चरण के अंतर्गत जनपद में व्यापक एवं प्रभावी जनजागरूकता अभियान संचालित किया जा रहा है पुलिस अधीक्षक अभिषेक वर्मा के कुशल निर्देशन में जनपद के समस्त थाना क्षेत्रों में विभिन्न कार्यक्रम आयोजित कर समाज के सभी वर्गों को जागरूक किया जा रहा है। अभियान के अंतर्गत महिलाओं एवं बच्चों से संबंधित प्रमुख सामाजिक विषयों–जैसे लिंगानुपात, लैंगिक समानता, बाल विवाह, लैंगिक शोषण, महिलाओं एवं बच्चों के प्रति होने वाली हिंसा, साक्षरता एवं स्वास्थ्य–पर विशेष रूप से प्रकाश डालते हुए जनमानस को जागरूक किया गया।इस क्रम में जनपद के समस्त थानों की मिशन शक्ति टीमों द्वारा विद्यालयों, महाविद्यालयों, कोचिंग संस्थानों, बाजारों एवं ग्राम सभाओं में संवाद कार्यक्रम आयोजित कर महिलाओं एवं बालिकाओं को गुड टच-बैड टच, आत्मरक्षा के उपाय, महिला उत्पीड़न से संबंधित विधिक अधिकारों, तथा विभिन्न हेल्पलाइन सेवाओं की विस्तृत जानकारी प्रदान की गई।साथ ही साइबर अपराधों के बढ़ते खतरे को दृष्टिगत रखते हुए ऑनलाइन फ्रॉड, फर्जी कॉल/लिंक, सोशल मीडिया के दुरुपयोग, बैंकिंग धोखाधड़ी एवं डळढ साझा न करने के संबंध में विशेष जागरूकता उत्पन्न की गई।

महत्वपूर्ण हेल्पलाइन नंबर

112-आपातकालीन सेवा

1090 / 1091-महिला सुरक्षा हेल्पलाइन

181-महिला हेल्पलाइन

1930-साइबर अपराध हेल्पलाइन

1076-मुख्यमंत्री हेल्पलाइन

# गुमशुदा युवक को सकुशल बरामद कर परिजनों को किया गया सुपुर्द



अमन लेखनी समाचार

सोनभद्र। पुलिस अधीक्षक अभिषेक वर्मा द्वारा जनपद में अपराध एवं अपराधियों पर प्रभावी नियंत्रण तथा गुमशुदा व्यक्तियों की शीघ्र तलाश एवं सकुशल बरामदगी हेतु समस्त प्रभारी निरीक्षकों/थानाध्यक्षों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए हैं।उक्त निर्देशों के क्रम में अपर पुलिस अधीक्षक ऑपरेशन ऋषभ रुणवाल एवं क्षेत्राधिकारी दुद्धी राजेश कुमार राय के पर्यवेक्षण तथा थानाध्यक्ष विण्ढमगंज के नेतृत्व में थाना विण्ढमगंज पुलिस द्वारा त्वरित कार्रवाई करते हुए गुमशुदा युवक को मात्र 24 घंटे के भीतर सकुशल बरामद कर लिया गया। दिनांक 10.06.2026 को थाना विण्ढमगंज पर गुमशुदगी क्रमांक-05/2026 पंजीकृत की गई थी, जिसमें अंकित चौबे पुत्र उमाशंकर चौबे, उम्र लगभग 25 वर्ष, निवासी ग्राम पतरिहा, थाना विण्ढमगंज, जनपद सोनभद्र के घर से गढ़वा जाने की बात कहकर निकल जाने एवं वापस न आने के संबंध में सूचना प्राप्त हुई थी। प्रकरण की गंभीरता को देखते हुए थाना विण्ढमगंज पुलिस द्वारा तत्काल तलाश प्रारंभ की गई। दिनांक 11.06.2026 को उपनिरीक्षक नन्दकिशोर यादव मय पुलिस टीम द्वारा मुखबिर की सूचना के आधार पर गुमशुदा युवक को रेलवे स्टेशन विण्ढमगंज से सकुशल बरामद कर लिया गया।


**अमन लेखनी (हिन्दी दैनिक)**

स्वामी, प्रकाशक एवं मुद्रक श्रीमती अखिलेश सिंह द्वारा अवध एक्सप्रेस प्रकाशन, 434, सिविल लाइन, जेल रोड, उन्नाव, उत्तर प्रदेश से मुद्रित और ग्राम व पोस्ट-बनी, थाना- बन्थरा, लखनऊ-226401 (उ.प्र.) से प्रकाशित।

सम्पादक– श्रीमती अखिलेश सिंह

समाचार सम्पादक – रुद्र प्रताप सिंह

समाचार से संबंधित सभी विवादों का न्यायिक क्षेत्र लखनऊ होगा।

मो. – 9838159555, 9935457982

E-mail address amanlekhaninews@gmail.com

